YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-94 ❑ शनिवार, 07 मई 2022 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय कार्यालय को हाई स्पीड विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराए जाने का लिया गया महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक निर्णय। ग्राम सचिवालय भवन के 50 मीटर के दायरे में ग्रामीण जनों के लिए फ्री Wi-Fi की सुविधा होगी उपलब्ध।



केशव प्रसाद मौर्य

कांग्रेस ने धामी के खिलाफ निर्मला को चुनाव में उतारा 11

ज्यादातर रूसी बलों ने मारियुपोल छोड़ा : पेंटागन 12

## संक्षेप

### अनुदेशकों व रसोइयों का मानदेय बढ़ोत्तरी का आदेश जारी

**लखनऊ।** जूनियर स्कूलों में पढ़ा रहे अनुदेशकों व रसोइयों के मानदेय बढ़ोत्तरी का आदेश जारी कर दिया गया। समग्र शिक्षा अभियान की राज्य परियोजना निदेशक अनामिका सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि अनुदेशकों का मानदेय 11 महीने और रसोइयों का मानदेय 10 महीने के लिए होगा। अनुदेशकों का मानदेय 2000 रुपये बढ़ाकर 9000 रुपये और रसोइयों का मानदेय 1500 से बढ़ाकर 2000 रुपये किया गया है। रसोइयों को दो जोड़ी पैंट शर्ट या साड़ी के लिए 500 रुपये बैंक खाते में दिए जाएंगे।

### 354 उपनिरीक्षक से बने निरीक्षक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में तैनात 354 उपनिरीक्षक को पदोन्नति होकर निरीक्षक बनाये गए हैं। पुलिस मुख्यालय ने शुक्रवार को इसकी सूची जारी कर दी है। प्रदेश में बेहतर कानून एवं व्यवस्था को बनाये रखने के साथ ही साथ पुलिस विभाग में पदोन्नति भी हो रही है। इसी क्रम में उप्र पुलिस में तैनात 354 उपनिरीक्षक निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। डीआईजी स्थापना सर्वेश कुमार राना ने शुक्रवार को पदोन्नति पाने वाले उपनिरीक्षकों की सूची जारी कर दी है। बताया कि वरिष्ठता के आधार नियमानुसार यह पदोन्नति सूची जारी की गई है। सबसे खास बात यह भी है कि इन्हें अपनी वर्तमान पोस्टिंग के स्थान पर ही इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति दी जाती है। विदित हो कि बीते दिनों इंस्पेक्टर से सीओ के प्रमोशन की सूची जारी हुई थी। इसके बाद ही उपनिरीक्षकों की सूची जारी होनी थी।

### मुख्यमंत्री दो दिन के झांसी-ललितपुर के दौरे पर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार से दो दिन के लिए 7 व 8 मई को झांसी व ललितपुर के दौरे पर रहेंगे। वह सात मई को दोपहर लखनऊ से झांसी पुलिस लाइन के लिए रवाना होंगे। वहां आयुक्त सभागार में जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। उसके बाद झांसी मंडल के विकास व कानून-व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक में जालौन व ललितपुर के अधिकारी भी जुड़ेंगे। वह शाम को विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। शनिवार को सर्किट हाउस झांसी में रुकेंगे। रविवार आठ मई को मुख्यमंत्री दतिया मध्य प्रदेश जाएंगे। वहां मां पीतांबरा पीठ दतिया में पूजा-दर्शन करेंगे। उसके बाद जलजीवन मिशन योजना के तहत निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। साथ ही गुलारा ग्रामसभा पेयजल योजना झांसी का निरीक्षण करेंगे। वह ललितपुर में कचनौंदा बांध पेयजल परियोजना और जलजीवन मिशन योजना में निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। सुबह 11 बजे से पुलिस लाइन सभागार में जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। दोपहर करीब 12 बजे मुख्यमंत्री का ललितपुर में कथावाचक मोरारी बापू के कथास्थल जाने का कार्यक्रम है। जहां से वह दोपहर दो बजे के बाद लखनऊ लौटेंगे।

# अयोध्या की मलिन बस्ती में मनीराम के घर किया योगी ने सहभोज

एजेंसी

❑ मुख्यमंत्री ने अयोध्या में विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

❑ योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी व श्री रामलला का किया दर्शन-पूजन

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे उन्होंने सबसे पहले मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री बेगमपुरा स्थित दलित बसंती के आवास पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री ने मंत्रियों संग जमीन पर बैठकर भोजन किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बसंती का परिवार निहाल दिखा और उनके अभिनंदन में कोई कसर नहीं छोड़ी।

मुख्यमंत्री जैसे ही बसंती के घर पहुंचे परिजनों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्हें भोजन कराया। घर के एक कमरे में मुख्यमंत्री के भोजन की व्यवस्था की गई थी। जमीन पर आसन लगाया गया था जिस पर मुख्यमंत्रियों ने अपने मंत्रियों संग बैठकर भोजन किया। उनके लिए भोजन में लौकी, आलू मटर व तोरई की सब्जी, दाल, चावल, रोटी बनाई गई थी। उन्हें रायता व देशी गाय के दूध से बनी खीर भी परोसी गई। मुख्यमंत्री ने बड़े ही चाव से खाना खाया और कहा कि खाना बहुत अच्छा बना है। यह भी पूंछा कि खाना किसने बनाया है तो बसंती ने अपनी बेटी शीलम को आगे किया कहा कि महाराज जी



मेरी बेटी शीलम ने भोजन बनाया है।

उन्होंने बसंती व उनके पति मनीराम से पूंछा कि सारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो जवाब मिला कि सब कुछ मिल रहा है। मनीराम ने घर में बेरोजगारी की समस्या बताई तो मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया। बेटी की शादी को लेकर चर्चा की तो कहा कि शादी के लिए भी सरकारी योजना है उसका लाभ लीजिए, पूरी मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने करीब बीस मिनट तक बसंती के परिवार के बीच गुजारा। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बसंती के घर के आस-पास सफाई की बेहतर व्यवस्था रही। उनके आगमन से कुछ ही मिनटों पूर्व मुहल्ले की सड़क भी पानी से धुली गई। इस दौरान मंडल के प्रभारी मंत्री अरविंद शर्मा, मंत्री धर्मवीर प्रजापति, सांसद लल्लू सिंह, नगर विधायक वेद्रपकाश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आतिथ्य स्वीकार कर बसंती का परिवार गदगद था। बसंती के पति मनीराम ने बताया कि 2019-20 में उन्हें प्रधानमंत्री आवास मिला था। उनके चार बच्चे हैं दो लड़के व दो लड़कियां। दोनों लड़कें बेरोजगार हैं, एक पढ़ाई कर रहा है तो दूसरो पेंटर का काम करता है। जबकि लड़कियों में एक की शादी हो गई है, दूसरी की शादी में आर्थिक समस्या सामने आ रहा है। मनीराम ने बताया कि योगी जी ने उन्हें मदद का आश्वासन दिया है। बसंती ने कहा कि योगी बाबा तो हमारे लिए भगवान से कम नहीं हैं, हम टीन शेड में रहते थे, हमें उनकी कृपा से छत मिल गई है। मुख्यमंत्री के लिए भोजन बनाने वाली ● शेष पेज 11 पर

इलाहाबाद हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

# मस्जिद में लाउडस्पीकर मौलिक अधिकार नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित कर कहा है कि मस्जिदों पर लाउडस्पीकर का प्रयोग करना किसी का मौलिक अधिकार नहीं है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि यह कानून प्रतिपादित हो चुका है कि लाउडस्पीकर का मस्जिदों पर उपयोग करना संवैधानिक अधिकार नहीं है।

हाईकोर्ट के दो जजों की पीठ ने बदायूं के एक मामले में लाउडस्पीकर का उपयोग मस्जिद पर करने की मांग को लेकर दाखिल याचिका खारिज कर दी। याचिका दाखिल कर परगना अधिकारी तहसील, बिसौली, जिला बदायूं द्वारा पारित 3 दिसंबर 2021 के आदेश को चुनौती दी गई थी। जिसके द्वारा एसडीएम ने बदायूं के गांव धोरनपुर तहसील बिसौली में स्थित एक मस्जिद पर लाउडस्पीकर लगाकर अजान करने की मांग की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। याचिका दाखिल कर याची इरफान ने कहा था कि एसडीएम का आदेश पूर्णतया गलत एवं अवैध है। कहा गया था कि मस्जिदों पर लाउडस्पीकर लगाकर अजान करना नागरिकों का मौलिक अधिकार है और उसका हनन नहीं किया जा सकता। याचिका दाखिल कर एसडीएम द्वारा लाउडस्पीकर का उपयोग करने से मना करने व इसकी अनुमति न देने के 3 दिसंबर 2021 के आदेश को रद्द करने की मांग की गई थी। हाईकोर्ट के दो जजों की खंडपीठ जस्टिस वी के बिड़ला व जस्टिस विकास ने बुधवार को याचिका खारिज कर कहा कि अब यह सिद्धांत प्रतिपादित हो चुका है कि मस्जिदों पर लाउडस्पीकर का उपयोग मौलिक अधिकार नहीं है।



''मस्जिद में लाउडस्पीकर से अज़ान देना संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार की श्रेणी में नहीं आता है। अज़ान, इस्लाम का अभिन्न अंग तो है, लेकिन लाउडस्पीकर से अज़ान देना इस्लाम का हिस्सा नहीं है।'' **-इलाहाबाद हाईकोर्ट**

### धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाए जाने पर कहीं नहीं हुई हिंसा

**लखनऊ।** देशभर में धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर विवाद की वजह बने हुए हैं। ऐसे में सरकारों के सामने असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि वह धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर को हटाये या फिर रहने दें। लेकिन उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस पर बड़ी सूझबूझ के साथ कार्य किया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी धार्मिक स्थलों से जहां अतिरिक्त लाउडस्पीकर को हटाये, वहीं कुछ की आवाजों को भी कम किया है। इस कार्य के दौरान किसी भी जिलें में कहीं पर भी हिंसा की खबर नहीं आयी है। योगी सरकार के इस कार्य को लेकर राजनेता और धर्म गुरुओं ने तारीफ की है। उप्र पुलिस के मुताबिक, राज्य में अब तक धार्मिक स्थलों से करीब 53,942 अतिरिक्त लाउडस्पीकर हटाए जा चुके हैं। इतना ही नहीं 60,200 से ज्यादा लाउडस्पीकर की आवाजों को धीमा किया गया है। यह आकड़ा दो मई तक का है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) प्रशांत कुमार के मुताबिक,इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर प्रदेश में अतिरिक्त लाउडस्पीकर को हटाये जाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान किसी भी जिले में स्थिति न बिगड़े इस अभियान से पहले ही सभी धर्मों के गुरुओं से वार्ता कर ली गई थी। सरकार के इस कार्य की सराहना करते हुए स्वेच्छा से सभी धर्मों के लोगों ने धार्मिक स्थलों से अतिरिक्त लाउडस्पीकर को हटा लिया। 60,200 से ज्यादा लाउडस्पीकर की आवाजों को धीमा भी किया। ईद से पहले सरकार के आदेश पर पुलिस व जिला प्रशासन ने लाउडस्पीकर को हटाये जाने का अभियान तेजी से चलाया। प्रदेश के ● शेष पेज 11 पर

# वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की वीडियोग्राफी और सर्वे का कार्य शुरू

एजेंसी

वाराणसी। न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार अपरान्ह श्री काशी विश्वनाथ धाम से सटे ज्ञानवापी मस्जिद के विवादित परिसर में स्थित श्रृंगार गौरी और अन्य देव विग्रहों की वीडियोग्राफी और सर्वे का काम (कमीशन की कार्यवाही) शुरू हुआ। सिविल जज सीनियर डिवीजन अदालत से नियुक्त कोर्ट कमिश्नर वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने वादी पक्ष के 18 लोगों और प्रतिवादी पक्ष के मौजूदगी में नियमानुसार कमीशन कार्यवाही की।

याचिका दाखिल करने वाली पांचों महिलाओं के दिल्ली निवासी अधिवक्ता शिवम गौड़ ने मीडिया कर्मियों को बताया कि खसरा नंबर 9130 के सर्वे के लिए हाईकोर्ट ने आदेश दिए हैं। इस आदेश में पूरे खसरे के सर्वे का आदेश है। जिसमे



❑ अदालत से नियुक्त अधिवक्ता कमिश्नर 10 को पेश करेंगे वीडियोग्राफी और सर्वे संबंधित साक्ष्य

❑ सर्वे और वीडियोग्राफी के विरोध और समर्थन में जमकर नारेबाजी, हंगामा

सम्पूर्ण ज्ञानवापी मस्जिद परिसर और श्रृंगार गौरी समाहित है। ऐसे में इतने बड़े क्षेत्र के सर्वे में तीन दिन का समय लग सकता है और यह सर्वे रविवार तक पूरा होने की संभवाना है। अधिवक्ता कमिश्नर अपनी रिपोर्ट तय तिथि 10 मई को न्यायालय में दाखिल करेंगे। उधर, मस्जिद परिसर में वीडियोग्राफी और सर्वे के लिए जैसे ही अधिवक्ता कमिश्नर कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं के साथ ज्ञानवापी मस्जिद ● शेष पेज 11 पर

### यूपी के 23 पीसीएस अफसर जल्द बनेंगे आईएएस

लखनऊ। यूपी के 23 पीसीएस अफसर जल्द ही आईएएस के पद पर पदोन्नति पाएंगे। संघ लोक सेवा आयोग ने चयन वर्ष 2021 के लिए 23 रिक्तियां अधिसूचित कर दी हैं। इन रिक्तियों पर वर्ष 2000, 2002 और 2004 के पीसीएस अधिकारियों को पदोन्नति मिलेगी।

यूपी में चयन वर्ष 2020 की रिक्तियों के आधार पर पीसीएस अफसरों को आईएएस के पद पर पदोन्नति दी जा चुकी है। वर्ष 2021 के लिए रिक्तियां अधिसूचित करने का अनुरोध किया गया था। संघ लोक सेवा आयोग ने इसके आधार पर 23 रिक्तियां अधिसूचित की हैं। इन पदों पर पदोन्नति देने के लिए कुल 23 नामों पर विचार किया जाएगा। इनमें से 19 पदों पर खुले और चार नामों पर बंद लिफाफ़े के ● शेष पेज 11 पर

# 80 नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करेगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ प्रदेश में बिजली का आधारभूत ढांचा और होगा मजबूत

❑ 266.88 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का है लक्ष्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार बिजली के आधारभूत ढांचे को और मजबूत बनाएगी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। अगले पांच वर्षों में बड़ी क्षमता के 80 नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जाएंगे ताकि बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। साथ ही 266.88 लाख प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

प्रदेश की जनसंख्या बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बिजली की उपलब्धता के साथ आधारभूत ढांचे को उसके अनुरूप बनाना जरूरी है। इसके लिए प्रदेश सरकार अगले पांच वर्षों में 80 नए विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना करेगी। इसमें 756 केवी के दो, 400 केवी के 6, 220 केवी के 24 और 132 केबी के 48 उपकेंद्र बनाए जाएंगे। इससे कुल 173 बड़े ● शेष पेज 11 पर

# हिजबुल के शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के ऊपरी इलाके में अमरनाथ यात्रा मार्ग पर शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आंतकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के एक शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकवादी मारे गये।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा ह्ल अनंतनाग जिले के ऊपरी इलाके में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में हिजबुल के लिए काम करने वाले सबसे पुराने आतंकवादियों में से एक मोहम्मद अशरफ खान उर्फ मौलवी और उसके दो साथी मारे गये। पुलिस ने बताया कि पहलगाम के श्रीचंद टॉप पर आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिलने पर सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जैसे ही सुरक्षा बलों की टीम मौके पर पहुंची, आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर



दी। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई के बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गये। बताया जा रहा है कि मौलवी वर्ष 2016 से घाटी में सक्रिय था। पुलिस महानिरीक्षक ने ट्वीट में कहा हिजबुल के सबसे पुराने सक्रिय आतंकवादियों में से एक अशरफ खान उर्फ मौलवी अपने दो साथियों के साथ मारा गया।

गौरतलब है कि यह मुठभेड़ ऐसे समय में हो रही है, जब जम्मू-कश्मीर श्री अमरनाथ यात्रा की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। अमरनाथ यात्रा कोरोना महामारी के कारण दो वर्ष तक स्थगित रहने के बाद इस वर्ष फिर शुरू की जा रही है।

देश के सामने अगले 25 सालों में स्वर्णिम भारत के निर्माण का संकल्प : प्रधानमंत्री

# दुनिया अब भारत की तरफ बड़े भरोसे से देख रही है: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि वैश्विक शांति, वैश्विक समृद्धि, वैश्विक चुनौतियों के समाधान और वैश्विक आपूर्ति नेटवर्क के सशक्तिकरण को लेकर दुनिया अब भारत की तरफ देखने लगी है और बड़े भरोसे के साथ देख रही है।

श्री मोदी ने जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जिटो) कनेक्ट द्वारा आयोजित एक तीन दिवासीय सम्मेलन का वुर्चअली शुभारंभ करते हुये कहा कि यह सम्मेलन आजादी के 75वें वर्ष में, अमृत महोत्सव में हो रही है। यहां से देश आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। अब देश के सामने अगले 25 सालों में स्वर्णिम भारत के निर्माण का संकल्प है। आजादी के अमृत काल में तेज गति से विकास का मंत्र है। उन्होंने कहा अभी कल ही मैं यूरोप के कुछ देशों का भ्रमण करके और भारत के सामर्थ्य, संकल्पों को और आजादी के अमृतकाल में भारत में मौजूद अवसरों के संबंध में काफी कुछ विस्तार से अनेक लोगों से चर्चा करके लौटा हूं और मैं ये कह सकता हूं कि जिस तरह का आशावाद, जिस तरह का विश्वास आज भारत के प्रति खुलकर के सामने आ रहा है। आप भी विदेशों में जाते हैं और आप में से जो विदेशों में बसे हैं, आप सब भी अनुभव करते हैं। हर हिन्दुस्तानी को चाहे दुनिया के किसी भी छोर पर हो या हिंदुस्तान के किसी कोने पर हो, हर भारतीयों को आज गौरव महसूस हो रहा है। हमारे आत्मविश्वास को भी इससे एक नई ऊर्जा मिलती है, नई ताकत मिलती है। आज भारत के विकास के संकल्पों को दुनिया अपने लक्ष्यों की प्राप्ति का माध्यम मान रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में राजनीति से जुड़े हुए लोग हों, नीति निर्माण से जुड़े लोग हों या फिर आप जैसे जागरूक समाज के नागरिक या बिजनेस कम्युनिटी के लोग हों, विशेषज्ञा और चिंतायें चाहे जो भी हों, विचारों में चाहे जितनी भी भिन्नता हो, लेकिन नए भारत का उदय सभी को जोड़ता है। आज



सभी को लगता है कि भारत अब संभावनाओं और क्षमताओं से आगे बढ़कर वैश्विक कल्याण के उद्देश्य के साथ प्रदर्शन कर आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने कहा कि बीते 8 सालों में साफ नीयत, स्पष्ट इरादों और अनुकूल नीतियों के मंत्र पर चलते हुए स्थितियों में परिवर्तन जो आ रहा है, वो हम रोजमर्रा की जिंदगी में अनुभव कर रहे हैं। आज देश कौशल, व्यापार और प्रौद्योगिकी को जितना हो सके, उतना ज्यादा प्रोत्साहित कर रहा है। आज देश हर रोज दर्जनों स्टार्ट अप रजिस्टर कर रहा है, हर हफ्ते एक यूनिकॉर्न बन रहा है। हजारों कंप्लायंस खत्म करके, जीवन को आसान बनाना, जीविका को भी आसान बनाना, बिजनेस को भी आसान बनाने, एक के बाद एक ये कदम हर हिंदुस्तानी के गर्व को बढ़ाते हैं। आज भारत में कर व्यवस्था फ़ेसलेस है, ट्रांसपेरेंट है, ऑनलाइन है, एक राष्ट्र एक कर है। देश मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए लाखों करोड़ रुपए के उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम को चला रहा है। उन्होंने सरकारी खरीद की प्रक्रिया को पारदर्शिता का सबसे उत्तम उदाहरण बताते हुये कहा कि जब से सरकार ई मार्केट प्लेस जीईएम पोर्टल अस्तित्व में आया है, सारी खरीद एक प्लेटफॉर्म पर सबके सामने होती है। अब दूर-दराज के गांव के लोग, छोटे दुकानदार और स्व सहायता समूह सीधे सरकार को अपना उत्पाद बेच सकते हैं। यहां ऐसे लोग हैं, जिनके डीएनए में व्यापार है। कुछ न कुछ व्यापार की प्रवृत्ति करते रहना, ये आपके स्वभाव में और संस्कार में है। उन्होंने जिटो से जीईएम पोर्टल की स्टडी करने की अपील करते हुये कहा कि इस पोर्टल पर विजिट कीजिए और आपके क्षेत्र में ऐसी कोई चीज है, जिसकी सरकार को जरूरत है और सरकार खरीदने के लिए आसानी से उनके पास पहुंच सकती है। आप बहुत लोगों की एक मदद कर सकते हैं। पोर्टल पर 40 लाख से अधिक विक्रेता जुड़ चुके हैं। इनमें से अधिकतम एमएसएमई हैं। 10 लाख विक्रेता सिर्फ पिछले 5 महीने में ही जुड़े हैं। आत्मनिर्भर भारत हमारा रास्ता भी है और हमारा संकल्प भी है और ये किसी सरकार का नहीं 130 करोड़ देशवासियों का है। बीते सालों में हमने इसके लिए हर जरूरी कदम उठाए, माहौल को सकारात्मक बनाने के लिए निरंतर परिश्रम किया है। देश में बन रहे सही वातावरण का सदुपयोग कर, संकल्पों की सिद्धि की कमान अब आप जैसे साथियों पर है। आपसे विशेष अपेक्षा है कि आप स्थानीय ● शेष पेज 11 पर

# प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था बुरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और सत्ता के संरक्षण में गुण्डाराज व्यवस्था लागू है। मुख्यमंत्री योगी का एंटी रोमियो स्क्वाड तो कहीं दिखता नहीं, बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। छात्राओं का स्कूल-कॉलेज जाना खतरे से खाली नहीं हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी की प्रशासन तंत्र पर पकड़ लगातार ढीली होने से वर्दीधारी खुद दरिन्दे बन रहे हैं। सुरक्षा और न्याय दिलाने वाला कोई नहीं है। नारी शक्ति से अपराध, अत्याचार करने वालों पर क्यों नहीं चलते बुलडोजर? शहर से देहात तक बेटियों का जीना दूभर हो गया है। शासन प्रशासन तंत्र में संवेदना का अभाव है। उत्तर प्रदेश में अपराध सरेआम हो रहे हैं। सुबह-सायं वारदातें हो रही है। थाने अपराध और अन्याय के अड्डे बन गए हैं। मित्रपुलिस के कारनामें डरावने हैं। फतेहपुर में रेप के एक दिन बाद पीड़ित दलित लड़की ने आत्महत्या कर ली। शाहजहांपुर में शादी समारोह में आईजी-डीआईजी हैं जबकि चंद दूरी पर हिस्ट्रीशीटर ने फल विक्रेता को गोली मार कर हत्या कर दी। मेरठ में अपहरण के बाद किशोर की हत्या कर दी गई।



श्री यादव ने आगे कहा कि ललितपुर के महरौनी थाने में चोरी के शक में महिला को निर्वस्त्र कर पीटा गया। बाराबंकी में बारात देखने गई बच्ची का शव मिला। राजधानी लखनऊ के माल क्षेत्र से लापता बच्चे का 20 दिन बाद भी सुराग नहीं मिला। ललितपुर में दुष्कर्म के आरोपी एसओ को वीआईपी सुविधाए मुहैया कराई जा रही है। इसी से अंदाजा लगता है कि मुख्यमंत्री किसी बेटी को कितना न्याय दिला पाएंगे? भाजपा का यही इतिहास रहा है कि वह अपराधी तत्वों को सत्ता का संरक्षण देकर पालती है। सर्वाधिक विधायक अपराधी भाजपा के ही हैं। सच तो यह है कि भाजपा सरकार ने पुलिस का राजनीतिक दुरूपयोग कर इंसाफ को थानों में गिरवी रख दिया है। ऐसी सरकार से न्याय की अपेक्षा करना बेमानी है। लोकतंत्र में मर्यादा, राजधर्म और शुचिता होती है, लेकिन भाजपा शासनकाल में सब खत्म हो चुका है।

# चन्दौली और ललितपुर कांड की सीबीआई जांच हो : संजय सिंह

## घटना के विरोध में 7 मई को सभी जिला मुख्यालयों पर आप करेगी प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ /वनारस। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि जब से योगी सरकार सत्ता में आयी हैं, यूपी पुलिस के नित्य नये कारनामें सामने आ रहें हैं। अभी ताजे घटनाक्रम में चन्दौली और ललितपुर में पुलिसियां अपराध के मामले सामने आये हैं। चन्दौली पीड़ित परिवार से मिलने जा रहें सांसद संजय सिंह वाराणसी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि चन्दौली और ललितपुर में सीधे-सीधे अपराध में शामिल पुलिसवालों की जाँच खुद पुलिसवालें करेंगें तो न्याय मिलने में संदेह हैं। दोनों घटनाओं की जांच हाइकोर्ट की निगरानी में सीबीआई से करने की मांग पार्टी करती है। उन्होंने पुलिस पर हत्या के प्रयास नहीं, हत्या के मुकदमें की मांग करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के तत्काल गिरफ्तारी की मांग की हैं।

संजय सिंह ने यूपी के योगी सरकार पर निशाना लगाते हुए प्रयाजराज में 02-02 परिवारों के सामूहिक हत्याकांड पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि परिवार का परिवार साफ कर दिया जाता हैं और योगी जी बुलडोजर चलवाकर वाह-वाही लूटने में व्यस्त रहते हैं जबकि उनके थानों में न्याय मांगने वालों के साथ दुराचार किया जाता हैं। उन्होंने प्रयागराज में पीड़ित परिवार राहुल तिवारी और सुनील यादव के मामले को फास्टट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग की।



उन्होने बिजली संकट पर सरकार के नियत पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि देश मे कोयले का प्रायोजित संकट खड़ा करके कहा जा रहा है कि कोयला विदेशों से खरीदा जायेगा और उपभोक्ताओं को बिजली का प्रति यूनिट 01 रुपया ज्यादा देना होगा। जबकि कोल इंडिया कंपनी का बयान हैं कि इस बार 27 प्रतिशत ज्यादा कोयले का उत्पादन हुआ हैं।

यूपी की आदित्यनाथ सरकार कृतिम बिजली संकट के बीच मांग ज्यादा दिखाकर अडानी,टाटा,एस्सार से 20 रुपये से 32 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीदती हैं और उसका भुगतान जनता को करना पड़ता हैं।

### 1 जुलाई से शुरू होंगी तिरंगा शाखा

संजय सिंह ने बताया कि 1 जुलाई से सम्पूर्ण प्रदेश में 10 हजार तिरंगा शाखा लगाया जायेगा। शाखा में देश निर्माण में महापुरुषों के योगदान की चर्चा की जायेंगी और राष्ट्र के विकास में किस प्रकार हमारी भूमिका हो सकती हैं, इस पर बात होंगी।

# गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए मंत्री संजय निषाद ने प्रवाहित की 40 हजार मछलियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर। कैबिनेट मंत्री, मत्स्य, डॉ. संजय निषाद ने शुक्रवार को अटल घाट गंगा नदी में गंगा को निर्मल बनाने व मत्स्य संरक्षण हेतु 80 से 100 मिली मी. की 40 हजार मछलियों को प्रवाहित किया। उन्होंने गंगा नदी में मछलियों को प्रवाहित करते हुये कहा कि ये विभिन्न प्रकार की मछलियां गंगा में हानिकारक शैवाल को खाकर गंगा को स्वच्छ बनाने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि रोहू, कतला, नैन प्रजातियों की मछलियां नदी के तल में जमा कचरे को साफ करती है और इसके साथ ही मत्स्य संपदा को बढाती है। संजय निषाद ने कहा कि मत्स्य संपदा में बढोतरी होने से मछुआ समुदाय के लोगो को मत्स्य पालन के साथ लाभ भी प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि रोहू मछली पानी के ऊपरी सतह सरफ़ेस फीडर में मौजूद असुद्धियो को खाती है, कतला मछली पानी के बीच की गन्दगी को खाकर नष्ट करती तथा नैन मछली पानी की निचली सतह में रहकर गन्दगी को खत्म करती है और जो भी गैसे आदि कचरे में दबी होती है उन्हें नष्ट करती है। उन्होंने मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत मत्स्य पालको को निःशुल्क रुपये 5 लाख की धनराशि की दुर्घटना बीमा योजना की जानकारी देते हुये कहा कि मत्स्य पालक इस योजना का लाभ प्राप्त करे। उन्होंने डीएवी कालेज में मत्स्य संपदा सेक्टर के डिप्लोमा प्रशिक्षणार्थियों से संवाद करते हुये मत्स्य पालन सेक्टर को और उपयोगी बनाये जाने तथा वैज्ञानिकों से मत्स्य पालन व मत्स्य संपदा को और बेहतर तथा उपयुक्त बनाने के लिये सुझाव प्राप्त किये। जिससे की मत्स्य पालन को बढावा देने के साथ और अधिक लोगो को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।कार्यक्रम में उप निदेशक मत्स्य डा. नूरुल हक, सहायक निदेशक मत्स्य श्री एन0के0 अग्रवाल, नमामि गंगे के सचिव, प्रभागी वन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# धर्म स्थल अधिनियम 1991 का उल्लंघन है ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर सर्वे का आदेश : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। श्रंगार गौरी मंदिर मामले में बनारस के ज्ञानवापी परिसर के अंदर सर्वे और वीडियोग्राफी के आदेश को अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने राजनीतिक और स्थापित कानून के विरुद्ध फैसला क़रार देते हुए इसे बनारस का माहौल बिगाड़ने के लिए न्यायपालिका के एक हिस्से के दुरूपयोग का उदाहरण बताया है।

कांग्रेस मुख्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में शाहनवाज़ आलम ने कहा कि बनारस के ज्ञानवापी मस्जिद को दूसरा बाबरी मस्जिद बना कर पूर्वांचल का माहौल बिगाड़ने की कोशिश आरएसएस लम्बे समय से कर रही है। इस खेल में उसने न्यायपालिका के एक हिस्से को भी शामिल कर लिया है जो सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट तक के फैसलों की अवमानना करने से नहीं हिचक रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वे और वीडियोग्राफी का यह आदेश 1991 के पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का उल्लंघन है जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि 15 अगस्त 1947 तक धार्मिक स्थलों का जो भी चरित्र था वो यथावत रहेगा, इसे चुनौती देने वाली किसी भी प्रतिवेदन या अपील को किसी न्यायालय, न्यायाधिकरण (ट्रीब्युनल) या प्राधिकार (ऑथोरिटी) के समक्ष स्वीकार ही नहीं किया जा सकता।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि इससे पहले भी तत्कालीन जिला जज आशुतोष तिवारी ने 9 अप्रैल 2021 को पूजा स्थल अधिनियम 1991 का उल्लंघन करते हुए मस्जिद की एएसआई से खुदाई का आदेश दे दिया था। जिसे मुस्लिम पक्ष ने हाई कोर्ट में चुनौती देने की बात की थी। जब न्यायपालिका के एक हिस्से के सहयोग से संघ का यह प्लान फ़ेल हो गया तो फिर उसी याची के माध्यम से श्रृंगार गौरी के पूजा का मामला उठाया गया। जिसे जज ने न सिर्फ़ स्वीकार कर लिया बल्कि मांग से ज़्यादा आगे बढ़ कर मस्जिद परिसर के अंदर सर्वे और वीडियोग्राफी कर मंदिर के प्रमाण जुटाने का आदेश भी दे दिया। जो एक बार फिर पूजा स्थल अधिनियम 1991 का खुला उल्लंघन है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार ने क़ानूनों का उल्लंघन करने और अपने पक्ष में फैसले देने के एवज में इनामों की घोषणा कर रखी है और ज़िला जज से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक के जज इस प्रतियोगिता में शामिल हो गए हैं। इसी स्कीम के तहत बाबरी मस्जिद विध्वंस के आरोपीयों आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती को बरी करने वाले जज सुरेंद्र यादव को सरकार ने उपलोक आयुक्त बना दिया गया था। उन्होंने कहा कि न्यायप्रिय जजों और अवाम को अदालत के राजनीतिक इस्तेमाल के खिलाफ़ मुखर होना होगा नहीं तो लोग सत्ता पक्ष की कठपुतली बन चुके न्यूज़ चैनल के ऐंकरों और जजों में फर्क नहीं कर पाएंगे।

# प्रथम पुण्यतिथि पर याद किए गए किसान नेता चौ. अजित सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी व किसान नेता चौ. अजित सिंह की प्रथम पुण्यतिथि रालोद के सभी जिला मुख्यालयों पर श्रद्धापूर्वक मनाई गयी। सभी जनपदों में हवन पूजन, फल वितरण एवं विचार गोष्ठी इत्यादि का आयोजन कर अपने प्रिय नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर राजधानी स्थित प्रदेश मुख्यालय पर चौधरी अजित सिंह के चित्र पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर व हवन पूजन कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय महासचिव शिव करन सिंह ने कहा कि अभी तक केन्द्र सरकार की किसी भी कैबिनेट में चौधरी साहब जैसा योग्य मंत्री नहीं रहा जिसने अपने कार्यकाल में किसानों के दुख दर्द को राष्ट्रीय पटल पर उठाया और उसका निवारण किया हो। चौधरी अजित सिंह किसानों के दुख दर्द के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे ने कहा कि किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जलाई हुयी मशाल को लेकर चौधरी अजित सिंह आजीवन चलते रहे तथा किसानों, मजदूरों, कामगारों और समाज के अन्तिम व्यक्ति तक के दुख दर्द में राहत पहुंचाने का भरसक प्रयत्न किया।



टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने कहा कि चौधरी साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उन्हें किसान संघर्ष का प्रतीक बताया। वरिष्ठ नेता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने बताया कि विचार गोष्ठी में सभी वक्ताओं ने चौधरी अजित सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने अपने विचार व्यक्त किये और उनके रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शिव करन सिंह, राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे, सहित टीम आर0एल0डी0 के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा, सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, वसीम हैदर, संतोष यादव एडवोकेट, आरिफ महमूद, रोहित अग्रवाल, डॉ0 यज्ञदत्त शुक्ल, मनोज सिंह चौहान, एम0ए0 आरिफ, बी0एल0 प्रेमी, रमावती तिवारी आदि ने श्रद्धांजलि दी।

# 150 हाईटेक नर्सरी की स्थापना का कार्य करें प्रारम्भ : केशव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रदेश के अंदर 150 हाईटेक नर्सरी की स्थापना का कार्य 100 दिन के अंदर अनिवार्य रूप से प्रारंभ कर दिया जाए एवं प्रत्येक जनपद में फलों एवं चयनित सब्जियों को उगाने के लिए दो हाईटेक नर्सरी की स्थापना की जाए। प्रत्येक नर्सरी की लागत लगभग एक करोड़ होगी और एक नर्सरी में लगभग 15 लाख पौधे तैयार होंगे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाइटेक नर्सरी का निर्माण उद्यान विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप इजराइली तकनीक के अनुसार किया जायेगा। योजनान्तर्गत निर्मित हाइटेक नर्सरी का रख रखाव राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के क्लस्टर लेविल फ़ेडरेशन के माध्यम से किया जायेगा। महात्मा गाँधी नरेगा योजना एवं उद्यान विभाग के तकनीकी सहयोग व मार्गदर्शन में उद्यान विभाग प्रोजेक्ट इम्प्लीमेन्टेशन एजेंसी के रूप में हाइटेक नर्सरी बनेगी। योजनान्तर्गत स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों एवं आस पास के क्षेत्रों में मांग के अनुसार फल अनार, कटहल, नींबू, आम व अमरुद आदि एवं सब्जी उगाने हेतु प्रत्येक जनपद में दो नर्सरी का निर्माण किया जाना है। हाइटेक नर्सरी का निर्माण सामुदायिक एवं व्यक्तिगत भूमि पर किया जा सकता है। मनरेगा योजना के अंतर्गत नर्सरी का निर्माण स्वयं सहायता समूह, विलेज आर्गनाइजेशन, कलस्टर लेवल फ़ेडरेशन के सदस्यों के सामूहिक रूप से अवस्थित जमीन विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार पर किया जायेगा। नर्सरी के निर्माण हेतु पौध तथा उन्नतशील बीज उद्यान विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। हाइटेक नर्सरी के निर्माण हेतु उद्यान विभाग के प्राक्कलन के अनुसार एक हेक्टेयर से चार हेक्टेयर का क्षेत्रफल अनुमन्य एवं आवश्यक है। उद्यान विभाग के प्राक्कलन के अनुसार हाइटेक प्रत्येक नर्सरी की औसत लागत लगभग एक करोड़ आएगी। योजनान्तर्गत निर्मित हाइटेक नर्सरी से प्रत्येक वर्ष 12 लाख से 16 लाख शाक भाजी, फल, औषधीय आदि पौधों का उत्पादन किया जा सकेगा।

### 700 किलोग्राम लहन, भट्ठी व शराब बनाने के उपकरण बरामद

**हरदोई।** जनपद हरदोई में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर के नेतृत्व में आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना शाहाबाद की कांशीराम कालोनी व खेड़ा बी बी जी कंजड़पुरवा में दबिश दी गई। दबिश दौरान तलाशी मे लगभग 80 लीटर कच्ची शराब एवं लगभग 700 किलोग्राम लहन, भट्ठी व शराब बनाने के अन्य उपकरण बरामद किए गए। शराब एवं उपकरणों को कब्जे में लेते हुए लहन को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। सुलेख पुत्र जगदीश प्रसाद को जेल भेजते हुए 4 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये। दबिश दौरान आबकारी निरीक्षक शाहाबाद नेहा सिंह मय आबकारी स्टाफ एवं थाना शाहाबाद से थानाध्यक्ष सुरेश कुमार मिश्र मय पुलिस टीम उपस्थित रहे। आबकारी निरीक्षक शाहाबाद नेहा सिंह ने कहा कि शाहाबाद क्षेत्र में कच्ची शराब का काम किसी कीमत पर नही होने दिया जाएगा और जो भी कच्ची शराब बनाने का प्रयास करेगा उसे जेल की हवा खानी पड़ेगी।

### एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**हरदोई।** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन हरदोई में शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी ने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई। एसपी के निर्देश पर अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई, ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को निर्देशित किया व अन्य महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन के वार्षिक निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय,शस्त्रागार, बैरक, एमटी शाखा, आरटीसी मेस व कर्मचारी मेस आदि को चेक किया। आदेश कक्ष में गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान सीओ लाइन श्री विकास जायसवाल , प्रतिसार निरीक्षक तथा पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चरागाह की लगभग 8 हे0 भूमि कब्जे से कराई गयी मुक्त

**हरदोई।** उप जिलाधिकारी संडीला देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया है कि आज विकासखंड संडीला के ग्राम गंगऊ में प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चरागाह की लगभग आठ हे0 भूमि कब्जे से मुक्त कराई गई। उन्होंने बताया कि अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर ट्रैक्टर के द्वारा जुताई कराई गयी। मुक्त कराई गई भूमि पर गोवंश के लिए चारा बुबाई का कार्य विकासखंड के माध्यम से शीघ्र कराया जाएगा।

### अवैध शराब के साथ 4 गिरफ्तार

**हरदोई।** जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक नेहा सिंह ने शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में पुलिस व आबकारी टीम के साथ मिलकर ताबड़तोड़ छापेमारी कर करीब 80 लीटर कच्ची शराब बरामद कर भारी मात्रा में लहन को नष्ट किया।वही मौके पर से शराब बनाते हुए 4 लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की।

### योगी सरकार ने उप्र का जीडीपी बढ़ा कर राज्य की आर्थिक सेहत सुधारी : औलख

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के कृषि राज्यमत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा है कि प्रदेश के इतिहास में दोबारा वापसी करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की योगी सरकार ने हर योजना को जनता तक पहुंचा कर ही यह इतिहास रचा है और इसमें प्रदेश का सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) को बढ़ा कर राज्य की आर्थिक सेहत सुधारना भी शामिल है। राज्यमंत्री औलख ने शुक्रवार को यहां भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में पहली बार गरीब को लगा कि उसका भी घर बन सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब विकास और सुधार की बात होती है। औलख ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान विपक्ष ने जमकर भाजपा सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार किया, लेकिन जनता ने समूचे विपक्ष को नकार दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता प्राप्त करना प्रतिष्ठा का विषय नहीं, जनता के विश्वास पर खरा उतरना बड़ी चुनौती थी। योगी सरकार ने बिना भेदभाव के आम जन तक गरीब कल्याण की योजनाएं पहुंचाई हैं। सपा-बसपा की सरकार में गरीबों के विकास के लिए कोई योजना नहीं थी। औलख ने कहा कि आज प्रदेश दंगा मुक्त है। अब वंशवाद और जातिवाद की राजनीति नहीं चलेगी।

# उत्तराखंड का इनामिया बदमाश चढ़ा हरदोई पुलिस के हत्थे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरदोई। हरदोई पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी हाथ लगी जब उसने एसटीएफ की टीम के साथ मिलकर एक मोस्ट वांटेड इनामिया अपराधी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

इस संदर्भ में प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया की एसटीएफ व हरदोई पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में उत्तराखण्ड से फरार 25,000 रूपये का इनामी अन्तर्राज्यीय दुर्दांत अपराधी सचिन सक्सेना को पुलिस मुठभेड़ में अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया इनामिया आरोपी उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के खटीमा थानाक्षेत्र के ग्राम शिवकालोनी नावगवां का रहने वाला है जिसने हाल ही में नानकमत्ता में एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया था जिसके बाद से उत्तराखंड पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। उत्तराखंड पुलिस से बचने के लिए इनामिया सचिन यूपी भाग आया था लेकिन वह हरदोई पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने अब इनामिया अपराधी सचिन को जेल भेजने की कार्यवाही शुरू कर दी है। पकड़ा गया सचिन नानकमत्ता लूट के साथ साथ राजधानी लखनऊ में भी कई लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुका है।



# जन समस्याओं का निस्तारण शीघ्रता से गुणवत्ता युक्त किया जाये : राकेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरदोई। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम मे आयोजित चौपालों की श्रंखला मे तहसील सवायजपुर के विकास खण्ड साण्डी के ग्राम चौसार के जूनियर हाईस्कूल मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी राकेश सिंह ने की। चौपाल मे ग्राम प्रधान के अतिरिक्त काफी संख्या मे ग्रामवासी भी उपस्थित थे। ग्राम चौपाल मे राजस्व विभाग के अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल के अतिरिक्त खण्ड विकास अधिकारी साण्डी, ग्राम विकास अधिकारी थानाध्यक्ष अरवल के साथ-साथ सीडीपीओं एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।चौपाल मे उप जिलाधिकारी सवायजपुर मे ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना तथा शासन तथा प्रशासन द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारें मे विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि प्रशासन आपके साथ है इसी उद्देश्य से जनपद मे ग्राम चौपाल आपके गांव आपके द्वार लगायी जा रही है ताकि आपकी समस्याओं को सुनकर उसका निस्तारण शीघ्रता से गुणवत्ता युक्त किया जा सकें। इस जन चौपाल मे मौके पर पांच शिकायते प्राप्त हुयी जिसमे से दो शिकायतें राजस्व विभाग की दो शिकायते पूर्ति विभाग एवं एक शिकायत विकास विभाग से सम्बन्धित प्राप्त हुयी जिसे सम्बन्धित अधिकारियों को उपलब्ध कराते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा एक शिकायत चकरोड़ का मौके पर ही पैमाइश कर सीमांकन करते हुये निस्तारण किया गया।



# अतिक्रमण पर चला एलडीए का बुलडोज़र, 20 करोड़ की ज़मीन मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विकास प्रधिकरण द्वारा शुक्रवार को जानकीपुरम में अभियान चलाकर अवैध कब्जे व अतिक्रमण ध्वस्त किये गए। अधिशासी अभियंता के.के बंसला ने बताया कि जानकीपुरम के जे-ब्लॉक में स्थित हेल्थ सेन्टर के लगभग 3500 वर्गमीटर के प्लॉट और 400 वर्गमीटर के व्यावसायिक प्लॉट पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से झुग्गी-झोपड़ी डाल कर अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसे शुक्रवार को अभियन्त्रण जोन 4 के स्टॉफ ने प्राधिकरण पुलिस बल एवं स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराए गए उक्त दोनों भूखण्डों की कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके अलावा जनेश्वर एनक्लेव अपार्टमेंट के सामने नहरिया रोड पर कुछ लोगों द्वारा जगह-जगह अवैध रूप से कब्जा करके सर्विस सेन्टर एवं दुकानें इत्यादि बना लिए गए थे। इन अवैध अतिक्रमणों के कारण सड़क पर यातायात प्रभावित होता था और स्थानीय लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता था। शुक्रवार को प्राधिकरण द्वारा कार्यवाही करते हुए नहरिया रोड से यह समस्त अवैध कब्जे हटा दिये गए। इस मौके पर सहायक अभियन्ता विपिन त्रिपाठी, अवर अभियंता आर.के शर्मा, राकेश गुप्ता और सरोज कुमार मौजूद रहे।

## शारदानगर योजना में अवैध निर्माण सील किया गया

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लगतार अवैध निर्माण पर शिकंजा कसा जा रहा है शुक्रवार को शारदानगर योजना में हो रहे एक अवैध निर्माण को सील किया गया। प्रवर्तन जोन 2 के जोनल अधिकारी डी.के सिंह ने बताया कि थाना आशियाना के अन्तर्गत शहनवाज़, सरफराज व मोहम्मद आजम द्वारा शहीद नगर राजवंश रेजीडेन्सी के पास शारदा नगर योजना पर लगभग 300 वर्गमीटर भूखण्ड पर बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये लोअर ग्राउण्ड फ्लोर पर अनाधिकृत निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसे शुक्रवार को प्राधिकरण के सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में प्रवर्तन जोन 2 के अभियन्ताओं बिजेन्द्र सिंह, संजय मिश्रा एवं वीरेन्द्र प्रताप मिश्रा द्वारा थाना आशियाना की पुलिस बल व प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से सील कर दिया गया।

# मासूमो का नवभारत पार्क बना हुड़दंग का अड्डा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी के नादान महल रोड पर लाखों रुपया खर्च कर बनाई गई बच्चों के लिए नवभारत पार्क शायद जल्द ही लखनऊ नगर निगम की लापरवाही की भेंट चढ़ जाएगी इसकी आहट इस पार्क में कुछ हुड़दंगियों द्वारा पहले से ही दे दी गई। दरअसल लखनऊ नगर निगम जोन 2 के अंतर्गत आने वाले नादान महल रोड पर एलडीए द्वारा हाल ही में एक भूमिगत पार्किंग बनाई गई है जिसकी ऊपरी सतह पर बच्चों के खेलने के लिए एक सुंदर सी पार्क का निर्माण भी किया गया है जिससे कि यहां मासूम बच्चे आकर झूलों का लुत्फ उठा सकें। इस पार्क में लाखों रुपए के टेंडर तो पास कर दिए गए किंतु लाखो खर्च कर बनाई गई इस पार्क के रख रखाव व सुरक्षा के लिए किसी भी सुरक्षाकर्मी को नियुक्त नहीं किया गया है जिससे कि यहां पर हुड़दंगियों का बोलबाला है। यह पार्क सौद्रीयकरण के बाद दो सप्ताह पूर्व ही छोटे बच्चों के लिए खोला गया था किन्तु मासूम बच्चों की इस पार्क को हुड़दंगियों ने क्रिकेट का मैदान व पतंगबाजी का अड्डा बना लिया है । जहां पतंगबाज़ खतरनाक मंझे की पतंग उड़ाते हैं और इन्ही मासूमो के बीच क्रिकेट मैच भी खेलते हैं जिससे कि मासूम बच्चे चोटहिल हो सकते हैं । नियम अनुसार पार्क में क्रिकेट मैच खेलने व पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध होता है किंतु ऐसा करने वालों को रोकने के लिए एक सुरक्षाकर्मी की भी जरूरत होती है जो कि नगर निगम द्वारा पार्क में तैनात नहीं किया गया है। अब ऐसे में सवाल ये उठता है कि यदि पतंगबाजी व क्रिकेट मैच के दौरान किसी बच्चे के साथ कोई हादसा हो गया तो उसका जिम्मेदार आखिर कौन होगा और हुड़दंगियों के हुड़दंग से जो आए रोज़ यहां पर मारपीट की घटनाएं होंगी वह भी आने वाले समय में स्थानीय पुलिस के लिए सिरदर्द साबित होंगी।

# राजधानी पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ को बहुत जल्द मिलेगी एक और नये थाना की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।राजधानी पुलिस कमिश्नरेट में बहुत जल्द एक और नये थाना की बढ़ोतरी होगी।लखनऊ कमिश्नरेट के दक्षिणी जोन में काकोरी थाना की घुरघरी का तालाब पुलिस चौकी को जल्द ही थाने का द़र्जा मिल सकता है।इसके लिए विभाग द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई है।नया थाना काकोरी,बंथरा,सरोजनीनगर के क्षेत्रफल को मिला कर नया थाना बनाने के लिए बायोडाटा एकत्रित किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट दक्षिणी के काकोरी कोतवाली के अंतर्गत मोहान रोड पर घुरघरी का तालाब पुलिस चौकी को अब नई कोतवाली बनाने की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है।इसके लिए पुलिस के पास यहां पर करीब 36 बीघा जमीन भी विभाग की सुरक्षित है।जिस पर नये थाने का निर्माण होगा।साथ ही यहां पर एसीपी काकोरी का कार्यकाल व आवास एवं अन्य आवास बनने के साथ ही नई पुलिस लाइन भी बनाई जा सकती है।पुलिस सूत्रों का कहना है कि इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है।नया थाना बनाने की फाइल भी खुल गई है।नया थाना के क्षेत्रफल में काकोरी की घुरघरी का तालाब,मौंदा पुलिस पुलिस के अलावा सरोजनीनगर व बंथरा कोतवाली के कुछ क्षेत्र फल को मिला कर बनाया जा सकता है।विभाग के द्वारा इसके लिए नया थाना बनाने के लिए बायोडाटा एकत्रित कराया जा रहा है।यह प्रक्रिया पूरी होने पर जल्द ही नए थाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। इस सम्बंध में अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि घुरघरी का तालाब पर पुलिस विभाग के पास पर्याप्त जमीन है।जिस पर एक नया थाना बनाने के साथ ही पुलिस कमिश्नरेट दक्षिणी की पुलिस लाइन सहित अन्य कार्यालय बनाने का विचार विमर्श किया जा रहा है।जिससे विभाग की जमीन का सदुउपयोग हो सके।जमीन की जल्द ही नपाई कराई जाएगी।'

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों की बैठक संपन्न

गोसाईंगंज लखनऊ । गोसाईंगंज ब्लाक कार्यालय के सभागार कक्ष में क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानो की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा (डिम्पल) द्वारा की गई। श्री वर्मा द्वारा बैठक में पहुंचने वाले ग्रह प्रधानो और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित किया गया। इसमें पूरे क्षेत्र के डेवलपमेंट की चर्चा की गई साथ ही उसके क्रियान्वयन का खाका भी खींचा गया।इस बैठक की अध्यक्षता मोहनलालगंज के विधायक अमरेश कुमार रावत ने की।इस बैठक में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के कार्मिक विभाग के हित निरीक्षकों एवं मुख्य कार्यालय अधीक्षकों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसम्पर्क विभाग के द्वारा बताया गया कि प्रमुख कार्यकारी निदेशक, एचआर रेलवे बोर्ड वीजी भूमा ने शुक्रवार को मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय सभागार में पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन शिशिर सोमवंशी, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी एवं समन्वय, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी प्रथम एवं उत्तर रेलवे लखनऊ की वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी तथा उत्तर रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के कार्मिक विभाग के हित निरीक्षकों एवं मुख्य कार्यालय अधीक्षकों के साथ बैठक कर कर्मचारी कल्याण हेतु एचआरएमएस कार्य प्रणाली, सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का समापक भुगतान प्रक्रिया एवं कर्मचारियों की पदोन्नति, डीएआर एवं रेलवे आवासों की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेलवे बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। पदोन्नति, सेवानिवृत्ति आदि कार्यो को एचआरएमएस के माध्यम से किया जाना रेल प्रशासन एवं कर्मचारियों दोनों के लिए अत्यंत सुविधाजनक है। एचआरएमएस कर्मचारी का डाटा सुरक्षित रहता है एवं आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध रहता है। उन्होने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्य के दौरान होने वाली समस्याओं एवं सुझाव को भी सुना। इस अवसर पर प्रमुख कार्यकारी निदेशक एचआर भूमा ने एनई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री अजय कुमार वर्मा एवं सदस्य प्रतिनिधियों से वार्ता किया।

जनसम्पर्क विभाग के द्वारा बताया गया कि पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मैलानी स्टेशन पर मीटर गेज की गाड़ियो का संचलन होता है। मीटरगेज के कोचो को पुर्नकल्पन के लिए इज्जतनगर स्थित वर्कशॉप में भेजा जाता है। मैलानी इज्जतनगर के लिए कोई मीटरगेज रेल मार्ग उपलब्ध नहीं होने के कारण मीटर गेज कोचो का पीओएच एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, अभी तक उक्त कोचों को सड़क मार्ग द्वारा ट्रक के द्वारा भेजा जा रहा था। ट्रक पर कोचों की लोडिंग और अनलोडिंग हाईडा क्रेन द्वारा किया जाता था। यह एक अधिक समय और लागत लेने वाली प्रक्रिया थी। इसी परिप्रेक्ष्य में 04 मई को मैलानी स्थित कैरेज डिपो द्वारा दो ट्रॉली और एक कोच को मैलानी डिपो में उपलब्ध नए 140 टन क्रेन का उपयोग करते हुए उतारा गया एवं इन्हें मीटर गेज लाईन पर संकलित किया गया। 05 मई को दूसरा कोच उतारा गया। वहीं शुक्रवार को दो एम जी कोच एवं ट्रॉली को बीआरएन पर लोड किया गया है जिसे पीओएच हेतु इज्जतनगर वर्कशॉप भेजा जाना है। यह उत्कृष्ट कार्य पहली बार मैलानी मे हुआ है जो अपने आप में कीर्तिमान है। लखनऊ मण्डल द्वारा लागत में कमी करने हेतु एक प्रभावी पहल किया गया है। जिसमें मीटरगेज कोचो को मैलानी डिपो द्वारा बीआरएन वैंगनों के माध्यम से इज्जतनगर वर्कशॉप भेजने की व्यवस्था की गई है। सर्वप्रथम परिवहन हेतु पॉच वैगनो की अनुमति प्राप्त हुई थी।

# 315 बोर अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। थाना गुडम्बा प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह गौर के नेतृत्व में गुडम्बा पुलिस टीम के द्वारा एक शातिर अभियुक्त को एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गुडम्बा प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह गौर ने बताया कि शुक्रवार को उप निरीक्षक आसित यादव मय हमराही पुलिस बल के क्षेत्र में होने बाले अपराध की रोकथाम, तलाश वांछित एवं वारण्टी की तलाश में थे तभी मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति थाना गुड़म्बा क्षेत्र के बसहा गाँव से कुर्सी रोड की तरफ आ रहा है जिसके पास एक अवैध तंमचा है। इस सूचना पर उप निरीक्षक आसित यादव मय मय हमराही पुलिस बल के मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचे। जिस पर संदिग्ध व्यक्ति पुलिस बल को देख विपरीत दिशा में भागने लगा तभी पुलिस बल के द्वारा संदिग्ध व्यक्ति को घेर घार कर आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम रत्नेंद्र सोनी उर्फ बौबी(22) बताया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि मेरे पास अवैध तमंचा व कारतूस है इसलिए पुलिस को देखकर भागने लगा था।

# समाजसेवी बागेश्वर द्विवेदी की प्रथम पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निगोहा, लखनऊ । मस्तीपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी स्व0 बागेश्वर द्विवेदी जी का बीते वर्ष 6 मई 2021 को अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया था । उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर रायबरेली लखनऊ रोड स्थित मस्तीपुर के गुरु कृपा रेस्टोरेंट में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । इस अवसर पर स्व0 बागेश्वर द्विवेदी जी को याद किया गया , तथा उनके द्वारा किए गए धार्मिक और समाजसेवी कार्यों की सराहना की गई । पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व0 बागेश्वर द्विवेदी जी के सभी अनुज भाइयों नागेश्वर द्विवेदी , जगदीश द्विवेदी एवं मनोज द्विवेदी सहित उनके पुत्र जय शंकर द्विवेदी एवं विजय शंकर द्विवेदी द्वारा प्रथम पुण्यतिथि पर शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । उनके अनुज भाई नागेश्वर द्विवेदी ने बताया कि बड़े भाई एक सरल और इमानदार व्यक्ति थे जिन्होंने संपूर्ण जीवन लोगों की भलाई के लिए कार्य किया , वह सकारात्मक सोच वाले महान व्यक्ति थे कहा की मेरे बड़े भाई मेरे लिए आदर्श है वे अपनी तकलीफ छुपाकर यथा सामर्थ्य परिवार की सभी जरूरतें पूरी किया करते थे। उनमें वे सारी योग्यताएं मौजूद थी जो एक श्रेष्ठ भाई में होती हैं , बड़े भाई इस धरती पर मेरे और परिवार के लिए ईश्वर का साक्षात रूप थे । इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव , लखनऊ-उन्नाव एमएलसी रामचंद्र प्रधान , पूर्व विधायक इरशाद खान , रुद्र दमन सिंह , शंकरी सिंह , वार्ड संख्या-19 के जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज , राजीव त्रिवेदी , प्रधान सूर्यकांत द्विवेदी , समेसी प्रधान अशोक रावत सहित क्षेत्र के हजारों की तादाद में लोग मौजूद रहे सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

# टैबलेट वितरण का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। हर्षा इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी इटौंजा सीतापुर रोड लखनऊ में द्वितीय चरण में टैबलेट वितरण का आयोजन किया गया जिसमे सचिन कुमार शर्मा, सरफ़राज़ अहमद, लोकेन्द्र कुमार, आकांक्षा तिवारी, विवेक सिंह, सचिन्द्र श्रीवास्तव, मो नफीस आदि छात्रों को मुख अतिथि डॉ अनिल कुमार दीक्षित अदीक्षक सामुदायिक स्वस्थ केंद्र इटौंजा लखनऊ व विशिस्ट अतिथि ट्विंकलिंग स्टार स्कूल के प्रबंधक शिराजुद्दीन व संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद फहद के द्वारा टैबलेट वितरण किया गया जिसमे मुख्या अतिथि डॉ अनिल कुमार दीक्षित ने कहा कामयाबी का कोई शॉर्टकट नहीं होता विशिस्ट अतिथि शिराजुद्दीन ने बच्चो को सम्भोधित करते हुए कहा कि जब आप पास हो कर यहां से निकलें तो आप अपने को इस संस्थान का प्रतिनिधि समझना है क्यों की दूसरों के प्रती आप का व्यवहार बताता है के आप के कालेज आप के शिक्षक ने आप को क्या संस्कार दिए हैं। इसलिए आप यहां से निकल कर जहां भी जाएंगे आप के अच्छे आचरण को देख कर लोग आप से आप के स्कूल आप के शिक्षक के बारे में ज़रूर पूछेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था के कुलसचिव अमरेश चंद्र आज़ाद, कार्यक्रम कोर्डिनेटर शैलेन्द्र मोहन, सलमान अली, स्मृति, शमीमा, वीरेश, सुहैल खान, पंकज, सुफियान आदि गणमान्य उपस्तिथ रहे।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ। थाना मड़ियांव प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मड़ियांव में पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित दो नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मड़ियांव प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 19 अप्रैल को अपहता की माता द्वारा अपनी दोनो नाबालिक पुत्रियो को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में थाना मड़ियांव में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिस पर अपहृत नाबालिक बालिकाओ की बरामदगी व अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया और पुलिस टीम द्वारा गुरूवार को दोनो नाबालिक बालिकाओ को सकुशल बरामद किया गया एवं नाबालिक बालिकाओ के बयान के आधार पर धारा में पोक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गई। शुक्रवार को दोनो नाबालिक बालिकाओ को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में नामजद अभियुक्तो शिवा(20) व अनुज(26) को कच्चीढाल लोहरामऊ के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसमें गिरफ्तार अभियुक्तो के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्तो को जेल भेजा जा रहा है एवं आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में अन्य थाना व जनपद से जानकारी की जा रही है।

## महापौर ने नाला सफाई का किया औचक निरीक्षण

लखनऊ। महापौर संयुक्ता भाटिया ने मानसून के पूर्व जोन 06 में नाला सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने कुल 14 नालों का स्वयं निरीक्षण किया और कई स्थानों पर दुबारा नाला सफाई करने के निर्देश दिए। जोन 06 में हैदरगंज, दुबग्गा, बालागंज, चौक, चौपटिया, फूल मंडी, हुसैनाबाद व अकबरी गेट आदि क्षेत्रों में बड़े नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने हैदर कैनाल, बरदानी मंदिर के पास, कल्याण गिरी मंदिर के पास, सिरकटा नाला भाग एक और दो, हुसैनाबाद नाला, यूनिटी स्कूल के पास, भेंन्दू पुल आदि क्षेत्रों में नालाओ का निरीक्षण किया। जिसमें इस मौके पर उन्होने हैदर कैनाल नाला, बरदानी मंदिर नाला, सिरकटा नाला को दुबारा सफाई कराने के निर्देश दिए एवं दौलतगंज स्थित बाढ़ पम्पिंग स्टेशन का भी निरीक्षण कर तलीधार सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर संयुक्ता भाटिया के साथ आर आर प्रभारी राम नगीना त्रिपाठी, अजीत राय, जोन 06 के अवर अभियंता सनी विश्वकर्मा व राजेन्द्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गौशाला के लिए दिए 51000 रुपये



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा, लखनऊ। गोवंश संरक्षण को लेकर सरकार के अलावा यदि दूसरी निजी संस्थाओं के साथ-साथ समाज के लोग भी अपना योगदान दें तो अवश्य ही गोवंशो की स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। सरकार के लाख प्रयासों व करोड़ों के बजट खर्च करने के बाद अभी भी गौशालाओं में गोवंशो की स्थिति दयनीय बनी हुई है। यह बातें नगर पंचायत बंथरा के समाजसेवी व प्रधान संजय सिंह महाबली ने बंथरा में स्थित गौशाला में रखे गए गोवंशो के पालन पोषण हेतु नगर पंचायत अधिकारी को 51000 रुपये का चेक सौंपते हुए कही। नगर पंचायत बंथरा कार्यालय में पंचायत के अधिसाशी अधिकारी अजीत कुमार बागी को नगर पंचायत के अध्यक्ष के प्रमुख दावेदार व समाजसेवी संजय सिंह महाबली ने बंथरा की गौशाला हेतु 51,000 रुपये का चेक गौ माता के पालन पोषण के लिए दान किया। इस दौरान उनके साथ में उनके पुत्र एवं प्रतिनिधि शिवम सिंह चौहान एवं समस्त नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

# नगराम में एक किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ । नगराम थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र में गांजा तस्करी के आरोप में एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि समेसी स्थित चिन्मय विद्यालय के बगल से शुकलवा गांव जाने वाले मार्ग से अवैध गांजा बेचने के आरोप में नगराम पुलिस ने सरबजीत जो कि अमवा मुर्तजापुर गांव का रहने वाला है , सरबजीत को 1 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। नगराम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शमीम खान ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी सरबजीत को एक किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस ने गांजा तस्कर सरबजीत के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है । प्रभारी शमीम खान ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त सरबजीत पर आधा दर्जन से अधिक मामले नगराम थाना में दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आगे भी गांजा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और गांजा तस्करों की धरपकड़ लगातार जारी रहेगी।

## मदर्स डे के उपलक्ष्य पर किया एचआईवी पर जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ। श्री कृष्णा फाउंडेशन एवं उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा मदर्स डे के उपलक्ष्य पर ठाकुरगंज लखनऊ स्थित एच आई वी की सीएचसी पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्री कृष्णा फाउंडेशन की तरफ से पवन सोनी ने बताया कि मातृ शक्ति पर समर्पित कार्यक्रम एच आई वी संक्रमित महिलाओं एवं बच्चों के बीच सुनिश्चित किया गया। उन्होने कहा कि एचआईवी से भागने की जरूरत नहीं है बल्कि इसको समझने की आवश्यकता है। सभी लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए मातृ शक्ति को प्रणाम किया। उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी की एडिशनल डायरेक्टर प्रभजोत कौर ने सभी संक्रमित माताओं एवं बच्चों को गले लगाते हुए स्वस्थ रहने के उपाय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर डॉ एस के सोनी, रागिनी श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह, प्रभजोत कौर, शिवम सोनी, आदेश सक्सेना, दीक्षा गुप्ता, राजीव रंजन, राहुल सिंह, जितेंद्र सिंह, अनंत कुमार व दुर्गेश कुमार मौजूद रहे।

# सरकार गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के लिए कर रही नित नए प्रयास : डीएम

## खीरी के गन्ना किसानों ने प्रतियोगिताओं में अव्वल रह यूपी में मनवाया अपना लोहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखीमपुर-खीरी। चीनी का कटोरा कहा जाने वाला जनपद खीरी इन दिनों गन्ना विकास के लिए हुए प्रयासों से कई उपलब्धियां दर्ज कराई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अपर मुख्य सचिव गन्ना, उप्र शासन संजय भूसरेड्डी के नेतृत्व में सरकार की मंशानुरूप गन्ना किसानों की आय में वृद्धि करने हेतु नित नए प्रयास जारी है। गन्ना विकास विभाग द्वारा पारदर्शिता लाने, गन्ना कृषकों की आय में वृद्धि करने के लिए कई उपलब्धियां हासिल की। खीरी के गन्ना किसान ट्रेंच विधि से बुवाई, सहफसली खेती, ड्रिप सिंचाई, रैटून मैनेजमेंट व ट्रैश मल्चर का प्रयोग से अपनी आय में वृद्धि करने के अनूठे उदाहरण पेश करते हुए प्रगतिशील किसान के रूप में अपने को स्थापित कर रहे, जो अन्य किसानों के लिए प्रेरणा भी हैं।

**दशमेश महिला स्वयं सहायता समूह यूपी में अव्वल**

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्रदेश स्तर पर जनपद खीरी में सर्वाधिक 202 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया, जिनके द्वारा विगत सत्र में पांच करोड़ बीस लाख इक्तालिस हजार तीन सौ छत्तीस रूपये की आय की। प्रदेश में दशमेश महिला स्वयं सहायता समूह अमृतापुर को प्रथम स्थान व अभिप्रेरणा महिला स्वयं सहायता समूह को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

**उत्कृष्ट कार्य योजना में खीरी के रामपाल यूपी में अव्वल**

प्रगतिशील कृषकों, चीनी मिलों व सहकारी गन्ना समितियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य योजना प्रदेश में लागू की गयी है, जिसमें प्रतिभाग करते हुये- गन्ना कृषक संवर्ग में रामपाल पुत्र बैजनाथ, निवासी लक्खनपुरवा, लखीमपुर ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। समिति संवर्ग में सहकारी गन्ना विकास समिति लि. पलिया को तृत्रीय स्थान प्राप्त हुआ।

**किसान घर बैठे देखे ईआरपी के जरिए सभी आंकड़े**

गन्ना विकास विभाग में पारदर्शिता व तेजी लाने के उद्देश्य से ईआरपी व्यवस्था लागू है, जिससे कृषक अपना सभी डाटा-आंकड़े घर बैठे देख सकते है। विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुये एस.एम.एस. पर्ची पर गन्ना तौल करने की व्यवस्था लागू की गयी, जिससे कृषक को समय से पर्ची प्राप्त होने के कारण चीनी मिलों को ताजा गन्ना आपूर्ति हो रहा है जो कृषक व चीनी मिल दोनों के लिये लाभकारी है।

**सहकारी गन्ना समितियां खरीदेगी 16 ड्रोन, होगा छिड़काव**

पर्यावरण व कृषकों को घातक कीटनाशक, रोगनाशक रसायनों से बचाव के लिये जनपद की समस्त 12 सहकारी गन्ना समितियों पर कुल 16 ड्रोन खरीदे जायेंगे, जिसे छोटे व मध्यम कृषक सस्ते किराये दर पर प्राप्त कर सकेगें। ड्रोन द्वारा तरल यूरिया (नैनो यूरिया) छिड़काव का सफल प्रदर्शन गन्ना विकास परिषद जे.बी.गंज में किया जा चुका है। ड्रोन जहां पर्यावरण व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्परिणाम कम होते है, वहीं मानव श्रव व समय की भी बचत होती है।

**पंचामृत अपनाएं उत्तम कृषक कहलाए**

गन्ना खेती में नवीन तकनीकों को बढ़ावा देने हेतु पंचामृत योजना लागू है। पंचामृत योजना के पॉच प्रमुख विधियां ट्रेन्च विधि से बुवाई, सहफसली खेती, ड्रिप सिचाई, रैटून मैनेजमेन्ट व ट्रेश मल्चर का प्रयोग शामिल हैं, जिसका उद्देश्य अधिक उपज प्राप्त कर आय मे बृद्धि करना है। जनपद को ट्रेन्च विधि, सहफसली व माडल प्लाट (न्यूनतम क्षेत्रफल 0.5 हे.) हेतु 200 कृषकों के चयन का लक्ष्य आवंटित है जिसके सापेक्ष 202 माडल प्लाट धारक कृषकों का चयन कर लक्ष्यों की पूर्ति कर ली गयी है।

**फार्म मशीनरी बैंक से 2178 हेक्टेअर भूमि पर हुआ फसल अवशेष प्रबन्धन**

प्रदेश की सहकारी गन्ना व चीनी मिल समितियों में प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू योजना में 13 समितियों-चीनी मिल समितियों में फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना की, जिसके अन्तर्गत समिति क्षेत्र के गन्ना कृषकों को यंत्र अत्यन्त कम किराये दर पर उपलब्ध कराये जाते है। फार्म मशीनरी बैंक की क्रियाशीलता, उपलब्ध यंत्रों के सदुपयोग के कारण जनपद में कुल 2178 हेक्टेअर भूमि पर स्थिति फसल के अवशेष का प्रबन्धन क्षेत्रीय कृषकों ने किया। इससे जहां एक तरफ जहां पराली जलाने की घटनाओं में अप्रत्याशित कमी आयी है, वहीं दूसरी तरफ पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में सहायता मिल रही। मृदा जीवाश्म-कार्बनिक पदार्थों में वृद्धि के कारण मृदा स्वास्थ में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। फार्म मशीनरी यंत्रों का सर्वाधिक लाभ छोटे व मध्यम किसानों को प्राप्त हो रहा है।

# कस्तूरबा विद्यालय पहुंची आकांक्षा, देखी शैक्षिक गतिविधियां

## आकांक्षा अध्यक्ष के नेतृत्व में सवरंगे कस्तूरबा विद्यालय के दिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। जल्द ही राजापुर में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के दिन बहुरगे। शुक्रवार को सुबह करीब दस बजे डीएम की धर्मपत्नी जिला आकांक्षा समिति के अध्यक्ष अल्पना सिंह अपनी अन्य महिला साथियों के संग कस्तूरबा गांधी स्कूल पहुंची, जहां उन्होंने पूरे विद्यालय का बारीकी से निरीक्षण किया।

इस दौरान आकांक्षा अध्यक्षा अल्पना सिंह ने बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय के संग विद्यालय में आवासीय बालिकाओं से उनका नाम एवं कुशल क्षेम जानते हुए मिल रही सुविधाओं की पड़ताल की। इस दौरान उन्हें विद्यालय की कई बालिकाओं ने ना केवल कविताएं सुनाई बल्कि उनके सवालों के जवाब भी दिए। सवालों के सही जवाब पर न केवल उत्साहवर्धन किया बल्कि तालियों की गड़गड़ाहट से उनमें उर्जा भरी। इस दौरान सभी बालिकाओं को अध्यक्ष अल्पना ने एक-एक टिफिन, चॉकलेट, पेंसिल, फ्रूटी एवं फल भेंट किए। उन्होंने भोजनालय में बालिकाओं के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता भी देखी, उन्होंने बीएसए से बालिकाओं को पौष्टिक व प्रोटीनयुक्त भोजन दिए जाने के लिए कहा। बालिकाओं द्वारा तैयार किए गए चार्ट पेपर एवं अन्य क्राफ्ट गतिविधियां देखी। निर्देश दिए कि इन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ संस्कारपरक शिक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि समिति सदस्य नियमित रूप से हर सप्ताह आएंगी और यहां की शैक्षिक गतिविधियों का भी पर्वेक्षण एवं अनुश्रवण करेंगी। विद्यालय पहुंचने पर समिति का बालिकाओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं टीका लगाकर स्वागत किया। बीएसए ने वार्डन को कक्षा-कक्ष में लगे कूलर में जाली लगवाने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जो भी दिशा निर्देश दिए गए उनका पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। भ्रमण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत पांडेय, आकांक्षा समिति की सदस्य एसडीएम रेनू, सहायक अभियंता लघु सिंचाई कल्पना वर्मा, रश्मि सिंह, शिखा सिंह, स्मृति पांडेय, शीला मिश्रा, गरिमा सिंह, डॉ नमिता श्रीवास्तव, मधुलिका त्रिपाठी, कस्तूरबा विद्यालय की जिला समन्वयक रेनू श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### आकांक्षा की सुझाव पेटिका से सवरेगा कस्तूरबा विद्यालय

डीएम की धर्मपत्नी जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह ने समिति के अन्य साथी महिलाओं के संग राजापुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सुझाव पेटिका भेंट की। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि उनके मन में विद्यालय को सजाने और संवारने के लिए जो भी सुझाव मन में हो वह इन्हें पेटिका में डालें ताकि उन सुविधाओं से विद्यालय को लैस किया जा सके।

# अवैध अस्पतालों के खिलाफ हुई कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जनपद में स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान करा रहे निजी चिकित्सीय इकाईयों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं अपंजीकृत रूप से संचालित निजी चिकित्सीय इकाईयों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु डा0 सुरेन्द्र शाही, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी, सीतापुर निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान बंगाली क्लीनिक, सतीश नगर लोधौरा बाजार, हरदोई रोड सीतापुर का निरीक्षण किया गया जहाँ श्री जी0के0 सरकार द्वारा बिना किसी चिकित्सीय योग्यता के क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। मौके पर श्री जी0के0सरकार उपस्थित नहीं थे। नोटिस निर्गत करते हुये तत्काल क्लीनिक को बंद करा दिया गया। श्री अजय श्रीवास्तव झोला छाप चिकित्सक की क्लीनिक का निरीक्षण किया गया, क्लीनिक संचालित था, परन्तु चिकित्सक मौके से फरार हो गया था। क्लीनिक को भवन मालिक की उपस्थित में बंद कराते हुये नोटिस चस्पा कर दिया गया। तदोपरान्त विश्वास हास्पिटल, इलसिया ग्राण्ट हरदोई रोड सीतापुर का निरीक्षण किया गया। उक्त हास्पिटल बंद पाया गया। कार्यालय अभिलेखों के अनुसार उक्त हास्पिटल अपंजीकृत है। हास्पिटल पर नोटिस चस्पा करने की कार्यवाही की गयी।

डा0 सुरेन्द्र शाही द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त हास्पिटल/क्लीनिक मानकों के विरूद्ध संचालित अवस्था में पाये गये है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही की गयी है। 2010 के तहत पंजीकरण होने के उपरान्त ही निजी चिकित्सीय इकाई का संचालन अधिकृत माना जायेगा। ऐसे किसी भी निजी चिकित्सीय इकाईयों को चिकित्सीय व्यवसाय नही करने दिया जायेगा, जिनके द्वारा शासन प्रशासन द्वारा निर्गत निर्देशों का पालन नहीं किया जायेगा। साथ ही यह भी अवगत कराया कि भविष्य में इस प्रकार की विभागीय कार्यवाही चलती रहेगी। जिससे अनाधिकृत रूप से चिकित्सीय व्यवसाय कर रहे चिकित्सको एवं झोला छाप चिकित्सकों पर लगाम लगायी जा सकें।

# घर से उठाकर बिटिया के साथ वहशी युवक ने की दरिंदगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जनपद को शर्मसार करने वाली एक घटना थाना फरधान क्षेत्र से सामने आई है। जहां घर मे सो रही एक सात वर्षीय मासूम बच्ची को गांव का ही एक वहशी युवक उठा ले गया। गांव के बाहर प्राथमिक स्कूल के समीप मासूम बच्ची को हैवानियत का शिकार बनाया और जब बालिका अपने बबचाव के लिए चीखी-चिल्लाई तो दरिंदे आरोपी ने उसकी पिटाई कर दी। ग्रामीणों को अपनी तरफ आता देख आरोपी बबच्ची को छोंड़ जंगल की ओर भाग निकला। पुलिस ने बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा है। बताया जा रहा है कि आरोपी को पुलिस नहीं पकड़ सकी।थाना फरधान क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ग्रामीण ने बताया कि गुरुवार की रात उसकी सात साल की बिटिया घर में परिवार के साथ सोई हुई थी। रात में किसी समय गांव का ही 35 वर्षीय भूरे उनके घर में घुस आया और बिटिया को उठा ले गया। रात जब मां जागी तो देखा बेटी बिस्तर पर नहीं थी। उन्होंने पहले तो बिटिया को घर में तलाशा और आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका से आशंकित मां ने घर वालों को जानकारी दी। परिवार वालों ने घर के बाहर तलाश की लेकिन वह नहीं मिली। गांव के लोग भी आहट मिलने पर जाग गए और परिवार वालों के साथ बिटिया की खोजबीन करने में जुट गए। गांव के बाहर स्कूल के पास पहुंचे तो आरोपी भूरे पासी बालिका को बदहवास हालत में छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। पिता ने बताया कि बिटिया के कपड़ों पर खून लगा था। चेहरे पर भी जख्म थे। यह देख लोग भी हैरान रह गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और हैवानियत का शिकार बनी बिटिया व उसके माता-पिता को लेकर थाना फरधान पहुंची। जहां पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा है। फरधान पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर ग्रामीणों से पूछताछ करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों ने आरोपी के जंगल में छिपे होने की आशंका जताई। जिस पर थाना नीमगांव, गोला सहित जिले के कई थानों की पुलिस मैगलगंज वन रेंज के बेहजम बीट के इंदिरा नगर जंगल में पहुंची। जंगल की घेराबंदी कर पुलिस कांबिंग करती रही। सुबह नौ बजे से पुलिस की कांबिग लगातार जारी है, लेकिन पुलिस आरोपी के हाथ न लगने का दावा कर रही है। जिला महिला अस्पताल में पीड़ित बच्ची का मेडिकल परीक्षण करने वाली टीम में शामिल एक डॉक्टर ने बताया कि बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ है। उसके प्राइवेट पार्ट पर चोट मिली है। अभी मेडिकल प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इसलिए अभी कुछ भी साफ तौर पर कह पाना मुश्किल है।

### पुल के पास एंगल से टकराई बाइक युवक नाले में गिरा हुई मौत

धौरहरा-खीरी। कोतवाली क्षेत्र के ढखेरवा-सिसैया हाइवे पर बृहस्पतिवार की रात करीब नौ बजे ढखेरवा की तरफ से बाइक संख्या यूपी 31एएस 5692 पर सवार होकर आ रहे महाजन (22) पुत्र बनवारी लाल निवासी बगहा पुरवा मजरा मकसोहा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी व सर्वेश कुमार लोध (18) पुत्र रामजीवन लोध निवासी खुरिया नगर थाना कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी कस्बे के बाहर हरदुहा पुल के पास लगे एंगल से बाइक समेत टकरा कर दुर्घटना का शिकार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज पीके पाठक, सदर लेखपाल रामखेलावन व पुलिस टीम ने महाजन को घायलावस्था में सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं गहरे नाले में गिरे सर्वेश को ग्रामीण व फायर ब्रिगेड की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद मृत अवस्था में निकालकर परिजनों की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि दोनों अपने घर से ईसानगर क्षेत्र के मक्कापुरवा गाँव को जा रहे थे। उपनिरीक्षक पीके पाठक ने बताया कि घायल को अस्पताल भेजकर इलाज के बाद घर भेज दिया गया है वहीं नाले में गिरे युवक सर्वेश की तलाश कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# इफको नैनो यूरिया तरल आधारित किसान गोष्ठी का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहजम-खीरी। ब्लॉक सभागार बेहजम में शुक्रवार को सहकारिता विभाग उत्तर प्रदेश के अनुपालन में इफ़को नैनो यूरिया तरल आधारित विकास खण्ड स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामशंकर राज सदस्य जिला पंचायत, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बेहजम ने फीता काटकर गोष्ठी की शुरुआत की। गोष्ठी में इफको के एडीसीओ जेएस मिश्रा ने किसानों को इफको तरल यूरिया के इस्तेमाल व उसके फसल में इस्तेमाल के फायदे के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि तरल यूरिया को फसल में डालने से एक तो कम लागत आएगी तथा फसल की उपज बढ़ जाएगी और मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी, किसानों को इसके इस्तेमाल माल में भी आसानी रहेगी। इस गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि सहित एडीसीओ जेएस मिश्रा, बीडीओ शिखर श्रीवास्तव, एडीओ एग्रीकल्चर गौरिया सचिव सियाराम सिंह, प्रधान गण, पूर्व सदस्य जिला पंचायत रघुनंदन भदौरिया, प्रधान हरद्वारी सिंह, बहादुरपुर प्रधान सुशील सिंह, समीम खां, पुनेश राज सहित क्षेत्र के सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

### फतेहपुरः फांसी पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

फतेहपुर। जिले में शुक्रवार की सुबह एक महिला का शव फांसी पर लटका मिला। मृतका के मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले की तहरीर मृतका के पिता ने पुलिस को दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच कर रही है। मलवां थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी विजय निषाद की पत्नी भोली का शव आज सुबह कमरे में फंदे पर लटकता देखकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने शोर मचाया तो मौके पर भीड़ लग गई। उधर, घटना की सूचना पर मायके पक्ष उन्नाव के बारा सगवर थाना क्षेत्र के दुलीखेड़ा गांव निवासी मृतका के पिता पंचम निषाद पहुंचे। मृतका के पिता ने बताया कि तीन साल पहले बेटी भोली की शादी विजय के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपये और सोने की चैन की मांग कर रहे थे। शादी के बाद से आये दिन भोली का उत्पीड़न किया जा रहा था। मांग पूरी न होने पर आज सुबह ससुराल वालों ने मिलकर उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया।

# ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य जनता की समस्याओ को सुलझाने के लिए जनता से संवाद करें : ज्ञान तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रेउसा सीतापुर। विकासखंड रेउसा में गत दिवस शुक्रवार को ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञान तिवारी की उपस्थिति रही। इस बैठक में वक्ता के रूप में उपस्थित विधायक ज्ञान तिवारी ने ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा। आप सभी जनता के द्वारा चुने हुए व्यक्ति हैं जनता की समस्याओ को सुलझाने के लिए जनता से संवाद करें जो व्यक्ति सरकार के जिस योजना के लिए पात्र है उसे वाह योजनाएं मिलनी चाहिए फिर चाहे वह सरकार की स्वच्छ भारत के तहत शौचालय योजना हो या फिर आवास योजना। विधायक ने राशन कार्ड योजना के तहत हो रहे भ्रष्टाचार पर भी कहा की क्षेत्र में जिन लोगों के अपात्र होने के बावजूद भी कार्ड बने हैं उन्हें चिन्हित करें और पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए आगे आएं। इस दौरान विधायक ने खंड विकास अधिकारी को दिशा निर्देश देते हुए इन योजनाओं पर पारदर्शिता के साथ लागू करवाने की बात कही। साथ ही विकासखंड परिसर में पानी की समस्या को देखते हुए ज्ञान तिवारी ने एडीओ पंचायत विनोद यादव को जिम्मेदारी देते हुए पूंछा कितने दिन में इस समस्या का समाधान हो जाएगा ।जिस पर एडीओ पंचायत ने पंद्रह दिन के अंदर समाधान की बात कही। इस बैठक में जहां एक तरफ मुख्य वक्ता के रूप में विधायक ज्ञान तिवारी मौजूद रहे वहीं उनके अतिरिक्त ब्लाक प्रमुख व प्रतिनिधि अवधेश चौहान ,खंड विकास अधिकारी रेउसा व क्षेत्र के प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि, व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति देखने को मिली।

### जिलाधिकारी ने किया परतापुर हवाई पटटी, निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण

मेरठ। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शुक्रवार को परतापुर हवाई पटटी, क्रांति नायक धन सिंह कोतवाल इंटर कॉलेज और निर्माणाधीन भैंसाली मैट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यों को पूरी गुणवत्ता से पूरा कराने के निर्देश दिए। धन सिंह कोतवाल इंटर कॉलेज पांचली खुर्द के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को कोतवाल धन सिंह के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि कॉलेज परिसर में साफ-सफाई, वृक्षारोपण, पीने के पानी आदि का उचित प्रबंध किया जाए। आसपास साफ-सफाई कराते हुए मेन बिल्डिंग की पुताई कराते हुए सौंदर्यीकरण कराया जाए।

जिलाधिकारी ने भैंसाली में बनाए जा रहे मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण कर मेट्रो लाईन, प्लेटफार्म, एंट्री एवं एग्जिट गेट आदि के सम्बंध में जानकारी ली और उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इंजीनियर पवन कुमार ने अब तक पूरे हुए कार्य की विस्तृत जानकारी दी। भैंसाली से फुटबॉल चौक तक टनल का निर्माण किया जा रहा है जो कि भैंसाली को फुटबाल चौक तक जोड़ेगा।

# ज्वैलर्स शॉप में डकैती की घटना का खुलासा, छह गिरफ्तार

एजेंसी



हमीरपुर। ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव सर्राफा व्यापारी की दुकान में हुई लाखों रुपये की जेवरात और नगदी लूट के मामले में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस घटना में शामिल छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। वहीं तीन बदमाश फरार हो गए। जिनकी गिरफ्तारी के लिए आईजी ने पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस पार्टी को भी पचास हजार रुपये का पुरस्कार देने का एलान किया गया है। इन बदमाशों ने कन्नौज, कानपुर देहात व छिबरामऊ में भी कई वारदातें की है। बता दें कि ललपुरा क्षेत्र के पौथिया गांव में सर्राफा व्यापारी शील कमल पुत्र रामसजीवन सोनी की दुकान में पिछले माह 11 अप्रैल की रात करीब ढाई बजे बदमाशों ने धावा बोला था। दुकान के गेट का ताला काटकर बदमाश आठ सौ ग्राम सोना व 15 किलो चांदी के जेवरात और सत्तर हजार रुपये की नगदी के अलावा सर्राफा व्यापारी और उसकी पत्नी के मोबाइल फोन लूट ले गए थे। बदमाशों ने लूट का विरोध करने पर सर्राफा दम्पति को असलहे की बट से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। इस घटना को लेकर एसपी ने पुलिस की टीमें लगाई थी। एसपी कमलेश दीक्षित ने शुक्रवार को बताया कि सूचना पर सीओ सदर विवेक यादव ने प्रभारी निरीक्षक ललपुरा श्रीप्रकाश यादव, इंस्पेक्टर रामेन्द्र तिवारी, उपनिरीक्षक योगेश कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक अजहर जमाल व बबलेश कुमार प्रशांत यादव, कन्हैया त्रिपाठी, विवेक कुमार मिश्रा, काजल व खुशबू आदि सिपाहियों के साथ ललपुरा थाना क्षेत्र के बजेहटा गांव के मोड़ के पास बदमाशों की घेराबंदी की तो पुलिस टीम पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में छह बदमाशों को दबोच लिया गया है, जबकि तीन बदमाश मौके से भाग निकले। एसपी ने बताया कि पूछताछ में बदमाशों ने कहा कि सर्राफा व्यापारी की पत्नी शादीशुदा है इसलिए उसके गले में पड़ा मंगलसूत्र दया आने पर नहीं लूटा था। एसपी ने बताया कि कांशीराम कालोनी कोच सुरही चौकी जालौन निवासी शीलू कंजर, चुरकी बाईपास उरई जालौन निवासी नंदू उर्फ पवन कंजड़, दीपक कंजड़, कांशीराम कालोनी उरई जालौन निवासी अरविन्द कंजड़, लहरियापुर उरई जालौन निवासी अशोक उर्फ करिया कंजड़ व पटेलनगर उरई जालौन निवासी दान सिंह को गिरफ्तार कर कब्जे से 4.20 लाख रुपये मूल्य के जेवरात, 6350 रुपये की नगदी, अवैध असलहे, कारतूस व लूटे गए मोबाइल फोन व दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई है। बताते है कि गिरफ्तार बदमाश उरई जालौन के रहने वाले है जो प्लानिंग कर घटना को अंजाम देने एक दिन पहले यहां आए थे। एसपी ने बताया कि सर्राफा दुकान में घटना को अंजाम देने वाले बदमाश कंजड़ जाति के हैं जो उरई जालौन के रहने वाले हैं। बताया कि डकैती की घटना में छह बदमाशों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर माल बरामद कर लिया गया है, लेकिन तीन बदमाश अभी फरार है। बताया कि डकैती की घटना में फरार तोपखाना मुहाल उरई जालौन निवासी मीनू, रामनगर मुहाल उरई जालौन निवासी बच्चू व लहरियापुर उरई जालौन निवासी अजय की गिरफ्तारी के लिए पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बांदा ने पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है।

# लम्बित प्रकरणों को अधिकारी तत्काल जांच कर करें निस्तारित

## शादी अनुदान अनुश्रवण समिति बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बचत भवन के सभागार में शादी अनुदान अनुश्रवण समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए समस्त उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारियों को शादी अनुदान व अन्य योजनाओं के लंबित आवेदन प्रकरणों को तत्काल प्रभाव से जांच कर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जो भी आवेदन पत्र प्राप्त होते है। उन्होंने 15 दिनों के अन्दर जांच कर निस्तारण किया जाए। जिससे लाभार्थियों को शादी अनुदान व अन्य योजनाओं का शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ प्राप्त कराया जा सके।

जिलाधिकारी बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी से शादी अनुदान से सम्बन्धित आवेदनों की जानकारी ली। समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि एसडीएम व खण्ड विकास अधिकारियों की लागिंक आईडी पर 771 आवेदन पत्र हेतु लम्बित है। इसी प्रकार जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि शादी अनुदान से सम्बन्धित 121 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है जिसमें 95 लम्बित है। जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिये कि शादी अनुदान से सम्बन्धित लंबित आवेदन प्रकरणों को जांच कर निस्तारण किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी इंजेश सिंह व सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## श्री भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कल से

लालगंज (रायबरेली)। क्षेत्र के ऐहार गांव में आठ मई रविवार से श्री भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विकास शुक्ला ने बताया कि भागवत कथा की व्यास गद्दी पर परमहंस स्वामी सूर्य प्रबोधाश्रम महाराज (स्वामी स्वात्मानंद महाराज असनी दिगंबर आश्रम) विराजेंगे। स्वामी स्वात्मानंद जी के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भागवत कथा सुनने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि कलयुग में श्री भागवत कथा ही मोक्ष का एकमात्र साधन है। श्री भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के बाबत जानकारी देते हुए विकास शुक्ला ने बताया कि अआठ मई रविवार से 14 मई शनिवार तक भागवत कथा चलेगी। 15 मई को हवन पूजन होगा। 16 मई सोमवार को ब्रह्मभोज के साथ विशाल भंडारा होगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य यजमान ओम शंकर शुक्ला और श्रीमती प्रेमलता शुक्ला अपना कर्तव्य निभाएंगी। वहीं उमा शंकर शुक्ला, प्रेम शंकर शुक्ला, शक्ति सुशील शुक्ला, विकास शुक्ला व्यवस्था देखेंगे।

## सामुदायिक शौचालयों में कहीं ताला लटक रहा तो कहीं आधा अधूरा बना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सलोन (रायबरेली)। विकास क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के तहत योगी सरकार ने खुले में शौच मुक्त कराने के लिए सरकार ने हर ग्राम पंचायतों में लाखो की कीमत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया उसके बाद भी ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। जिम्मेदारों के दोषपूर्ण रवैया के चलते लाखों की लागत से बने सामुदायिक शौचालय शोपीस बनकर रह गए। विकासखंड के ग्राम राम पुर कासिहा में सामुदायिक शौचालय के सामने गिट्टी का डम्प लगा हुआ है। वहां के कुछ ग्रामीणों से जानकारी किया गया तो कहा कि शौचालय में हमेशा ताला लटका रहता है जब से बना है आज तक ताला नही खुला हमेशा ताला लटकता रहता। गांव की महिलाओं को शौच के लिए खुले में जाना मजबूरी है। क्योंकि सामुदायिक शौचालय में ताला हमेशा लगा रहता है। इसकी चाबी किसके पास है यह किसी को जानकारी नहीं है जबकि लोगों ने बताया कि शौचालय को स्वयं सहायता समूह को सुपुर्द हो गया है। उसके बाद भी जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते संचालन नहीं हो पा रहा यही नहीं क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय में कही ताला लगा है तो कही आधा अधूरा पड़ा है। एडीओ पंचायत के कागज पर सभी शौचालय खुल रहे सभी चल रहे है।

### लाल सिंह एवं भरत सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

रायबरेली। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान रायबरेली के लाल सिंह, सहायक प्रोफ़ेसर तथा भरत सिंह, सहायक प्रोफ़ेसर को महर्षि अरविंद यूनिवर्सिटी, जयपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुइ। लाल सिंह पुत्र स्व. भगवती प्रसाद ने ॡइतिहास लेखन के नये आयाम-लौकिक एवं पारलौकिक इतिहास लेखन के संदर्भ मेंड्ढ विषय पर पीएचडी डॉ. कविता पालावत के निर्देशन में पूरा किया है। भरत सिंह पुत्र स्व. चन्द्रभान ने 'अस्टडी ऑफ जेंडर इफ़ेक्टस ऑन इम्पल्स बाइंग बिहेवियर (विद स्पेशल रेफ्रेंस टू फुटवेयर सेगमेंट इन उत्तर प्रदेश)' विषय पर पीएचडी डॉ. सुषमा मान के निर्देशन में पूरा किया है। लालसिंह एवं भरत सिंह को पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर संस्थान के निदेशक डॉ. भारत साह तथा केंद्र समन्वयक, लेदर डिजाइन विभाग शिवेंद्र प्रकाश कुलदीप ने खुशी ज़ाहिर की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चोरी के आरोप में युवक को तालिबानी सजा, वीडियो वायरल

रायबरेली। चोरी के आरोप में युवक को तालिबानी की सजा दी गई है। भैंस चोरी करते संदिग्ध युवक की रस्सी से हाथ-पैर बांधकर पिटाई करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने चोर की जमकर पिटाई की है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। आए दिन भैस चोरी से ग्रामीण परेसान थे। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के कंडौरा गांव की है पूरी घटना। दरअसल आपको बता दें कि रायबरेली के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंडौरा गांव में देर रात एक युवक की जमकर पिटाई की गई है। युवक आशीष निवासी गुझरी पर भैंस चोरी करने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने जमकर पिटाई की है। कंडौरा गांव के निवासी बताते हैं कि आए दिन गांव से भैंस चोरी हो जाया करती थी जिस सम्बन्ध में आज हम सभी शाम से ही अलग-अलग जगहों पर बैठे हुए थे देर रात बगल गांव के रहने वाले एक युवक द्वारा गांव में एंट्री की जाती है उसके बाद जिसके घर के बाहर भैंस बंधी होती है उसको खोल कर ले जाने का प्रयास किया जाता है जिस पर हम ग्रामीणों की नजर पड़ती है और उसे पकड़ लिया जाता है। पकड़ कर पहले तो उसकी पिटाई की जाती है उसके बाद जब वह भागने का प्रयास करता है तो पुलिस को सूचना देकर पुलिस के हवाले कर दिया जाता है। थानाध्यक्ष हरचंदपुर सुरेश सिंह ने बताया कि देर रात भैंस चोरी के मामले में ग्रामीणों ने एक युवक की जमकर पिटाई की थी। देर रात विडियो संज्ञान में आया तो तत्काल चोर युवक अशीष व चोर को पीटने वाले युवकों पर मुकदमा दर्जकर लिया गया और कठोर कार्यववाही की जा रही है।

### छात्रवृत्ति हेतु छात्रों का बैंक खाता विवरण आधार से लिंक होना अनिवार्य

रायबरेली। समस्त शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष शैक्षणिक सत्र 2022-23 में पात्र छात्रवृत्ति हेतु छात्र/ छात्राओं का आवेदन पत्र में अंकित बैंक खाता विवरण आधार लिंक होना अनिवार्य है। भविष्य में आधार बेस्ड पेमेंट (एबीपी) एवं डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफफर की स्थिति से पात्र छात्र/छात्राओं के बैंक खातों में धनराशि का वितरण बाधित होगा। ऐसी स्थिति में समस्त विद्यालयों/शिक्षण संस्थाएं अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को एवं उनके माता-पिता को सूचित करें।

### छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए करें आवेदन

रायबरेली। समस्त शैक्षिण संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) द्वारा मास्टर डाटा बेस सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन की कार्यवाही 10 मई से 31 मई तक की गयी है एवं छात्र/छात्राओ द्वारा आनलाइन आवेदन 18 मई एक जुलाई तक है। एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 एवं दशमोत्तर कक्षाओं सहित) में समस्त शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा बेस सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन की कार्यवाही विगत पांच मई से छह जून 2022 तक है एवं छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन 10 मई सात जुलाई तक है।

### बच्चे की किलकारी से गूंजी एम्बुलेंस

नसीराबाद (रायबरेली)। प्रसूता को प्रसव के लिए एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाते समय एक बार फिर बच्चे की किलकारी से एंबुलेंस गूंज उठी। अस्पताल पहुंचने के पहले ही प्रसूता ने एम्बुलेंस में सुरक्षित बच्चे को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं, जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद में इलाज चल रहा है। गौरतलब हो कि पूरे बदलदास गाँव की रहने वाली प्रसूता सुनीता पत्नी विक्रम के प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में बिलाली मस्जिद के पास प्रसूता ने चैथे बच्चे को सुरक्षित जन्म दिया। एम्बुलेंस चालक कमलेश कुमार व ईएमटी अशोक कुमार ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नसीराबाद में इलाज चल रहा है।

अतिक्रमण को नौ तक हटवा लें अन्यथा 10 मई को होगी कार्यवाही

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के निवासी नियमित रूप से जाम और अतिक्रमण की समस्या से परेशान हैं। नगर के सभी सम्मानित नागरिकों /दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि नगर क्षेत्र में सड़क की दोनों पटरियों पर किये गए अवैध स्थायी/अस्थायी कब्जा एवं अतिक्रमण को नौ मई दिन सोमवार तक अतिक्रमण को हटवा लें। अन्यथा 10 मई दिन मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

### इप्टा सात मई को शहीदों को अर्पित करेगी श्रद्धांजलि

रायबरेली। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर भारतीय जन नाट्य संघ 'ढाई आखर प्रेम' की सांस्.तिक यात्रा कर रही है। यह यात्रा छत्तीसगढ़ से नौ अप्रैल को शुरू हुई। यात्रा झारखंड, बिहार होते हुए आठ मई को यूपी के वाराणसी में पहुंचेगी। यहां से लखनऊ, कानपुर, उरई, झांसी होते हुए मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी जहां 22 मई को यात्रा का समापन होगा। इसके बाद दक्षिण, पश्चिम, पूर्व, उत्तर और पूर्वोत्तर प्रदेशों से यात्रा निकलेगी।

### डलमऊ के कार्तिक पूर्णिमा मेले को शासन ने घोषित किया प्रान्तीय मेला

डलमऊ (रायबरेली)। डलमऊ नगर वासियों को आखिरकार जिस घड़ी का लंबे समय से इंतजार था, वह शुभ घड़ी निकट आ ही गई। ऐतिहासिक धार्मिक नगरी में प्रत्येक वर्ष लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला शासन के निर्देश पर प्रांतीय मेला घोषित हो गया है। ऐतिहासिक नगरी में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला दिन प्रतिदिन और भी भव्य रूप धारण कर रहा है। डलमऊ नगर पंचायत के अंतर्गत चैरासी मोड़ के पास रिक्त पड़ी भूमि पर अब चारा भूसा स्थल का निर्माण कार्य नगर पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। इस भूमि पर पूर्व के समय से आराधक तत्वों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। भूमि बेशकीमती होने की वजह से अराजकतत्वों की नजरों में चढ गई थी। अब इस भूमि को नगर पंचायत द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र में लेकर उसमें बेजुबान पशुओं के लिए चारा भूसा स्थल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। डलमऊ में कार्तिक पूर्णिमा मेला से करीब एक माह पूर्व पशु मेला भी लगता है, जिसमें लगभग 20 जनपदों के साथ-साथ हरियाणा, पंजाब, एवं सुदूर प्रदेशों से भी व्यापारी अपने अपने पशुओं को लेकर डलमऊ आते हैं, इस मेले में लगभग 10 से 15 लाख श्रद्धालु भी आते हैं और यहीं से बैल, भैंस, गाय, सहित अन्य पशुओं की खरीदारी भी करते हैं।

## जल जीवन मिशन को लेकर हुई गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लालगंज (रायबरेली)। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें लालगंज विकास खंड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, आशा बहू, सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग जल शक्ति मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार हर घर जल की व्यवस्था करने जा रही है। उसी के बाबत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश की देखरेख में ग्राम पंचायत पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा हर घर स्वच्छ पेयजल प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में विकासखंड लालगंज में मिशन हर घर जल के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, एएनएम, वार्ड मेंबर को प्रशिक्षित किया गया। ग्राम पंचायतों में हर घर को स्वच्छ जल देने के लिए पेयजल व स्वच्छता समिति भी गठित होगी। लालगंज विकासखंड में आरना फाउंडेशन लखनऊ के द्वारा दो दिवसीय जल गुणवत्ता जांच परीक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत प्रायोजित है। गोष्ठी में प्रशिक्षण दे रहे प्रभारी अधिकारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पानी की स्वच्छता संरक्षण व अपव्यय रोकने के संदर्भ में कार्य होना सुनिश्चित हुआ है। हर गांव में बड़ी पानी की टंकी का निर्माण कर हर घर जल पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण आज शनिवार को भी होगा। कार्यक्रम में सुमन, रामभरत उपाध्याय और शमा परवीन ने प्रशिक्षण देने का कार्य किया। व्यवस्था की .ष्टि से समाजसेवी अनिल सिंह आशीष चैरसिया राहुल सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा दीपाली, सरिता सिंह, स्वाति, शमीम बानो, बन्दना पाण्डेय का भी सराहनीय योगदान रहा।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ तनुजा यादव, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विष्व सम्भावनाओं से परिपूर्ण है। रोज नये-नये करियर विकल्पों का आगाज हो रहा है। आपकी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी यह है कि अपने कौशल व अभिरुचि के अनुसार करियर का चुनाव करें। यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। नियोजकों से संवाद करें सेवा शर्तों के बारे में पता करें। उसी नियोजक के यहां सेवा का चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सके। कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कंपनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी गयी।

रोजगार मेले में चार कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। जिसमें 226 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न पदों हेतु कुल 52 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। स्फाकिया ऐरोटेक (ओपीसी) प्रा.लि. द्वारा 12 पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि. द्वारा 21 मेक आर्गेनिक इंडिया द्वारा 11 एवं एक्सजेंट एक्वा प्रा.लि. द्वारा आठ अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी तनुजा यादव, सहायक रोजगार सहायता अधिकारी आलोक मिश्र एवं सहायक रोजगार सहायता अधिकारी संतोष प्रजापति द्वारा कम्पनी प्रतिनिधियों का सम्मिलित रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सीएम श्रीवास्तव ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट अधिकारी तथा नवीन कुमार सिंह राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रायबरेली मनोज कुमार निदेशक आरसेटी इण्डियन बैंक, अमर समन्वयक कौशल विकास संस्थान से रोजगार मेले में मौजूद रहे है।

## पीएम सम्मान निधि के कृषकों का डाटा एसडीएम करें सत्यापित

रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बचत भवन सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना बैठक की गई। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पंजीकृत कृषकों का तहसील स्तर पर लंबित डाटा का सत्यापन उप जिलाधिकारियों द्वारा दो दिन के अन्दर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने उक्त योजनान्तर्गत आयकर दाता लाभार्थियों, कृषकों द्वारा प्राप्त की गई निधि/धनराशि को वापस हेतु प्रेरित करने सम्बन्धित एसडीएम को निर्देश दिये। बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पंजी.त .षकों का डाटा सत्यापन के बारे में बताया कि जनपद की समस्त तहसीलों पर कुल 5245 कृषकों का डाटा सत्यापन किया जाना है जिसमें तहसील सदर में 919 .षकों का डाटा सत्यापन किया जाना है। इसी प्रकार तहसील महराजगंज में 1006, डलमऊ 270, लालगंज 831, ऊँचाहार 2101 एवं सलोन में 118 कृषक का डाटा सत्यापन किया जाना है।

## तीन घरों में चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शिवगढ़ (रायबरेली)। दर्जनों से ऊपर चोरियां का खुलासा शिवगढ़ पुलिस कर भी न पाई थी कि थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने तीन घरों में चोरी की घटना को अंजाम देकर नगदी सहित लाखों के सोने चांदी के जेवरात पार किए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत अभिषेक पटेल पुत्र स्व. गंगा प्रसाद व देवी प्रसाद पुत्र तेज नारायण व राम.पाल पुत्र रघुनाथ चंदापुर मजरे गूढ़ा निवासी थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली के घर में बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर देकर नगदी सहित लाखों के जेवरात पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। अभिषेक पटेल ने थाने में दिए गए शिकायती पत्र में लगभग दो लाख 50 हजार के सोने चांदी के जेवरात व 15 हजार नगदी का जिक्र किया है। वहीं देवी प्रसाद ने 20 हजार के जेवरात व चार हजार नगद का जिक्र किया है। इस मामले में थानाध्यक्ष राकेश चंद्र आंनद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस की टीमें गठित कर दी गई है जल्द चोरियां का खुलासा किया जाएगा।

चोरों ने बैंती ग्राम पंचायत में चार माह पूर्व ज्वैलरी शॉप व अन्य घरों में नगदी व लाखों के जेवरात पार किए थे। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था लेकिन शिवगढ़ पुलिस अब तक नहीं पकड़ सकी चोर को।

## नि:शुल्क आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए करें सम्पर्क

रायबरेली। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने जनपद के जनसामान्य को अवगत कराया है कि विगत चार मई से 18 मई तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें आयुष्मान गोल्डेन कार्ड निःशुल्क बनाये जा रहे हैं। इस आयुष्मान कार्ड से पाँच लाख रूपये की चिकित्सा सुविधा प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति प्राप्त होगी। इस कार्ड से पूरे देश के किसी भी राज्य के सरकारी चिकित्सालय एवं चिन्हित प्राईवेट चिकित्सालय में इलाज करा सकेगें। कार्ड बनवाने हेतु अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर सम्पर्क कर सकते हैं यह प्रतिदिन निःशुल्क बनाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ग्राम सभा में कैम्प भी लगाये जा रहे हैं जिसमें यह कार्ड निःशुल्क बनाये जायेंगे। कैम्प की तिथि, समय व स्थान की सूचना अपने ग्राम की आशा से प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान कार्ड हेतु अपना आधार कार्ड एवं राशन कार्ड लाना आवश्यक होगा।

## लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं: सुमित कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली अब्दुल शाहिद के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय रायबरेली, परिवार न्यायालय रायबरेली, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायबरेली व सभी तहसील मुख्यालयों में 14 मई 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर सरल निस्तारण कराना है। कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में आम जनमानस को जागरूक करने हेतु पराविधिक स्वयं सेवकगण द्वारा पैम्फलेट, स्टीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुमित कुमार द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यापक स्तर पर बैंक से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामले, बीमा से संबंधित मामले, राजस्व से संबंधित मामले, विद्युत से संबंधित मामले, जल से सम्बन्धित मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से सम्बन्धित मामले, परिवार न्यायालय से संबंधित मामले एवं शमनीय दाण्डिक मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। लोक अदालत में निस्तारण होने पर निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं होती है तथा मामला अन्तिम रूप से निस्तारित हो जाता है। समस्त विद्धान अधिवक्तागण एवं वादकारीगण अपने मामलों को संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र के माध्यम से लगवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त ई-चालान व चेक बाउंस के मामलों का सरल व सहज तरीके से लोक अदालत में निस्तारण कराया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

## अण्डर-14 आयुवर्ग के जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल में 152 खिलाड़ियों ने लिया भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। उत्तर प्रदेष क्रिकेट एसोसिएषन के संयोजन में रायबरेली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएषन की ओर से 14 वर्ष से कम अण्डर-14 आयु वर्ग (बालक) का रायबरेली, प्रतापगढ़ व अमेठी जनपद का जिला स्तरीय ट्रायल एनएस क्रिकेट एकेडमी के ग्राउण्ड पर सम्पन्न हुआ। यूपीसीए के चयनकर्ता व पूर्व रणजी खिलाड़ी अलीगढ़ से असलम अली, बरेली से कमलकान्त कनौजिया एवं लखनऊ से आरिस आलम ने तीनों जिलों से आये हुए अण्डर-14 आयु वर्ग के कुल 162 पंजीकृत खिलाड़ियों का ट्रायल लिया। सभी किषोर खिलाड़ियों में अपनी बैटिंग, बॉलिंग व कीपिंग की प्रतिभा को चयनकर्ताओं के सामने प्रदर्षित करने की होड़ लगी रही। चयनकर्ताओं ने उसके बाद महिला के सभी आयु वर्ग में पंजीकृत महिला खिलाड़ियों का भी ट्रॉयल लिया गया। चयनकर्ताओं ने कड़ी मेहनत व परिश्रम करने के बाद तीनों जनपदों के अण्डर-14 आयु वर्ग व महिलाओं के सभी आयु वर्गों की अति प्रतिभाषाली खिलाड़ियों को चयनित करते हुए उत्तर प्रदेष के सत्र 2022-23 हेतु बनने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा को भी गहराई से परखा।

आरडीसीए के डायरेक्टर व यूपीसीए के संयुक्त सचिव मोहम्मद फहीम ने बताया कि अण्डर-14 आयु वर्ग बालक व महिलाओं के सभी आयु वर्गों के ट्रायल एनएस क्रिकेट एकेडमी ग्राउण्ड पर सम्पन्न कराये गये। यूपीसीए द्वारा नामित चयनकर्ताओं ने सभी 162 खिलाड़ियों का ट्रायल लिया और ट्रायल के पश्चात खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा के आधार पर तीनों जनपदों के प्रतिभाषाली खिलाड़ियों को चयनित करके चयनित खिलाड़ियों की सूची अलग-अलग अपने पास सुरक्षित कर ली है। ट्रायल को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में ट्रायल संयोजक नदीम सिद्दीकी, कोआर्डीनेटर आषीष त्रिपाठी, सुधान्षु सोनकर, मोहम्मद नाजिम, अभिषेक शुक्ला आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## पुलिस महकमें में बड़ा फेरबदल

# 16 थानों के बदले गये प्रभारी आठ की गयी थानेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पुलिस विभाग में बड़ा फ़ेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बृहस्पतिवार को कई थाना प्रभारियों के साथ ही कई उपनिरीक्षकों का स्थानांताण कर उन्हें थाने का प्रभार दिया गया है। कटरा बाजार में तैनात रहे प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह को कर्नलगंज कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। मनकापुर कोतवाली में तैनात प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता को थाना धानेपुर में तैनात किया गया है। परसपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह को छपिया थाने में प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि छपिया में तैनात रहे चितवन कुमार को कटरा बाजार थाने का प्रभार दिया गया है। कोतवाली नगर क्षेत्र चौकी प्रभारी महाराजगंज कुबेर तिवारी को खरगूपुर थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। कौड़िया थाना प्रभारी निरीक्षक प्रबोध कुमार को मोतीगंज थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।उमरी बेगमगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक रहे करुणाकर पाण्डेय थाना इटियाथोक का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। मसकनवा पुलिस चौकी प्रभारी रहे मुकेश पाण्डेय को थाना उमरी बेगमगंज का प्रभार दिया गया है। कटरा बाजार थाने में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा को खोड़ारे थाने का प्रभार दिया गया है।बालपुर चौकी प्रभारी चंद्र प्रताप सिंह को थाना वजीरगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक के वाचक रहे शमशेर बहादुर सिंह को परसपुर थाने की कमान दी गई है। यूपी प्रभारी 112 कमलाकांत त्रिपाठी को देहात कोतवाली का प्रभार दिया गया है। मीडिया प्रभारी सेल मनोज कुमार राय को मनकापुर कोतवाली का प्रभार दिया गया है। पीआरओ पुलिस अधीक्षक तेज प्रताप सिंह को नवाबगंज थाने का प्रभार दिया गया है।

# मंत्री ने किया जिला चिकित्सालय व गेहूँ क्रय केन्द्र का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के भ्रमण पर आये मा. मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश श्री राकेश सचान ने पूर्व मंत्री विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी व बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर विनय द्विवेदी, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. अनिल के. साहनी, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों, पार्टी पदाधिकारी राहुल राय व राघवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान मा. मंत्री श्री सचान ने कोविड कमाण्ड सेन्टर, इमरजेन्सी वार्ड सहित अन्य वार्डों, आक्सीजन जनरेट प्लान्ट का निरीक्षण किया तथा चिकित्सालय में भर्ती मरीज़ों एवं उनके तीमारदारों से जिला चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त की। मा. मंत्री श्री सचान जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए सीएमओ, सीएमएस व प्राचार्य को निर्देश दिया कि यहाँ पर आने सभी मरीज़ों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं प्रदान की जायें।

श्री सचान ने कोविड जांच का दायरा बढ़ाये जाने का भी निर्देश दिया। जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के पश्चात मा. मंत्री श्री सचान ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर पहुॅचकर मार्केटिंग द्वारा द्वारा संचालित गेहूॅ क्रय केन्द्र का निरीक्षण कर क्रय केन्द्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, गेहूॅ खरीद की स्थिति, खरीद के सापेक्ष किसानों को किये गये भुगतान इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। क्रय केन्द्र के निरीक्षण के कमोलिया खास के कृषक हृदय राम तिवारी पुत्र कल्पराम तिवारी के 60 कुण्टल उपज तथा ग्राम सिटकहना निवासी मेहीलाल के 43 कुण्टल उपज की खरीद की जा रही थी। मां. मंत्री श्री सचान दोनों किसानों से क्रय केन्द्र की व्यवस्थाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त की। किसानों द्वारा बताया गया कि उन्हें अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। यहाँ पर श्री सचान ने डिप्टी आर.एम.ओ. व सचिव मण्डी को निर्देश दिया कि मण्डी परिसर में आने वाले किसानों को किसी प्रकार असुविधा नहीं होनी चाहिए।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक

बहराइच । अपमिश्रित खाद्य पदार्थों, नकली अधोमानक एवं मिथ्या छाप औषधियों के निर्माण एवं विक्रय की प्रभावी रोकथाम हेतु जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर विनय द्विवेदी, डीआईओएस डॉ. चन्द्रपाल, दुग्ध विकास अधिकारी नाथू सिंह, उपायुक्त उद्योग महेश कुमार शर्मा, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप सिंह, बीएसए अजय कुमार, सहायक आयुक्त (खाद्य) विनोद कुमार शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान डीएम डॉ. चन्द्र ने निर्देश दिया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के कार्यों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं एकरूपता लाने हेतु स्टेक होल्डर्स एवं जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु कार्यशाला/संगोष्ठी के आयोजन के साथ-साथ अन्य माध्यमों के द्वारा भी प्रचार-प्रसार किया जाय।

# बजबजा रही हैं नालियां नदारद हैं सफाई कर्मी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोतीगंज गोंडा। मनकापुर ब्लॉक ब्लॉक क्षेत्र ग्राम पंचायत गढ़ी मोतीगंज में कई दिनों से सफाई कर्मी के न आने से कूड़े कचरे से सनि नालिया बजबजा रही है, जिससे उठती दुर्गंध से ग्रामीण वासियों बाजार वासी संक्रमण के डर से परेशान हैं, बताते हैं कि ग्राम पंचायत गढ़ी में सफाई कर्मी की नियुक्ति तो है किन्तु जिम्मेदार अधिकारियों और नेताओं की सेटिंग के चलते कई दिनों से सफाई कर्मी ग्रामीणों को सफाई कर्मी के सफाई करने का दर्शन नहीं हुए हैं। आलम यह है कि ग्रामवासी अपने सफाई कर्मी को पहचानते तक नहीं है। जहां एक और स्वास्थ्य विभाग के साथ ही जिमेदार अधिकारी ग्रामीणों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हैं। संक्रामक बीमारियों से बचाव के घरों के आसपास साफ-सफाई की बात करते हैं। तो वही दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों की लचर कार्यशैली एवं सफाई कर्मी की लापरवाही से ग्राम सभा की नालियां बंजबजा रही हैं। नालियों की उड़ती दुर्गंध एवं मच्छरों के पनपने से ग्रामीण डरे हुए हैं।

# राकेश सचान ने विकास प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के भ्रमण पर आये मा. मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश श्री राकेश सचान ने पूर्व मंत्री विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी व बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना सहित अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन के साथ कलेक्ट्रेट पहुॅचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। मंत्री श्री सचान ने मौजूद जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कौशल विकास, बेसिक शिक्षा, उद्यम एवं प्रोत्साहन, स्वास्थ्य, आई.सी.डी.एस., पशुपालन, दुग्ध विकास, आयुष, उद्यान, मत्स्य, गन्ना, रेशम व कृषि सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी स्टालों का अन्य अतिथियों के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। तदोपरान्त विभिन्न विभागों द्वारा सजाये गये पण्डालों का निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आईसीडीएस विभाग के पण्डाल के अवलोकन के दौरान मा. मंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया तथा कृषि विभाग के स्टाल पर 02 किसानों को ढैंचा बीज किट का वितरण किया। प्रदर्शनी के अवलोकन के उपरान्त मा. मंत्री श्री सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अन्य अतिथियों के साथ मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत लाभार्थी दीपेन्द्र कुमार व प्रभात कुमार को थ्री व्हीलर विद आइस बाक्स व मोटर साईकिल विद आइसबाक्स हेतु प्रमाण-पत्र, कृषि विभाग अन्तर्गत कृषक अमेरिका प्रसाद व घुरहु को फसल बीमा क्षतिपूर्ति के लिए स्वीकृति-पत्र, डीआरडीए द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत हंसराजा व ननकऊ को आवास की चाभी, नगरीय विकास अभिकरण अन्तर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लिए मोहनी पाठक को आवास की चाभी व प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना हेतु अभय कुमार वर्मा को डेमो चेक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विद्युत सखी योजना के लिए राजकुमारी को थर्मल प्रिन्टर व वन जी.पी. वन बी.सी. के लिए संगीता गौतम को माइक्रो ए.टीएम. का वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित आयुष्मान भारत योजना के तहत नीतू व जगरनाथ को स्वीकृति पत्र, श्रम विभाग द्वारा संचालित मृत्यु विकलांगता एवं अक्षमता पेंशन सहायता योजना के तहत लाभार्थी कुन्ना को डेमो चेक, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विभाग के तहत विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लिए छोटकी को दर्जी टूल किट, सूर्जनदीन को बढ़ई टूल किट, गोवर्धन को हलवाई टूल किट, अनमिका चौधरी को अचार चटनी टूल किट, जिला प्राबेशन विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के तहत निकिता व दिव्यांशु राव को टूल किट तथा खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा शटरिंग उद्योग के लिए पराग दत्त को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।

# पंडरी कृपाल कोटेदार के विरूद्ध कृष्ण मोहन मिश्रा ने शपथ पत्र के साथ दिया शिकायती पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । पंडरी कृपाल कोटेदार के विरूद्ध गांव के कृष्णमोहन मिश्रा ने चौबीस अप्रैल को उप जिला अधिकारी सदर गोण्डा को शपथ पत्र के साथ एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था।जिसकी जांच करने गए सप्लाई स्पेक्टर अतुल श्रीवास्तव को शिकायकर्ता व गांव के लोगों ने बयान दिया और अपने बयान में सभी ने बताया की उचित दर विक्रेता मीनादेवी व उनके पति अनिल कुमार यादव प्रति यूनिटएक किलो राशन कम देते हैं और अंगूठा लगवाने के दो तीन दिन बाद राशन देते है। राशन कम देने की बात पूछो तो वह बताते हैं कि इस पर खर्चा आता है अधिकारियों कथो पैसा देना पड़ता है इसलिए एक किलो प्रति यूनिट राशन काट लेता हूं और अगर कोई शिकायत करोगे तो राशन कार्ड से तुम्हारा नाम कटवा दूंगा फिर लेते रहना राशन।

# सदस्य महिला आयोग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ महिला जन सुनवाई दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती मनोरमा शुक्ला के द्वारा राजकीय गेस्ट हाउस बहराइच में मिशन शक्ति फ़ेज-4.0 के अन्तर्गत एक दिवसीय महिला जनसुनवाई एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम से मा. सदस्य महोदया द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर मिशन शक्ति कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम के संचालन एवं विभागीय महिला कार्मचारियों को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों को मिशन शक्ति कार्यक्रम में सम्मानित किये जाने पर चर्चा की गयी। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के अन्तर्गत लाभान्वित तीन बालिकाओं मोनिका पुत्री शिवकुमार, श्रेया पुत्री मनोज कुमार मिश्रा, दिव्यांशी पुत्री स्व0 गोविन्द स्वरूप भारद्वाज को लैपटॉप वितरण किया। इसके अलावा 06 महिलाओं द्वारा मा0 सदस्य महोदया के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत की गयी। शिकायत पर कार्यवाही हेतु मा0 सदस्य महोदय द्वारा सम्बन्धित विभाग को निर्देशित किया गया। इसके बाद मा0 महोदया द्वारा वृद्धाआश्रम का निरीक्षण किया गया एवं मिष्ठान वितरण किया गया। महिलाओं द्वारा खुश होकर मा0 महोदया को भजन सुनाया गया। उक्त कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रभारी महिला थाना, जिला बेसिक अधिकारी प्रतिनिधि एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारी एवं जनसामान्य मौजूद रहे।

# रेलकर्मी के 19 वर्षीय पुत्र का मिला शव, हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के बिछिया रेलवे कॉलोनी स्थित बिजी ऑफिस के पीछे रेलवे के खाली क्वार्टर के सामने 19 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आशंका जाहिर की जा रही कि युवक की हत्या की गई है,या छत से गिरने से मौत हुई है। पुलिस इन सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही दो युवको को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक, गोंडा जनपद के परपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद गोरखपुर रेलवे स्टेशन स्थित पार्सल घर में हमाल पद पर कार्यरत है।तथा शाहपुर इलाके के बिछिया स्थित बीजी ऑफिस के पीछे 626 जी रेलवे कॉलोनी में 30 वर्षों से परिवार के साथ रहते हैं। राजेंद्र का 19 वर्षीय पुत्र शिवा चौहान पंजाब में अपने चाचा के साथ रखकर काम करता था। एक महीना पहले पंजाब से घर आया था। बृहस्पतिवार की शाम पंजाब जाने के लिए घर से निकला था कि रात 1:00 बजे उसके दोस्त ने मृतक के भाई रमन के नंबर पर फोन कर बताया कि तुम्हारा भाई गिरकर घायल हो गया है। जिसके बाद पिता और भाई अपने क्वार्टर से 200 मीटर आगे पहुंचे तो एक क्वार्टर के सामने फर्श पर खून से लथपथ पड़ा था। आनन-फानन में परिजन आटो से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहा डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते परिजन शव को लेकर घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही फोन करने वाले दोनो दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। 19 वर्षीय शिवा उर्फ चिंपैंजी अविवाहित था। दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। और पंजाब मे अपने चाचा के साथ रहकर काम करता था। विगत एक महीना पहले गोरखपुर आया था।लोगो ने बताया कि स्मैक और नशे का इंजेक्शन लेता था। शिवा चौहान की जिस जगह शव मिली है वहां के लगभग दर्जनों क्वार्टरें खाली हैं। अधिकतर क्वार्टरों में खिड़की दरवाजे नहीं है।

# कैशलेस इलाज में शामिल हो ओपीडी की सुविधा : रूपेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की एक आपात आवश्यक बैठक आज सायंकाल सिंचाई विभाग परिसर में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव एवं संचालन मंत्री श्री अश्वनी ने किया, बैठक को संबोधित करते हुए श्री रुपेश श्रीवास्तव ने कहा माननीय योगी जी कैशलेस इलाज कार्ड में ओपीडी की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराना विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि जो कर्मचारी/ पेंशनर कैशलेस कार्ड बन रहा है उसमें ओपीडी की सुविधा नहीं दी जा रही है यदि ऐसा हुआ तो वह कार्ड कर्मचारियों के लिए रद्दी का टुकड़ा साबित होगा, सरकार पूर्व से जो चिकित्सा प्रतिपूर्ति देती है वह ओपीडी से लेकर सर्जरी तथा सभी प्रकार की बीमारियों के लिए चिकित्सा प्रतिपूर्ति मिलता है, माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है की उसी प्रकार कैशलेश इलाज कार्ड में भी व्यवस्था की जाय, तथा माननीय मुख्यमंत्री जी कैशलेस क्लास कार्ड का शुभारंभ गोरखपुर में कर्मचारी स्वास्थ्य सम्मेलन आयोजित करके करने की कृपा करें। मंत्री श्री अश्वनी श्रीवास्तव ने कहा सरकार सातवें वेतन आयोग के खामियों को दूर करें और लंबित सहमत मांगों को भी यथाशीघ्र पूरा करें, व्यवस्थापिका कार्यपालिका और न्यायपालिका में एक राष्ट्र एक पेंशन की व्यवस्था बनाई जाए, का बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान माई के वेतन से कराने का शासनादेश जारी करें। उपाध्यक्ष मदन मुरारी शुक्ला ने कहा माननीय मुख्यमंत्री जी राजस्थान और छत्तीसगढ़ की तर्ज पर पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करें, क्योंकि एलआईसी में आईपीओ के आने से एलपीएस में भारी गिरावट दर्ज की गई है जिससे कर्मचारी सदमे में है इसलिए हम अपने यशस्वी मुख्यमंत्री से आग्रह करते हैं कि वह कर्मचारी हित में पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करें।

बैठक में इंजीनियर अनिल किशोर पांडे इंजीनियर ई0 बृजेश द्विवेदी, ई0 लालचंद गुप्ता,संतोष कुमार, मनोज पांडेय, अरूण द्रिवेदी, सूर्यवेद यादव, ओंकार नाथ राय,अजय सोनकर उदय प्रताप सिंह अनूप कुमार, डा0 एस के विश्वकर्मा,वरुण बैरागी, राजेश सिंह, जयराम गुप्ता शब्बीर अली, इजहार अली, रामधनी पासवान, निसार अहमद,अरविंद सिंह, अजय सिंह, विजय शर्मा,विनीता सिंह,शीला पांडेय,मो0आरिफ, फुलई पासवान सूर्यवेद यादव, ओंकार नाथ राय,अजय सोनकर उदय प्रताप सिंह, योगेन्द चौबे, कृष्ण मोहन पांडे, कृष्ण मोहन गुप्ता, रामचन्द्र पांडेय,अदील अहमद, चंद्रभूषण पांडेय, दिलीप मिश्रा, सन्तोष गुप्ता, शम्भुनाथ, लवकुश उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर शिक्षकों ने दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर / महराजगंज। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जनपदीय शाखा महाराजगंज के ब्लॉक इकाई घुघली के शिक्षक शिक्षिकाओं के साधारण सभा की बैठक बीआरसी सभागार घुघली महाराजगंज में संपन्न हुई। इस अवसर पर ब्लाक इकाई के वर्तमान कार्य समिति को भंग करके निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। जिसमें निर्वाचन अधिकारी दिलीप विश्वकर्मा एवं पर्यवेक्षक अखिलेश मिश्रा रहे। निर्वाचन में बड़ी संख्या में शिक्षक/ शिक्षिकाओं के द्वारा घनश्याम यादव को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। महामंत्री के रूप में पवन पटेल निर्वाचित किए गए। इस अवसर पर निर्वाचित प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के सापेक्ष मात्र एक घनश्याम यादव और मंत्री पद के सापेक्ष दो पर्चे दाखिल किए गए। मंत्री पद पर क्रमशः पवन पटेल एवं उमेश प्रसाद द्वारा पर्चे दाखिल किए गए परंतु उमेश प्रसाद द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के कारण निर्वाचन अधिकारियों द्वारा अध्यक्ष पद पर घनश्याम यादव एवं मंत्री पद पर पवन कुमार पटेल को निर्वाचित किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों को राष्ट्रीय सचिव संजय मिश्र, जिला अध्यक्ष बलराम निगम, जिला महामंत्री अंबरीष शुक्ला जिला कोषाध्यक्ष दिलीप विश्वकर्मा, निचलौल ब्लॉक अध्यक्ष शशिकेश तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी, सदर ब्लॉक मंत्री अखिलेश मिश्रा, निवर्तमान मंत्री रिजवानुल्लाह खां ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल माला पहना कर बधाई दिया। इस अवसर पर अजय पांडे, अनीता सिंह, अर्चना सिंह, करुणाकर पांडेय, पूर्व अध्यक्ष जगदीश शर्मा, राकेश राय, अजय पटेल, मनीष शर्मा, दयाशंकर, वाकिर अब्बास आदि बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# फ्रेशर पार्टी को लेकर छात्रों में मारपीट, दो गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बीजेपी विधायक विनोद सिंह के केएनआईएमटी कॉलेज में छात्रों के दो गुटों में कल हुई मारपीट में पुलिस ने अबतक केस नहीं दर्ज किया है। इस मामले में दो छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं जिनका इलाज हॉस्पिटल में जारी है। वही पीड़ित छात्रों का कहना है कि पुलिस सत्ता के दबाव में कार्रवाई से बच रही है।

बताते चले कि गोसाईगंज थाना क्षेत्र के फरीदीपुर में केएनआईएमटी कॉलेज स्थापित है। इस कॉलेज के हॉस्टल के छात्रों ने कॉलेज फैकेल्टी में ही दबंगई मचा रखी है। यहां फार्मेसी संकाय के दो छात्र अनुभव पाठक व ऋषभ सिंह जोकि कॉलेज के फ्रेशर पार्टी को आयोजित करने में सहयोग हेतु अध्यापको के दिशा निर्देश में सभी छात्रों से शुल्क राशि को जमा करवाने के सहयोग में लगे थे। उसी संकाय के छात्र सुधाकर मिश्रा, पवन चैधरी हरिकिशन चैधरी, पंकज बागी, मेहताब सिद्दीकी, अर्पित द्विवेदी, आदर्श पटेल, गौरव यादव, विकास मौर्य, संदीप विश्वकर्मा, सचिन सिंह यादव, हसीब अरशद व कुछ अज्ञात छात्रों ने गुट बनाकर अनुभव व ऋषभ से पैसे की मांग की। जिसका इन लोगों ने विरोध किया विरोध करने पर कॉलेज कैंटीन के अंदर गुट बना कर मेहताब सुधाकर मिश्रा और उक्त छात्रों ने खुले आम सबके सामने अनुभव व ऋषभ सिंह को लात जूतो और बेल्ट आदि से बहुत मारा। आरोप है कि इनके पास जमा 3000 रुपये छीन लिए। घटना की जानकारी 112 नम्बर पर देने पर पुलिस आधे घण्टे बाद पहुंची। तब तक दबंग छात्र घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। पीड़ित छात्रों ने घटना की सूचना की प्राथिमिकी दर्ज कराने की तहरीर गोसाईगंज थाने पर दे दी है। पुलिस उन्हें मेडिकल कराने ले गई। लेकिन 24 घंटे बीत चुके हैं और अबतक कार्रवाई नहीं हुई है। थानाध्यक्ष का कहना है कि मेडिकल के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यालय में अपना भविष्य उज्जवल बनाने लिए छात्रों का निशुल्क नामांकन प्रारंभ

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरिया दुलाई स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नए सत्र हेतु नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसमें बालिका वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक निशुल्क आवासीय प्रवेश लिया जाएगा विद्यालय में बालिकाओं के नामांकन के लिए मात्र 100 सीटें हैं सभी अभिभावक अपनी बालिकाओं का नामांकन कराकर निशुल्क शिक्षा ग्रहण करा सकते हैं किसी प्रकार की जानकारी के लिए विद्यालय के संपर्क सूत्र 9568439701 पर बात करके पूरी जानकारी ले सकते हैं उक्त जानकारी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी है।

# न्याय की जगह पुलिस से पीड़िता को मिली अश्लील, आपत्तिजनक गालियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बकरी चोरी की तहरीर देना पीड़िता को उस वक्त महंगा पड़ गया जब वह चोरों के खिलाफ तहरीर देने बल्दीराय थाने पहुंच गयी। उसे क्या पता था कि थाने में पहले से ही चोरों की प्रभावशाली पैरवी से अश्लील अमर्यादित गालियों के साथ अपमानित कर भगा दिया जाएगा। न्याय व दोषियों पर उचित कार्यवाई के लिए पीड़िता ने मुख्यमंत्री व सुल्तानपुर पुलिस कप्तान तथा महिला आयोग से गोहार लगाई है। मामला बल्दीराय थानांतर्गत देहली बाजार निवासिनी कुसुम वर्मा से जुड़ा है जो अति निंधन बूढ़ी विधवा मां के साथ झोपड़ी में निवास करती है। सरकारी सुविधाओं से वंचित पीड़िता बकरी पालकर किसी तरह जीविकोपार्जन कर रही है। गरीबी में दबंगचोरों का कहर लगभग एक वर्ष से इस परिवार पर जारी है। बाइक सवार दो लोग दिन में ही आते हैं और देखते ही देखते बकरी पकड़कर बाइक पर लादकर फुर्र हो जाते हैं। पीड़िता हर बार थांना पुलिस को फोन व लिखित सूचना देती है किंतु नतीजा ढाक के तीन पात ही रहे हैं। तहरीर के मुताबिक तीन मई को भी दोपहर करीब 12 बजे एक बाइक पर दो सवार आये और बकरी को बाइक पर लाद ही रहे थे कि देखते ही कुसुम वर्मा चोरों से भिड़ गई व गोहार लगाईं जिसपर आसपास के लोग भी आये और रंगे हाथ दोनों चोरों को पकड़कर थाना पुलिस को सौंपने के बाद, पीड़िता ने लिखित तहरीर देकर उचित कार्यवाई की मांग की। थांना पुलिस ने दूसरे दिन पीड़िता को थाने पर बुलाया। दूसरे दिन थाने पर जब पीड़िता पहुंची तो वहां थाने के दीवान यादव (नाम नही जानती है, देखने पर पहचान लेगी) चोरों का पक्ष लेते हुए कुसुम वर्मा को अश्लील, अमर्यादित आपत्तिजनक महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली भद्दी भद्दी गालियों से नवाजते हुए चोरों के सामने ही जलील किया और चोरों से कहा कि जेल ही जाना है तो बकरी चोरी नही इसे मारपीट कर आओ तो जेल जाओ और चोरों को छोड़ दिया। पीड़िता के अनुसार ,मनोज वर्मा नामक व्यक्ति जो देहली बाजार के पास ही मांसाहारी ढाबा चलाता था उसका भी चोरों से गहरा संबंध है। मनोज वर्मा व चोरों का दीवान से अच्छा सम्बन्ध है जिसके पैरवी से दबी पुलिस ने चोरों को भगा दिया। ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि बल्दीराय पुलिस पीड़ितों को पक्ष व न्याय के बजाय चोरों व अपराधियों को बल तथा संरक्षण क्यों दे रही हैं। फिर जहां योगी सरकार महिला सुरक्षा और सुदृढ़ीकरण के लिए शतत प्रयास में है तो वहीं बल्दीराय थाने में ही एक गरीब महिला को न्याय के एवज में अमर्यादित व लज्जा को शर्मशार करने वाली गालियों से नवाजा जाता है। थाना में सुनवाई न होने पर कुसुम वर्मा पुत्री रामसुमेर वर्मा निवासी देहली बाजार ने चोरों व थाना पुलिस से जानमाल तथा परिवार को किसी भी साजिश के शिकार की आशंका जताई है तथा मुख्यमंत्री उ0प्र0शासन व महिला आयोग एवम पुलिस कप्तान सुल्तानपुर से न्याय व दोषियों पर कार्यवाई की मांग की है।

छत के रास्ते घुसे चोरों ने पांच लाख के जेवर पर हाथ साफ किया

बल्दीराय/सुल्तानपुर। थाना बल्दीराय अंतर्गत पूरे बच्चा मिश्र गोविंदपुर में राम दत्त मिश्रा पुत्र द्वारिका प्रसाद के घर पर बीती रात में अज्ञात चोरों ने घर के छत से घुसकर घर में रखी अलमारी को तोड़कर उसमें रखा लगभग 5 लाख का जेवर तथा घर मे लगी एलइडी टीबी पर हाथ साफ कर दिया।

ज्ञात रहे की रामदत्त मिश्रा का परिवार घर के बाहर बरामदे में सो रहा था। लगभग 12:00 बजे के बाद अज्ञात चोरों ने घर के छत के सहारे अंदर घुस गए। और चोरों ने अलमारी को तोड़ दिया जिसमें रखा लगभग पांच लाख रुपए का गहना तथा अन्य समान अज्ञात चोर उठा ले गए। वहीं घर के बरामदे में लगी एलईडी को भी चोर खोलकर उठा ले गए परिजन को जब आहट हुई तो वह घर के अंदर जाकर देखें लेकिन तब तक चोर सारा समान लेकर घर के बाहर निकल गए राम दत्त मिश्रा ने इसकी सूचना तत्काल बल्दीराय को दी। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर डाग स्कवाड की टीम भी पहुंची और घटना की छानबीन की। बल्दीराय के थानाध्यक्ष प्रभाकांत तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी है पुलिस मौके पर गई है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सड़क पर धान की खेती कर किया अनोखा प्रर्दशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। बुधवार रात आए आंधी-तूफान और बारिश से जहां बिजली की समस्या आई वही सड़को पर जलभराव से पैदल चलना भी दुश्वार हो गया। जिले भर में ऐसी समस्या देखने को मिली है। इसी क्रम में कटका खानपुर से मायंग जाने वाली रोड भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। बार-बार मांग के बाद भी इसकी मरम्मत नहीं होने पर अब हुए जलभराव के बाद आप की छात्र विंग ने धान लगाकर अनोखा प्रर्दशन किया। मामला कटका खानपुर मार्ग का है जहां ग्रामीणों का कहना है कि बीते कई सालों से सड़कों की मांग उठाई जा रही है लेकिन सुल्तानपुर का गूंगा-बहरा प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। आज इस मौके पर उपस्थित छात्र संगठन सीवाईएसएस वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि बीते कई सालों से कई प्रकार से विरोध प्रदर्शन किया जाता रहा। लेकिन सुल्तानपुर के जनप्रतिनिधि व प्रशासन पूरी तरह से मूकदर्शक बना है। कटका खानपुर से मायंग जाने वाली रोड बड़े-बड़े गड्ढों में पूरी तरह तब्दील हो चुकी है। आंदोलन और खबरों के जरिए पूरे मामले को उजागर किया जाता रहा है। सुल्तानपुर का प्रशासन रोड पर अधूरी गिट्टी डालकर छोड़ देता है और पूरे मामले में लीपापोती करने लगता है। उन्होंने कहा सुल्तानपुर के सांसद मेनका गांधी केवल यहां पर बड़ी-बड़ी बातें करने आती हैं बाकी विकास के मामले में आज भी कटका खानपुर रोड बदहाली के आंसू रो रहा है। अधिकारी जनप्रतिनिधि कुंभकरण की नींद सो रहे हैं। जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। हम लोग लगातार कटका मायंग की नवीनीकरण के लिए आवाज उठा रहे हैं। शायद इसी की देन है कटका मायंग रोड को छोड़कर सभी रोड पर कार्य शुरू हो रहा है लेकिन कटका मायंग रोड की उपेक्षा की जा रही है।

# अंगवस्त्र भेंटकर सफाई कर्मियों का बढ़ाया उत्साह

## कूरेभार में 50 सफाई कर्मियों को मिला सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड कूरेभार के सभागार में सफाई कर्मियों के सम्मान समारोह में 50 सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कूरेभार खंड विकास अधिकारी दिव्या सिंह ने कहा कि क्षेत्र में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में सफाई कर्मियों की बड़ी भूमिका रहती है। यही नही कोरोना महामारी के दौरान भी अपने जीवन को दांव पर लगाकर गांवों में एक योद्धा की भांति स्वच्छता का कार्य करते रहे है। जिसके कारण यह कोरोना योद्धा बधाई के पात्र है। साथ ही कूरेभार बीडीओ ने सभी सफाई कर्मियों को गांव के सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ सफाई के साथ अन्य जरूरी निर्देश भी दिए। वही प्रभारी एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्र ने कहा कि स्वच्छता अभियान में सफाई कर्मियों की भागीदारी भुलाई नहीं जा सकती। इन्हें सम्मानित कर उत्साहित करना चाहिए। सम्मान कार्यक्रम में सफाई कर्मचारी संघ के कूरेभार ब्लाक अध्यक्ष भोला मिश्रा, महेंद्र वर्मा, सत्य प्रकाश, संजय वर्मा, दयाशंकर, रोशन लाल, कंचन कुमारी, महेंद्र गुप्ता, सुनीता देवी, संतोष कुमार, रेखा, गीता देवी, साई लाल, लियाकत अली, अजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार, रामजीत सहित कई विकास कर्मी व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# नैनो यूरिया आधारित किसान गोष्ठी आयोजित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। विकास खंड कूरेभार सभागार में नैनो यूरिया आधारित किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी सहकारिता मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री जे पी एस राठौर के निर्देशन पर प्रत्येक ब्लाक पर सहकारिता विभाग एवं इफको द्वारा मिलकर करवाया जा रहा है। गोष्ठी के मुख्य अतिथि दिव्या सिंह खंड विकास अधिकारी कूड़ेभार थीं। गोष्ठी में जगदीश प्रसाद वर्मा अपर जिला सहकारी अधिकारी सदर, विनोद कुमार मौर्य उप क्षेत्र प्रबंधक इफको सुल्तानपुर, प्रभात कुमार, सहायक विकास अधिकारी कूड़ेभार, प्रकाश कुमार मिश्र एड़ियों पंचायत एवं आसपास की काफी लगभग 100 की संख्या में किसानों ने भाग लिया किसान को नैनो यूरिया के विषय में, प्रयोग की विधि, इफको नैनो यूरिया के इस्तेमाल एव इससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नैनो यूरिया के इस्तेमाल से पर्यावरण, जल एवं मृदा प्रदूषण से बचाव के साथ ही साथ कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करने के बारे में बताया गया। किसानों को 1 बोतल नैनो यूरिया एक बोरी यूरिया के बराबर बताया गया। नैनो यूरिया का प्रयोग करने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। एक बोतल के नैनो यूरिया 500एमएल की होती है।इसका मूल्य ?240 प्रति बोतल है।

### कोटेदारों को लेना होगा फूड लाइसेंस,तहसीलों में पंजीकरण कैंप

बदायूं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के दायरे में अब सिर्फ होटल, रेस्टोरेंट संचालक ही नहीं होंगे। सभी तरह के खाद्यान्न एवं पेय पदार्थों के विक्रेताओं को इसके दायरे में लाया गया है। इसी क्रम में राशन डीलर (कोटे)की दुकान एवं शराब संचालकों के साथ मंडियों में पंजीकृत व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है।चंद्रशेखर मिश्रा सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड द्वितीय ने बताया कि जिले के सभी तहसीलों में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की तरफ 30 जून तक कैंप लागये जाएंगे। प्रदेश में संचालित शराब की दुकानें, कोल्ड स्टोरेज, मंडी परिषद, थोक विक्रेता,ट्रांसपोर्टर, फुटकर विक्रेता सभी तरह के खाद्यान्न एवं पेय पदार्थों के विक्रेता खाद्य पंजीकरण अवश्य कराएं। सदर तहसील में गुरुवार को 182 बिसौली 180,दातागंज 80 कैंप लगाकर फूड पंजीकरण किए गए।जनपद में अब तक लगभग 650 पंजीकरण हो चुके है।जनपद की तहसीलों में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनंजय शुक्ला, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ भूपेंद्र कुमार, राजीव कुमार, शम्भू दयाल,देवकांत, यतीश कुमार ने कैंप में शामिल होकर फूड पंजीकरण कराए।

# इंडियन कॉलेज स्पोट्र्स लीग में सुल्तानपुर ने मारी बाजी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कमला नेहरू संस्थान की महिला बास्केटबॉल टीम ने चैंपियनशिप जीती है। नोएडा में आयोजित इंडियन कॉलेज स्पोट्र्स लीग 2022 का खिताब जिले के कॉलेज के नाम हुआ है। जिसको लेकर अब जनपद में खुशी का माहौल है। बता दें कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी, नोएडा द्वारा 2 मई से 5 मई तक इंडियन कॉलेज स्पोट्र्स लीग 2022 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें महिला बास्केटबॉल टीम ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच केएनआई एवं बेनेट यूनिवर्सिटी नोएडा के मध्य खेला गया। जिसमें 35-20 स्कोर के साथ टीम विजेता हुई। सूचना मिलने पर संस्थान के प्राचार्य प्रोफ़ेसर आलोक कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से वार्ता की एवं शुभकामनाएं दीं।

### रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर कई हिन्दू संगठनों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

बीसलपुर। विकास खंड की ग्राम पंचायत रसियाखानपुर में बछड़े की हत्या करने वाले आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग उठी है कई हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तहसील पहुंचकर बीसलपुर एसडीएम को ज्ञापन दिया ज्ञापन में कहा गया है। कि गांव रसियाखानपुर निवासी रामदीन के बछड़े को 10 अप्रैल को गांव के लोगो ने चुराने के बाद मार डाला था। मरने के 1 दिन बाद ही नामजद तहरीर बीसलपुर कोतवाली में दी गई लेकिन बीसलपुर कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। ज्ञापन में आरोपियों के नाम खोलते हुए। तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में सुनील कुमार,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि वार्ड 130 विशेष कुमार वर्मा,हिंदू युवा वाहिनी जिला मंत्री अभिषेक मिश्रा,भाजपा नेता संगम बाजपेई, युवा मोर्चा के मंडल मीडिया प्रभारी गौतम शर्मा, भाजपा नेता गजराम गंगवार, विहिप के प्रखंड मंत्री अखिलेश कुमार,रामदीन,राजवीर नरेश सक्सेना सहित भारी मात्रा में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फरियादियों को शिकायत की रिसीविंग की सुविधा की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## एसडीएम ने ऑटो व ई रिक्शा खड़े करने को चार स्थानों को चिन्हित कर स्टेंड बनाया

बिसौली । शासन-प्रशासन निर्देश पर बीते कई दिनों से बिसौली पुलिस ने अवैध पार्किंग स्थल के खिलाफ अभियान चलाकर बिना रजिस्ट्रेशन के ऑटो और ई रिक्शा पकड़कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई पुलिस द्वारा की गई जिससे ऑटो व ई रिक्शा चालकों में खलबली मच गई । जिससे ऑटो चालकों की प्रतिदिन की रोजी रोटी का गुजारा कर परिवार का जीवन पोषण करना काफी मुश्किल हो गया ।

बिसौली दुर्गेश वार्ष्णेय जिला उपाध्यक्ष भाजपा के घर सैकड़ों की तादात में पहुंचे ऑटो ई रिक्शा चालक ने गुजर रहे परेशानी के बारे में अबगत कराया । भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने वार्ता कर ऑटो ई रिक्शा चालको की समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया । शुक्रवार को ऑटो ई रिक्शा चालक सैकड़ों की तादात में बिसौली तहसील परिसर में दुर्गेश वार्ष्णेय जिलाउपाध्यक्ष के साथ एसडीएम से मिलने पहुंचे । एसडीएम ज्योति शर्मा ने नगर पालिका प्रशासन की मौजूदगी में ऑटो चालकों से बात कर बिसौली नगर में ऑटो व ई रिक्शा चालकों की मनमर्जी के कारण आए दिन लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए निर्णायक फैसला लिया गया जिसमें बिसौली के अटल चैक चैराहे से आंवला रोड़,बदायूं रोड़, बिल्सी रोड़,इस्लामनगर मार्ग पर चलने सभी ऑटो ई-रिक्शा रामलीला मैदान में खड़ी होगी वही बिसौली दबतोरी रोड पर चलने वाले ऑटो रिक्शा बाई जी मंदिर के पास खड़ी की जाएंगी तो वही बिसौली चंदौसी रोड पर चलने वाली ऑटो ई रिक्शा नगर पालिका परिषद के सामने खड़ी की जाएगी इसके अलावा नगर में चलने वाले ई रिक्शा व ऑटो बुध बाजार अंबेडकर स्कूल पर खड़ी की जाएगी । ज्योति शर्मा एसडीएम बिसौली ने नगर पालिका परिसर बिसौली को चिन्हित किए गए स्थानों पर स्टैंड बनाने के निर्देश दिए इस दौरान दुर्गेश वार्ष्णेय जिलाउपाध्यक्ष भाजपा, शक्ति सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी ऋषि पाल सिंह कोतवाली प्रभारी नगर पालिका के सभासद नगर पालिका प्रशासन ऑटो चालक प्रमुखता से मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकली अंबेडकर शोभायात्रा एसडीएम सीओ ने किया शुभारंभ

बिसौली । तहसील क्षेत्र के गांव सिसईया में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बुद्ध अंबेडकर जन्मोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया यहां ग्रामीणों ने डॉ अंबेडकर व तथागत भगवान बुद्ध एवं अन्य महापुरुषों की दर्जनों सुंदर झांकियों की शोभा यात्रा गांव के मुख्य मार्गो से निकाली इसका शुभारंभ उप जिलाधिकारी ज्योति शर्मा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी शक्ति सिंह व बौद्ध महाउपासक डॉ क्रांति कुमार ने पंचशील की झंडी दिखाकर किया बुद्ध अंबेडकर जन्मोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में गांव सिसईया में निकाली गई शोभा यात्रा मुख्य मार्गों से होकर गुजरती हुई अंबेडकर पार्क पहुंची शोभा यात्रा का जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया शोभायात्रा में डॉ अंबेडकर के कार्यों और जीवन को दर्शाया गया इधर बुधवार की रात्रि में एम.एल मित्रा एंड पार्टी की तरफ से डॉ अंबेडकर ब भगवान बुद्ध की जीवन लीला का भव्य मंचन किया गया जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की कार्यक्रम में ग्राम प्रधान आनंद भारती एडवोकेट,डॉ हेम सिंह,सतीश चंद्र सागर,डॉ अजीत बाबू,सत्यपाल सागर,क्षेत्र पंचायत सदस्य डॉ मुकेश कुमार,गिरिराज किशोर, जयपाल सरपंच,हरनाम सिंह, राजेश्वर,हाकिम सिंह,अरुण कुमार,कुलदीप,संदीप आदि सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।

### रसोइयां विद्यालय खोल रही रोज, अध्यापक ले रहे घर पर मौज

बदायूं। सालारपुर ब्लाक के एक विद्यालय में लापरवाह अध्यापकों की बजह से शिक्षा का स्तर निरंतर गिरता जा रहा है। वहीं सरकार लगातार शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं।जिसको विद्यालय के अध्यापक पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।कायाकल्प का काम शिक्षा विभाग के अधिकारियों के कागजों में भले ही पूरा हो चुका हो लेकिन जमीनी स्तर पर सब शून्य है । विद्यालयों में बेशुमार गंदगी फैली हुई है । पेशाब घर गन्दे पड़े हुए हैं और कुछ में ताले लटके हुए हैं । ऐसा ही मामला ब्लाक सलारपुर क्षेत्र के गांव हरहरपुर प्राथमिक विद्यालय का सामने आया है जहां एक प्रधानाध्यापिका ,दो शिक्षामित्र व एक सहायक अध्यापक सहित चार लोगों का स्टाफ है । मामला शुक्रवार का है जहां सुबह 9 बजे तक कोई अध्यापक विद्यालय नहीं पहुंचा रसोईया ने विद्यालय का ताला खोलकर ईंटों के चूल्हे पर छात्रों के लिए खाना बना रही थी ।जिसके बाद शिक्षामित्र आशु विद्यालय में 9रू3 मिनट पर पहुंची और शिक्षामित्र महेंद्र 9रू20 मिनट पर विद्यालय में उपस्थित हुए।

# एसएसपी ने किया थाने का औचित्य निरीक्षण किया




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले के कुंवरगांव शासन के आदेशानुसार सभी थानों का एसएसपी द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। जहां शुक्रवार को एसएसपी डॉ ओपी सिंह ने कुंवरगांव थाने का औचक निरीक्षण किया जहां व्यवस्थाएं चाक चैबंद मिली। थाना परिसर की पीछे की साइड बाउंड्रीवाल अधूरी पड़ी है जिसका प्रस्ताव पास हो चुका है जहां एसएसपी ने थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा को बाउंड्रीवाल बनवाने के निर्देश दिए हैं।थाने में कुछ महिला कांस्टेबल की संख्या कम है जिसकी जल्द पूर्ति की जाएगी थाने में खड़े बड़े वाहनों को बदायूं भेजा जाए। फरियादियों के साथ पुलिसकर्मी के द्वारा अच्छा व्यवहार किया जाए।जहां थाने पर फरियादियों के लिए पानी व गुड़ की व्यवस्था भी चाक चैबंद मिली। एसएसपी ने भोजनालय को भी चेक किया जहां सब कुछ ठीक-ठाक मिला

## रोजगार का संकट

भारत में बेरोजगारी बीते कई वर्षों से चिंता का सबब रही है। लेकिन, महामारी ने इस गंभीरता को और बढ़ा दिया है। बेरोजगारी दर के आंकड़ों से स्पष्ट है कि घरेलू मांग में कमी और आर्थिक सुधारों की सुस्ती चिंताजनक बनी हुई है। भारत की बेरोजगारी दर मार्च में 7.60 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 7.83 प्रतिशत हो गयी। हरियाणा 34.5 प्रतिशत की बेरोजगारी दर के साथ देश में शीर्ष पर है, वहीं राजस्थान में यह 28.8 प्रतिशत है। शहरी बेरोजगारी दर मार्च से अप्रैल के बीच 8.28 प्रतिशत से बढ़कर 9.22 प्रतिशत हो गयी। हालांकि, सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआइई) के मुताबिक, ग्रामीण बेरोजगारी दर में मामूली गिरावट आयी है। सरकार के त्रैमासिक रोजगार सर्वेक्षण (क्युइएस) में कहा गया है कि व्यापार, मैनुफैक्चरिंग और आईटी समेत नौ प्रमुख क्षेत्रों में अक्तूबर से दिसंबर के बीच चार लाख नयी नौकरियों का सृजन हुआ है। हालांकि, महामारी के दौर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में लगभग एक करोड़ वेतनभोगी नौकरियां खत्म हो गयी थीं। इनमें से कितने लोग आजीविका में वापस आये और कितने आ सकते हैं, इसके बारे में अभी स्पष्ट नहीं है। रोजगार के मोर्चे पर आयी इस चुनौती को कई स्तरों पर देखा जा सकता है। बीते कुछ वर्षों में भारत में श्रम बल की भागीदारी दर में तेज गिरावट रही है।सीएमआइई के आंकड़े बताते हैं कि श्रम बल भागीदारी दर में लगभग 40 प्रतिशत की तेज ढलान रही है। जिन देशों के साथ भारत की तुलना की जाती है, उनमें यह सबसे बड़ी गिरावट है। गिरावट संकेत देती है कि अनेक लोगों ने श्रम बल से दूरी बनाने का विकल्प अपनाया, शायद लाभप्रद और उत्पादक नौकरियों को लेकर उनके मन में निराशा रही। भागीदारी में महिलाओं की स्थिति अधिक चिंताजनक है। श्रम बल में भारतीय महिलाओं की भागीदारी वैश्विक औसत से बहुत कम है।

महामारी की शुरुआत में ही बेरोजगारी दर ऊंची थी, यानी नौकरी तलाश करनेवालों और नौकरी पाने में असमर्थ लोगों की संख्या बढ़ रही है। बेरोजगारी की स्थिति युवाओं और पढ़े-लिखे लोगों में अधिक चिंताजनक है। ईपीएफओ के आंकड़े भले ही औपचारिक क्षेत्र में सकारात्मक रुझान प्रस्तुत करते हों, लेकिन आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा के अभाव के बीच श्रम बल का बड़ा हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में ही है।एक के बाद एक सरकारों ने रोजगार को लेकर फैसले तो किये, लेकिन श्रम आधारित मैनुफैक्चरिंग क्षेत्र के अभाव के चलते रोजगार का संकट बढ़ता ही गया। हर साल श्रम बल का हिस्सा बनते लाखों युवाओं के लिए विनिर्माण क्षेत्र न केवल रोजगार के मौके बना सकता है, बल्कि यह कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के अतिरिक्त श्रम बल के लिए भी लाभप्रद हो सकता है। युवा आबादी वाले देश में जनसांख्यिकीय परिवर्तन के बीच रोजगार की समस्या सबसे विकराल है और सरकार के समक्ष यह विकट चुनौती भी। बुनियादी ढांचे में वृद्धि और विनिर्माण क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर ही देश की रोजगार सृजन क्षमता को बढ़ाया जा सकता है।

# उड़ान के इंतजार में देश का भविष्य

**आमतौर पर घरेलू उड़ानों के लिए भारतीयों की भीड़ रहती है और विदेशी उड़ानों के लिए देशी और विदेशी दोनों तरह के यात्री नजर आते हैं। लेकिन मंगलवार शाम का नजारा कुछ अलग नजर आया। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेशी तो इक्का-दुक्का ही थे, लेकिन भारतीय यात्रियों की भारी भीड़ थी। और यात्रियों से अधिक संख्या उन्हें विदा करने वालों की थी। ऐसा लग रहा था मानो किसी कस्बे के बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन आए हों। पढ़ाई के लिए बाहर जाते युवक-युवतियों के साथ ही काम के लिए बाहर जाने वाले लोग भी बड़ी संख्या में दिखे। विमानतलों पर अक्सर लैपटॉप बैग पीछे लटकाए और हाथ में स्मार्टफोन और एकाध बैग के साथ आईटी सेक्टर के नौजवान दिख जाते हैं। मगर इस बार नजारा थोड़ा अलग था। मध्यम या निम्न मध्यमवर्ग के लोग बहुतायत में दिखे, जो अपने किसी परिजन को पढ़ने या काम के लिए विदेश भेजने आए थे। एयरपोर्ट की चकाचौंध के बीच उनकी थोड़ी घबराहट, असमंजसता, और आश्चर्यमिश्रित भाव साफ पढ़े जा सकते थे। रोजगार के लिए भी जो लोग बाहर जा रहे थे, वे कामगार समुदाय के ही ज्यादा नजर आए। विदेशों में मिस्त्री, नलसाज, बिजली के काम करने वालों या इसी तरह के शारीरिक श्रम करने के लिए बहुत से भारतीय जाते ही हैं। कोरोना के दो सालों में जब हर जगह से रोजगार में कटौती हुई, तो विदेश में कार्यरत भारतीयों पर भी इसका असर पड़ा। बहुत से भारतीयों को वापस लौटना पड़ा था।**

घर में कई दिनों तक गहमागहमी का माहौल रहा। नयी पीढ़ी के युवा सदस्य ने बाहर जाकर पढ़ने और बढ़ने का फैसला लिया। विदेश जाने की सारी औपचारिकताओं के साथ ही घरेलू स्तर पर भी तैयारियां शुरु हुईं। एक कमरे में ढेर सारा सामान जमा होने लगा। विदेश जाने पर मौसम के अनुकूल कपड़ों, जूतों से लेकर दवाइयों, मसालों और रोजमर्रा के इस्तेमाल की सारी चीजें याद कर-कर के जुटाई गईं। घर के बने लड्डू-मठरी-नमकीन तो अनिवार्य होते ही हैं। वैसे आज कल विदेशों में भी भारतीयों के हिसाब से सारा सामान मिल ही जाता है। लेकिन 2 सौ रुपए में एक लीटर तेल देश में खरीदने के बावजूद विदेश में इन्हीं चीजों के लिए यूरो या डॉलर में भुगतान करना खल जाता है। बहरहाल, रवानगी का दिन आ गया और पूरा परिवार विदाई के लिए एयरपोर्ट पहुंचा। घर की सुख-सुविधाओं में रहने के बाद विदेश में अकेले सब कुछ कैसे संभाला जाएगा, वहां किस तरह के लोग मिलेंगे, जरूरत पड़ने पर कौन मदद करेगा, इस तरह के कई सवाल सभी के मन में थे। एयरपोर्ट पहुंचने पर जो नजारा दिखा तो लगा कि मन में खुशी, घबराहट, बिछड़ने का दुख, बेहतर भविष्य की उम्मीदें ऐसी मिश्रित भावनाओं और कई सारे सवालों के साथ केवल हम ही नहीं पहुंचे, हमारी तरह और भी बहुत से लोग इसी मनरूस्थिति में दिखे। आमतौर पर घरेलू उड़ानों के लिए भारतीयों की भीड़ रहती है और विदेशी उड़ानों के लिए देशी और विदेशी दोनों तरह के यात्री नजर आते हैं। लेकिन मंगलवार शाम का नजारा कुछ अलग नजर आया। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेशी तो इक्का-दुक्का ही थे, लेकिन भारतीय यात्रियों की भारी भीड़ थी। और यात्रियों से अधिक संख्या उन्हें विदा करने वालों की थी। ऐसा लग रहा था मानो किसी कस्बे के बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन आए हों। पढ़ाई के लिए बाहर जाते युवक-युवतियों के साथ ही काम के लिए बाहर जाने वाले लोग भी बड़ी संख्या में दिखे। विमानतलों पर अक्सर लैपटॉप बैग पीछे लटकाए और हाथ में स्मार्टफोन और एकाध बैग के साथ आईटी सेक्टर के नौजवान दिख जाते हैं। मगर इस बार नजारा थोड़ा अलग था। मध्यम या निम्न मध्यमवर्ग के लोग बहुतायत में दिखे, जो अपने किसी परिजन को पढ़ने या काम के लिए विदेश भेजने आए थे। एयरपोर्ट की चकाचौंध के बीच उनकी थोड़ी घबराहट, असमंजसता, और आश्चर्यमिश्रित भाव साफ पढ़े जा सकते थे। रोजगार के लिए भी जो लोग बाहर जा रहे थे, वे कामगार समुदाय के ही ज्यादा नजर आए। विदेशों में मिस्त्री, नलसाज, बिजली के काम करने वालों या इसी तरह के शारीरिक श्रम करने के लिए बहुत से भारतीय जाते ही हैं। कोरोना के दो सालों में जब हर जगह से रोजगार में कटौती हुई, तो विदेश में कार्यरत भारतीयों पर भी इसका असर पड़ा। बहुत से भारतीयों को वापस लौटना पड़ा था। लेकिन अब धीरे-धीरे हालात बदल रहे हैं। बाहर जाकर पढ़ने और काम करने के रास्ते फिर खुलते दिख रहे हैं। जबकि अपने देश में इन दोनों ही मोर्चों पर हालात अच्छे नहीं हैं। भारत में पढ़ने और नौकरी करने, दोनों के अवसर तेजी से घटे हैं। हाल ही में सेंटर फॉर मॉनिटरिंग ऑफ इंडियन इकॉनॉमी (सीएमआईई) ने आंकड़े जारी किए हैं कि अप्रैल 2022 में देश की बेरोजगारी दर बढ़कर 7.83 प्रतिशत हो गई है। मार्च में यह 7.60 प्रतिशत रही थी। सीएमआईई के आंकड़े ये भी बताते हैं कि 2021-22 में 40.18 करोड़ लोगों के पास रोजगार है। जबकि 2019-20 में यह संख्या 40 करोड़ 89 लाख थी। इसका मतलब यह है कि 71 लाख लोग बीते दो साल में रोजगार से दूर हो गये। वहीं 2019-20 में बेरोजगारों की संख्या 3 करोड़ 29 लाख थी जो 2021-22 में बढ़कर 3 करोड़ 33 लाख हो गई। दो सालों में बेरोजगारों की संख्या चार लाख बढ़ी है। रोजगार में लगे लोगों का रोजगार से अलग होना और बेरोजगारों की संख्या बढ़ना, इनसे समझा जा सकता है कि देश में काम के अवसरों में कमी आई है और नौकरियां सीमित हो रही हैं। कुछ बरसों पहले तक छात्र पढ़ाई पूरी करते थे, फिर सरकारी नौकरी के लिए परीक्षाएं देते थे और उसमें सफलता न मिले तो निजी क्षेत्रों में भी काम के लिए तैयार रहते थे। लेकिन



अब पढ़ाई के साथ-साथ ही नौकरी तलाशने की कोशिशें शुरु हो जाती हैं। सरकारी नौकरियों में तो नाउम्मीदी है ही, निजी क्षेत्रों में भी नौकरियों के लिए कठिनाइयां बढ़ी हैं। इसलिए अब छात्र प्रशिक्षु के तौर पर काम करके पहले ही आमदनी के रास्ते तैयार करना चाहते हैं, ताकि परिवार का बोझ बांट सकें। लेकिन यह अस्थायी व्यवस्था, अस्थायी राहत ही दे सकती है। एक वक्त के बाद पक्की नौकरी की उम्मीद रहती है, लेकिन मौजूदा हालात उस उम्मीद को पूरा करने वाले नहीं हैं। पिछले दो सालों में बहुत से लोगों के रोजगार छूट गए हैं। अब देश में दो तरह के बेरोजगार हो गए हैं, एक वो जिसे कोई रोजगार मिला ही नहीं और एक वो जिन्हें कुछ वक्त का रोजगार मिला, अब वे अनुभवप्राप्त बेरोजगार हो गए हैं। रोजगार खोजते-खोजते थक कर, निराश होकर बैठने वालों की संख्या भी देश में बढ़ी है। देश से निराश, हताश लोगों में से जिन्हें बाहर जाकर किसी तरह का काम करने का मौका मिला, शायद एयरपोर्ट पर नजर आ रहे लोगों में ऐसे लोग भी शामिल थे।

उच्चशिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों में दो श्रेणियां हैं। एक तो वो जिनकी स्कूली शिक्षा पांच-सात सितारा स्कूलों में हुई है और उन्हें पहले से इस बात के लिए तैयार किया जाता है कि वे विदेश जाकर आगे की पढ़ाई करेंगे। और दूसरे वो जो इसलिए विदेशी विश्वविद्यालयों में पढ़ना चाहते हैं ताकि वहां उन्हें अपनी पसंद के विषय पढ़ने मिलें, इसके साथ ही अंशकालिक रोजगार की सुविधा हो और बेहतर जीवनशैली मिल सके। इस दूसरे वर्ग के छात्रों के लिए विदेश जाने का इंतजाम आसान नहीं होता। मगर फिर भी मां-बाप ऋ ण लेकर या किसी अन्य तरह से इंतजाम करते हैं, ताकि देश में जिन उलझनों में उनका जीवन बीत रहा है, उस तरह उनके बच्चों का न बीते। अभी दो महीने पहले रूस-यूक्रेन जंग शुरु होने पर जब यूक्रेन में फंसे छात्रों को लाने की कवायद शुरु हुई थी, तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि बाहर जाकर पढ़ाई करने की जगह अपने देश में ही पढ़ाई करें। उन्होंने निजी क्षेत्रों से आग्रह किया था कि वे छात्रों को बाहर जाने से रोकने के लिए आगे आएं। लेकिन सरकार को ये समझना होगा कि सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराना उसकी जिम्मेदारी है। अभी हालात ऐसे हैं कि दुनिया के सौ सबसे अच्छे विश्वविद्यालयों में एक भी भारतीय विश्वविद्यालय शामिल नहीं है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया आदि के दर्जनों विश्वविद्यालय इस सूची में जगह बनाने के लिए संघर्ष करते हैं और हमारे यहां विश्वविद्यालयों को राजनीतिक लड़ाई का अड्डा बना दिया गया है। हमारे विश्वविद्यालय आज भी पुरानी लकीर पर चल रहे हैं, नवाचार के लिए उनमें जगह ही नहीं है। जिस तरह नौकरियों के लिए कौशल की जरूरत में बदलाव आया है, भारत में उस तरह पढ़ाई में बदलाव नहीं हो पाया है। सरकार को शैक्षणिक संस्थानों की सुध लेनी चाहिए, क्योंकि इसी से देश का भविष्य तैयार होगा। फिलहाल तो देश का भविष्य एयरपोर्ट पर अगली उड़ान के इंतजार में है। -सर्वमित्रा सुरजन

# दिल्लीः फ्री पानी या जहर?

**योगेश कुमार सोनी**

**लोग गंदा पानी पीकर बीमार पड़ रहे हैं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि यह बेहद आश्चर्य की बात है कि एक ही तरह की बीमारी के लोग लगातार आ रहे हैं। इस मामले में विपक्ष का कहना है कि दिल्ली सरकार ने फ्री बिजली व पानी के नाम पर लूटा है और लोगों को पानी के नाम पर जहर दिया जा रहा है। केजरीवाल एंड कंपनी जितनी बड़ी-बड़ी बातें करती है यदि उसका दो प्रतिशत भी काम कर ले तो राजधानी की हालात सुधर सकती है।**

दिल्ली के अधिकतर इलाकों में बहुत गंदा पानी आ रहा है। इसके अलावा पानी जरूरत के हिसाब से भी नहीं मिल रहा। शिकायत करने पर दिल्ली सरकार व विभाग ने हाथ खड़े कर दिये। मामला संज्ञान में आने के बाद दिल्ली सरकार के मंत्री इस मामले पर गंभीरता नहीं दिखा रहे। वहीं दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों का कहना हम हर स्तर पर जितना बेहतर कर सकते हैं वो कर रहे हैं लेकिन सवाल यह है कि आखिर नलों से पानी के साथ गटर का पानी आ रहा है तो वह कैसे पिया जाए। स्थिति यह है कि पानी को तीन-चार बार फिल्टर करके पीने लायक बनाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन उससे भी बदबू व कालापन नहीं जा रहा है। लोग गंदा पानी पीकर बीमार पड़ रहे हैं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि यह बेहद आश्चर्य की बात है कि एक ही तरह की बीमारी के लोग लगातार आ रहे हैं। इस मामले में विपक्ष का कहना है कि दिल्ली सरकार ने फ्री बिजली व पानी के नाम पर लूटा है और लोगों को पानी के नाम पर जहर दिया जा रहा है। केजरीवाल एंड कंपनी जितनी बड़ी-बड़ी बातें करती है यदि उसका दो प्रतिशत भी काम कर ले तो राजधानी की हालात सुधर सकती है। यदि उन स्लम कॉलोनियों पर गौर करें जहां पाइप लाइन में पानी नहीं आता, वहां टैंक में आता है, वहां पानी पर लोग ऐसे लड़ते हैं मानो खजाना लुट रहा हो चूंकि जितना पानी आता है उससे चालीस प्रतिशत लोगों की ही पूर्ति होती है। बीजेपी विधायक जितेन्द्र महाजन का कहना है कि कई बार व्यक्तिगत तौर पर भी दिल्ली सरकार व दिल्ली जल बोर्ड के चीफ इंजीनियर को अवगत कराने के बावजूद टाल दिया जाता है। आश्चर्य तो इस बात का है कि यह देश की राजधानी की स्थिति है। इस मामले पर अब बीजेपी जगह-जगह प्रदर्शन भी कर रही है लेकिन हल निकलता नजर नहीं आ रहा। केजरीवाल सरकार दिल्ली मॉडल के गुणगान ऐसी करती है जैसे पेरिस बना दिया गया हो। पानी जैसी चीज जो जिंदगी की पर्यायवाची है, यदि वो भी न मिले तो ऐसी राजनीति से परहेज करना चाहिये। बच्चे, बूढ़े व गर्भवती महिलाओं को गंदा पानी पीने से बहुत समस्या हो रही है। गंदा पानी पीकर जिस तरह लोग बीमार पड़ रहे हैं, इस मामले पर चिकित्सकों का कहना है यदि कोरोना आ गया तो सबसे पहले इन लोगों को अपनी चपेट में ले लेगा चूंकि पानी इतना गंदा है कि लोगों की आंतरिक शक्ति बहुत कमजोर पड़ रही है। जो पानी कई बार फिल्टर करके भी अपना रंग व स्वाद नहीं बदल रहा तो स्पष्ट तौर पर समझने की बात यह है कि यह जहर के समान ही माना जाएगा। केजरीवाल सरकार इस समय दिल्ली की जनता से खुलेआम खिलवाड़ कर रही है। केजरीवाल अजीब शैली की राजनीति करते हैं। अपनी कमी या गलती कभी नहीं मानते। अच्छा किया तो दिल्ली सरकार ने और बुरा किया तो केन्द्र सरकार ने। कभी भी, कहीं भी बिना किसी तथ्यों के कुछ भी बोल देते हैं। बहरहाल, जनता से जुड़े बुनियादी मामलों का ख्याल रखना होगा अन्यथा यह पब्लिक जैसे सिर पर चढाती, उससे भी बुरी तरह उतार देती है।

## सेहत मंत्र

# घमौरियों से हैं परेशान तो अपनाएं ये आसान घरेलू नुस्खे

चिलचिलाती धूप और पसीने की वजह से घमौरियां होना आम बात है। इसका ज्यादा असर छोटे बच्चों पर होता है। धूप में खेलने की वजह से उनके माथे, पीठ और गर्दन पर घमौरियां हो जाती है। इसके अलावा कई बड़े लोग भी इस समस्या से काफी परेशान रहते हैं। इससे बदन पर जलन और खुजली शुरू हो जाती है जिसके लिए लोग टेलकम पाउडर का इस्तेमाल करते हैं लेकिन इसका असर कुछ देर ही रहता है। इसको जड़ से खत्म करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे करने चाहिए।

### मुल्तानी मिट्टी

घमौरियां होने पर शरीर पर मुल्तानी मिट्टी का लेप बनाकर लगाने से काफी फायदा होता है। इससे कुछ ही दिनों में घमौरियों की समस्या ठीक हो जाती है।

### मेंहदी

घमौरियों की समस्या को तुरंत खत्म करने के लिए मेंहदी का लेप बनाकर प्रभावित जगह पर लगाएं। इससे शरीर को ठंडक मिलेगी और घमौरियां ठीक हो जाएंगी। इसके अलावा नहाने के पानी में मेंहदी के पत्तों को पीस कर मिलाएं और उससे स्नान करें।

### नारियल तेल

नारियल तेल में कपूर पीस कर मिलाएं और नहाने के बाद इसे घमौरियों पर लगाएं। रोजाना दिन में 2 बार इससे शरीर की मालिश करने पर घमौरियां ठीक हो जाएंगी।

### देसी घी

शरीर पर घमौरियां होने पर गाय या भैंस के शुद्ध घी से शरीर की मालिश करें।

## धर्म मंत्र

# पंचमुंडीय आसन पर विराजित हैं मां काली, दर्शन से होती है मन्नत पूरी

घसियारी मंडी के कालीबाड़ी में मां काली का प्राचीन मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि यह मंदिर 147 साल प्राचीन है। यहां पर मां काली पंचमुंडीय आसन पर विराजमान हैं। कहा जाता है कि ये आसन नर, बंदर, सांप, उल्लू, चमगादड़ के सिर से बना है, जो मां काली को प्रिय है। यहां आकर जो भी भक्त मां से मन्नत मांगता है, वह अवश्य पूर्ण होती है।

कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना तांत्रिक मधुसुदन मुखर्जी ने की थी। वे मां काली के भक्त थे। वे नीम के वृक्ष के नीचे बैठकर तप करते थे। मां ने मुखर्जी की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें मंदिर की स्थापना के लिए कहा। मां ने आदेश दिया कि वह मां काली की मिट्टी से प्रतिमा का निर्माण करवाए। उसके पश्चात उसे पंचकुंडीय आसन पर विराजमान करके पूजा करें। उसके बाद मंदिर में मां की पूजा-अर्चना शुरु हो गई। उसके बाद यहां पर दूर-दूर से भक्तजन मां के दर्शनों के लिए आने लगे। कहा जाता है कि नवरात्र में यहां आने से भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। अष्टमी और नवमी को मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन होता है और शाम की आरती होती है।

माना जाता है कि नवरात्रों में मंदिर में जो भी भक्त 108 कमल के फूल अर्पित करता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां पशु बलि की जगह पेठा फल और गन्ने की बलि दी जाती है।

## पर्यटन



# व्यवसायिक ही नहीं पयर्टक केंद्र भी है सिंगापुर

सुख, समृद्धि, संपन्नता, सफाई और सुगंध का पर्याय बन चुका सिंगापुर विश्व के श्रेष्ठ शहरों में से एक माना जाता है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख से ज्यादा सैलानी यहां घूमने?फिरने आते हैं। सिंगापुर एक व्यावसायिक केन्द्र भी है। यहां पर विभिन्न देशों के लोग बस चुके हैं इनमें काफी भारतीय भी हैं। इसलिए यह देश आपको अपरिचित सा नहीं लगेगा। यहां आने पर ध्यान रखें कि अपने देश की तरह यहां न तो इधर-उधर केले का छिलका या पालिथीन का कोई थैला फेंके और न ही किसी अन्य प्रकार से कोई गंदगी फैलाएं। जो व्यक्ति ऐसा करते हुए पाया जाता है उसे आर्थिक दंड तो दिया ही जाता है, ऐसा करते हुए उसे टीवी पर भी दिखाया जाता है। सिंगापुर घूमना चाहते हैं तो आइए सबसे पहले आपको लिए चलते हैं जूरोंग चिड़ियाघर। विश्व का शायद ही कोई ऐसा पक्षी होगा जिसे आप इस अति विस्तृत चिड़ियाघर में न देखें। यहां लगभग 7500 पक्षी हैं। इनमें से कई पक्षी ऐसे हैं जिनकी आप 8-10 प्रजातियां देख सकते हैं। क्रोकोडायल फार्म में आप कई तरह के मगरमच्छ देख सकते हैं। यह फार्म जूरोंग चिड़ियाघर के पास ही स्थित है। नाइट सफारी भी एक चिड़ियाघर ही है। जो 45 हेक्टेयर में फैला हुआ है। जानवरों की प्रकृति के अनुरूप 8 भागों में बंटा यह चिड़ियाघर अपने नाम को सार्थक करता हुआ सिर्फ रात में ही खुला रहता है। इस चिड़ियाघर के अंदर घूमने के लिए ट्राम की सुविधा उपलब्ध रहती है। साथ ही साथ गाइड भी उपलब्ध रहता है जो विश्व के विभिन्न भागों से लाए गए तरह-तरह के इन जानवरों के बारे में जानकारियां देता रहता है। मिंग विलेज भी देखने लायक जगह है। ज्यों-ज्यों मानव समाज आधुनिकता की तरफ बढ़ रहा है, त्यों-त्यों ग्रामीण परिवेश और हस्तशिल्प की ओर उसका रुझान भी बढ़ रहा है। क्रोकोडायल फार्म के पास स्थित इस स्थान पर ऐसा ही ग्रामीण परिवेश है और ऐसे ही हस्तशिल्पी भी यहां हैं। ये लोग न सिर्फ अपने हाथों से चीजें बनाते हैं, बल्कि चीनी-मिट्टी के बर्तन वगैरह पर नक्काशी भी करते हैं। सैंतोसा आइलैण्ड भी जरूर घूमने जाएं। यह सिंगापुर से कुछ दूरी पर स्थित एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। हालांकि यहां प्रवेश शुल्क देना पड़ता है लेकिन इसके अलावा कोई अन्य सेवा शुल्क नहीं लिया जाता। यहां का समुद्र तट काफी सुंदर और स्वच्छ है।

# राजधानी समेत आसपास के जनपदों में लूट की वारदात करने वाले पांच लुटेरे गिरफ्तार

## लूट में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल तमंचा कारतूस और नकदी बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । सर्विलांस स्वाट व थाना लोनीकटरा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पांच शातिर लुटेरों को किया गया गिरफ्तार जिनके कब्जे से लूट के आठ हजार एक सौ पचास रूपये, 07 मोबाइल, 03 तमंचा मय 04 जिन्दा कारतूस, दो चाकू एवं तीन मोटर साइकिल बरामद करते हुए सभी को न्यायलय में पेश किया गया जहां से न्यायलय द्वारा आरोपियों को जेल भेज दिया गया है । जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज स्वाट सर्विलांस टीम व थाना लोनीकटरा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना लोनीकटरा पर पंजीकृत धारा 394 भादवि से सम्बन्धित पांच शातिर लुटेरों-. आकाश वर्मा पुत्र रामनरेश वर्मा निवासी महमूराकला थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ, आदर्श साहू पुत्र राधेश्याम साहू निवासी बेलीकला थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ, अमर पुत्र रामसुख निवासी शाह मोहम्मदपुर अथैया थाना नगराम जनपद लखनऊ, अंकुश वर्मा पुत्र रामकुमार निवासी किशोरी खेड़ा थाना नगराम जनपद लखनऊ, अरूण गौतम पुत्र मुन्नीलाल निवासी मानिकपुर बिहवा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ को ग्राम देवीपुर थाना लोनीकटरा से गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोगों ने मिलकर दो महीने पहले थाना लोनीकटरा के हुसैनाबाद गाँव के पास एक व्यक्ति के सिर पर डण्डा मारकर उसका बैग छीन लिया था जिसमें दो मोबाइल और सत्तर हजार-रुपये मिला था । अभियुक्तगण ने मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में ग्राम हरिकंशगढ़ी से करीब ढ़ाई महीने पहले पच्चीस हजार रुपये लूटे थे, अभियुक्तों ने बताया हम लोगों ने मिलकर तीन दिन पहले करोरा गांव के पास थाना क्षेत्र नगराम जनपद लखनऊ से एक मोटर साइकिल वाले से छीन लिया था, अभियुक्तगणों द्वारा जनपद गोण्डा व अन्य जनपदों में लूट योजना बनाने की बात स्वीकार की गई है।

## अमृत महोत्सव के मद्देनजर योग शिविर का हुआ आयोजन

# योग करने से शरीर की सैकड़ो बीमारियां होती है नष्ट : सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवा बाराबंकी । शिक्षा क्षेत्र देवा अंतर्गत बरेठी स्थित महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योगदिवस को ध्यान में रखते हुए आजादी अमृत महोत्सव के अवसर पर योग शिक्षक अंकित वर्मा के नेतृत्व में मुख्यातिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव व समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद यादव सहित सैकड़ों विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किये।इस मौके पर मुख्यातिथि सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन के पश्चात बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा बताया कि करो योग रहो निरोग के सिद्धांत पर हमारे देश के ऋषि मुनि सैकड़ों वर्षों तक स्वस्थ सानन्द रहते थे। इसीक्रम में सूर्यनमस्कार से शरीर में निःशुल्क विटामिन डी प्राप्त है जिससे हमारे शरीर की हड्डियां, सन्धियों बहुत मजबूत होने से गठिया जैसी विमारियों से निज़ात मिलती है तथा मानसिक तनावभी दूर होता है। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय संस्थापक प्रबन्धक योगेंद्र बहादुर सिंह विसेन ने सभी आगन्तुकों को हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम संयोजक से भविष्य में योगा से सम्बंधित कार्यक्रम संचालित कराने के लिए आग्रह किया ताकि वर्तमान समय में बेहतर शिक्षा के साथ साथ स्वस्थ शरीर की नितांत आवश्यकता है इसीलिए हमारे देश के मनीषियों ने कहा था कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।

## बाराबंकी एक नजर

### कमरे में लटकता मिला युवक का शव

देवा बाराबंकी : देवा क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में एक व्यक्ति का शव घर के कमरे में संदिग्ध हालत फंदे से लटकता मिला है परिजनो की सूचना पर पहुंची ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है ।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम महोलिया निवासी राजकुमार उर्फ मोटू (30) का शव घर के अन्दर एक कमरे में रस्सी से लटकता मिला सुबह जानकारी होने पर परिजनो ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है उपनिरीक्षक शिवानंद पटेल ने बताया कि मृतक शराब का आदी था पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थित साफ होगी ।

### प्रबन्धक पद को लेकर विवादित चल रहे राष्ट्रीय इन्टर कालेज में कंट्रोलर नियुक्त

हैदरगढ़ बाराबंकी वित्तीय अनियमितताओं से घिरे राष्ट्रीय इंटर कालेज के प्रबंधक को हटाते हुए ज्वाइंट डायरेक्टर फैजाबाद द्वारा कंट्रोलर की तैनाती कर दी है । जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक सुन्दर लाल दीक्षित की जांच एव शिकायत पर भ्रष्टाचार और अनियमिताओं के दोषी पाये गए प्रबन्धक सुनील कुमार सिंह को शासन द्वारा पहले ही खाता एव प्रशासनिक ब्यवस्था से प्रथक कर दिया गया था सुन्दर लाल दीक्षित द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि आज शासन द्वारा यहां प्राधिकृत नियंत्रक ( कंट्रोलर ) नियुक्त कर दिया

### पुलिस ने महिला को परिजनों से मिलाया

बाराबंकी । खगडिया, बिहार से अम्बाला के लिए आम्रपाली एक्सप्रेस से यात्रा कर रही बुजुर्ग महिला द्वारा बाराबंकी स्टेशन पर भ्रमवश उतर गई, जिसकी सूचना उनके परिजन द्वारा ट्वीट के माध्यम से दी गई। बाराबंकी पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर फोटो के साथ प्रचार-प्रसार किया गया, जिसके फलस्वरूप कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत निवासी ओम प्रकाश गोस्वामी द्वारा बुजुर्ग महिला को सुरक्षित अपने घर में होना बताया गया। बाराबंकी पुलिस द्वारा बुजुर्ग महिला के परिजनों को सूचित कर बुलाया गया व बुजुर्ग महिला को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा बाराबंकी पुलिस व ओम प्रकाश गोस्वामी की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

### आज वितरित होंगे मोबाइल व टैबलेट

बाराबंकी । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु निःशुल्क स्मार्टफोन, टेबलेट वितरण समारोह का आयोजन कल जनपद में हिन्द इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज सफ़ेदाबाद, जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पी जी कॉलेज तथा श्री पी एल मेमोरियल डिग्री कॉलेज बाराबंकी में क्रमशः 12:00 बजे, 01:00 बजे तथा 02:00 बजे किया जायेगा । आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री खाद्य रशद नागरिक आपूर्ति विभाग श्री सतीश चंद्र शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि सांसद श्री उपेंद्र सिंह रावत व अध्यक्ष, जिला पंचायत श्रीमती राजरानी रावत होंगी। इस अवसर पर हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस सफ़ेदाबाद में कुल 585 टेबलेट स्मार्टफोन, जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज बाराबंकी में कुल 1552 टेबलेट स्मार्टफोन तथा श्री पी एल मेमोरियल डिग्री कॉलेज बाराबंकी में कुल 1041 टेबलेट/स्मार्टफोन का वितरण छात्र छात्राओं में किया जाएगा।

### फार्मेसिस्ट के सेवानिवृत्ति होने पर विदाई समारोह आयोजित

बाराबंकी । विकास खण्ड निदूरा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड्डूपुर में तैनात डॉ यू ,एन, मिश्रा व फार्मासिस्ट धरीक्षण के सेवानिवृत्ति पर बृहस्पतिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा उपहार देकर विदाई समारोह किया गया।योगदान एवं सेवानिवृत होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। लेकिन अपने कार्यकाल में बहुत अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं दी हैं डॉ यू,एन, मिश्रा 2019 व फार्मेसिस्ट धरीक्षण शर्मा 2009 से बड्डूपुर में कार्य कर रहे थे मार्च में सेवानिवृत्त हुए उनकी आज बड्डूपुर प्रभारी डॉक्टर अर्जुन चौधरी फार्मेसिस्ट राणा सिंह एनम अनीता मौर्या वार्ड बॉय वेदराज सहित आशा संगिनी बिंदेश्वरी देवी आशा बहू बिंदु रावत ,संगीता देवी, मीना कुमारी, अंजू वर्मा ,रेखा वर्मा, सरिता देवी, नीलू कुमारी, पुष्पा देवी, गीता देवी रुकमणी सहित उसे लोग उपस्थित थे पीएचसी बड्डूपुर की तरफ से फूल माला पहनाकर रामायण अंग वस्त्र छाता सभी लोगों को भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

### ईंट ले जाने से मना करने पर दबंगों ने बुजुर्ग की निर्मम हत्या




बाराबंकी । एक बृद्ध को सरकारी नाला की उखड़ी पड़ी ईंटो को ले जाने से मना करना भारी पड़ गया । दबंगो ने वृद्ध की बेरहमी से न केवल पिटाई की बल्कि ईंट से कूचकर निर्मम हत्या कर दी । पुलिस ने चार नामजद करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। जानकारी के अनुसार थाना जहांगीराबाद इलाके के ग्राम अल्लीपुर निवासी रामदीन गौतम उम्र करीब 56 साल कचेहरी बाराबंकी में मुंशी का काम करते थे। पुत्र प्रभाकर ने बताया कि घर के पास एक सरकारी नाला है। जिसका कुछ हिस्सा उखड़ा पड़ा है। जिसकी ईंट कुछ लोग उठा कर अपने घर ले जा रहे थे। गुरुवार समय करीब 6 बजे शाम को रामदीन ने ईंट ले जाने से मना किया। इसी पर नाराज विपक्षियों पर हमला कर दिया। जिस पर रामदीन जमीन पर गिर गए। हमलावरों ने ईंटा से उसके पिता के सीने पर कई बार वार किया। इस जोरदार हमले से पिता की सांसे थम गई। पीड़ित परिवार ने बताया कि कई साल पहले हमलावर परिवार से मारपीट हुई थीं। इसे लेकर वह रंजिश मानते थे। रामदीन के पुत्र प्रभाकर ने बताया को तहरीर देकर धनराज पुत्र बहादुर गौतम, अनुज पुत्र धनराज, विपिन कुमार पुत्र धनराज व रेखा पत्नी धनराज को नामजद किया गया है। पुलिस ने हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### एसपी ने एंटी रोमियों स्क्वाड टीम के सदस्यों के साथ की गोष्टी

हाथरस। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार बैद्य द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में जनपद में गठित एंटी रोमियो टींम के प्रभारियों के साथ गोष्टी का किया आयोजन । वहीं इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर मनोज कुमार शर्मा क्षेत्राधिकारी लाइन रुचि गुप्ता प्रभारी महिला थाना एंटी रोमियो टीमों के प्रभारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण आदि मौजूद थे वहीं इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के दौरान की गई कार्यवाही की समीक्षा कर । साथ ही एण्टी रोमियों स्क्वाड को चेकिंग के दौरान लोगों के साथ सौम्यता पूर्वक व्यवहार तथा मनचलों के खिलाफ समुचित कार्यवाही करने के साथ-साथ प्रमुख बाजारों में छेड़खानी आदि घटनाओं को रोकने तथा शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु समस्त एण्टी रोमियों स्क्वाड के प्रभारी व सदस्यगणों को निर्देशित किया है ।

# नवीन सत्र में बच्चों को नहीं मिली किताबें सरकार का नामांकन बढ़ाने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। परिषदीय स्कूलों में नए सत्र का शुभारंभ बीते अप्रैल से हो चुका है। स्कूल चलो रैली और प्रवेश उत्सव के माध्यम से अब तक हजारों बच्चों का नामांकन भी नए सत्र के दौरान स्कूलों में हो चुका है। इसके बावजूद अभी तक विभिन्न कक्षाओं में पठन पाठन के लिए किताबों की उपलब्धता नहीं हो पायी है। जिले में संचालित करीब 2636 स्कूलों के कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों के हाथ में पाठन पाठन के लिए जरूरी यह निःशुल्क किताबें अब अगस्त माह तक ही पहुंचने की उम्मीद है। पढ़ाई के लिए किताबें न मिल पाने से स्कूलों में चल रहे पठन पाठन कार्य पर संकट गहराने लगा है।विभागीय अफसरों की माने तो स्कूलों में पढ़ाई के लिए जरूरी किताबों की आपूर्ति प्रक्रिया शुरू होने में अभी समय लगेगा। अप्रैल में सत्र शुरू होने के साथ ही बच्चों को किताबें उपलब्ध कराने के लिए इन्हें टेंडर की प्रक्रिया दिसंबर में ही शुरू होनी थी लेकिन इसकी प्रक्रिया अप्रैल में शुरू की गई। इसी कारण से बच्चों को मजबूरन अभी कई माह और बिना किताबों के ही पढ़ाई करनी होगी। जिले के 2636 परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं को किताबें प्रकाशित कर वितरित करने के लिए तक प्रकाशकों से टेंडर की प्रक्रिया गतिमान है।

बताया जा रहा है कि टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी किताबें तीन महीने में और वर्क बुक चार माह बाद ही जिले में आ सकेंगी। विभाग के अधिकारियों की मानें तो मई में आपूर्ति की प्रक्रिया पूरी हो गई तो किताबें अगस्त के पहले सप्ताह और वर्कबुक सितंबर के पहले सप्ताह तक बच्चों को मिल सकेगी।

# ग्राम प्रधान और बीडीसी के बीच चले लात-घूसे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । निंदूरा ब्लॉक के सभागार में बीडीसी और ग्राम प्रधान पति के बीच में जमकर लात घूंसे चले जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जानकारी के लिए के मुताबिक बीडीसी ने ग्राम प्रधान के खिलाफ शिकायत की थी जिससे नाराज ग्राम प्रधान अपने समर्थकों के साथ बीडीसी के ऊपर हमला कर दिया तो वहीं पास में खड़े व्यक्तियों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, वायरल वीडियो पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है बता दें कि अनवारी गांव के प्रधानपति ने मारपीट की है खबर लिखे जाने तक विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है खबर संकलन में जल्द ही पूरी खबर प्रकाशित की जाएगी।

# बाराबंकी के विकास में कोई कमी नही छोड़ी जाएगी : कटियार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। बाराबंकी के विकास में कोई कमी नही छोड़ी जाएगी अयोध्या के साथ-साथ बाराबंकी का भी धार्मिक और सांस्कृतिक विकास होगा। राजधानी से अयोध्या की ओर जाने वाला रास्ता बाराबंकी होकर ही जाता है। इसलिए यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद विनय कटियार ने शुक्रवार को पत्रकारों से कही। वह स्व0 मुंशी रघुनंदन प्रसाद जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित संस्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने बाराबंकी आए थे।

श्री कटियार ने कहा कि अयोध्या में रामलला के मंदिर के बन जाने से रोजगार के तामाम साधन उपलब्ध होंगे। रामलला देश, समाज और क्षेत्र की सीमाओं से परे हैं। वह जन-जन के आराध्य हैं। अयोध्या में बनने वाला उनका मंदिर पूरे विश्व के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि बाराबंकी अयोध्या का प्रवेश द्वार है। इसलिए अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का लाभ बाराबंकी को मिलना तय है। इसे 84 कोसी परिक्रमा विकास कार्यक्रम में शामिल किया गया है। बाराबंकी के लिए भी योजनाओं की घोषणा भी की जा चुकी है। यहां विकास की बहु आयामी परियोजनाओं को शुरू करने की अपार संभावनाएं हैं।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश के निर्देशो के अनुपालन आज ए0डी0आर0 भवन सिविल कोर्ट परिसर में ए0डी0आर0 मैकेनिज्म पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव श्री संजय कुमार पैनल अधिवक्ता नीरज कुमार के अतिरिक्त सौरभ शुक्ला, लवकुश कनौजिया, मो0 सलमान, मोहित कुमार वर्मा एवं अन्य वादकारी आदि मौजूद थे। सचिव संजय कुमार द्वारा वैकल्पिक विवाद समाधान विषय पर बोलते हुए बताया गया है कि समाज में बढ़ते विवादों के शीघ्र समाधान हेतु विवादों के वैकल्पिक मंच को अपनाये जाने की सामयिक आवश्यकता है पक्षकारों की सहमति से द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से विवाद का समाधान कराया जाता है। जिससे समय व धन की बचत होती है। समझौते का व्यापक कानूनी प्रभाव होता है, तथा अंतहीन मुकदमें बाजी से मुक्ति मिल जाती है साथ ही पक्षकारों के मध्य पारस्पारिक सौहार्द भी कायम होता है। मुकदमा दायर करने से पूर्व प्री-लिटिगेशन व मध्यस्थता के द्वारा एवं मुकदमा दायर होने के बाद लोक अदालतों के द्वारा सभी प्रकार के वादों को निपटाये जाने के बारे में बताया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रियाकलापों से, पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक जानकारियों के प्रचार-प्रसार के बारें में बताया गया।पैनल अधिवक्ता नीरज कुमार वैकल्पिक विवाद समाधान का मुख्य उद्देश्य मुकदमेबाजी से बचने के लिए आप सुलह समझौता के आधार पर अपने वाद का निस्तारण निःशुल्क ,सरलता से एवं कम समय में करा सकते है। इसके अतिरिक्त आत्मरक्षा विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लड़कियों को आत्म निर्भर एवं निर्भय होकर जीने के अधिकार के विषय में बताया गया एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं विषय पर बोलते हुए बताया गया कि आधुनिक समाज में बेटियों के साथ भेदभावपूर्ण माहौल विघमान है। बेटियों को न सिर्फ बचाना है अपितु उन्हें पढ़ाना है और खेलाना भी जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम का संचालन लवकुश कनौजिया द्वारा किया गया। विधिक साक्षरता कार्यक्रम में दिये गये विचारों से स्थानीय लोग लाभान्वित हुए।

## धूमधाम से मनाया गया विधायक का जन्मदिन

बाराबंकी । नवनिर्वाचित विधायक दिनेश रावत का जन्म दिन बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया । हैदरगढ़ में जगह जगह कार्यकर्ताओ ने केक काटा ।कस्बा हैदरगढ़ में युवा भाजपा नेता यतीश तिवारी ने केक काटकर विधायक के दीर्घायु होने की कामना की । हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत का जन्मोत्सव कार्यकर्ताओ ने विधायक के आवास पहुंचकर केक विधायक से कटवाकर जन्मदिन मनाया यह कार्यक्रम भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशुतोष अवस्थी व भाजपा मंडल अध्यक्ष कोठी कौशलेंद्र शुक्ला की अगुवाई में किया गया जिसमे दिनभर विधायक के आवास पर बधाई देने वाले कार्यकृताओ का हुजूम लगा रहा इस मौके ब्लॉक प्रमुख आरती रावत भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर श्रवण कुमार शुक्ला राम कुमार मिश्रा कौशलेंद्र शुक्ला प्रधान दीपचंद चौरसिया पंकज सिंह मुकेश तिवारी बंसी बाबा प्रधान रंजीत वर्मा रामू गुप्ता सुशील कुमार मिथिलेश रावत अमित मौर्य पप्पू खान अजय वर्मा अजय यादव मोहम्मद अजमल धीरज रावत समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# प्रेमी युगल को दिखा तेंदुआ, युगल ने ट्यूबवेल की कोठरी में घुसकर बचाई जान

## कम नही हो रही दहशत, खेतो में काम करने वाले किसान परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ बाराबंकी । जिले में तेंदुए की दहशत कम होने का नाम नही ले रही आज जंगल में बैठे प्रेमी युगल अपने कुछ दूर दूर पेड़ की छाह में तेंदुए को बैठा देख दंग रहे गए डरे सहमे प्रेमी युगल जैसे तैसे करके भागे और किसान दंपति के सहयोग से ट्यूबवेल की कोठरी में घुसकर प्रेमी युगल ने अपनी जान बचाई । तेंदुआ फिर एक बार देखे जाने से लोगों में दहशत व्याप्त हो गई है। डर के साए में लोग खेतो में काम करने से कतरा रहे है खासतौर से जंगल के किनारे स्थित खेतों में काम करने वाले किसान काफी परेशान हैं। जानकारी के अनुसार सुबेहा क्षेत्र जिले का सबसे बड़ा जंगली इलाका माना जाता है। साथ ही यह क्षेत्र सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। जिसके चलते बीच-बीच में जंगली खूंखार जानवरों की आमद आए दिन सुबेहा क्षेत्र में हुआ करती है । गोमती नदी क्षेत्र होने के चलते तेंदुआ भी अपनी आमद बीच-बीच दर्ज कराया करता है। मौजूदा समय में शरीफाबाद क्षेत्र में तेंदुआ आने से ग्रामीण दहशत में है। जिसके चलते विभाग लगातार जंगल के अलावा खेतों में कांबिंग कर रहा है। शरीफाबाद गांव गोमती नदी के किनारे है। इसके दूसरे छोर पर अयोध्या व अमेठी जनपद की सीमाएं लगती है।

## कोलकाता और लखनऊ के बीच मुकाबले में राहुल पर होगी निगाह

एजेंसी



पुणे। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां जब लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी तो उसे विरोधी टीम के कप्तान केएल राहुल से सतर्क रहना होगा जो बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। लखनऊ ने राहुल की शानदार बल्लेबाजी के दम पर अभी तक 10 में से सात मैच जीते हैं और वह 14 अंक लेकर अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है।

लखनऊ की टीम जहां प्लेऑफ में जगह सुरक्षित करने के करीब है, वहीं केकेआर को अगर अपनी उम्मीदें बरकरार रखनी हैं तो इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसके 10 मैचों में चार जीत से आठ अंक हैं और वह अभी आठवें स्थान पर है। राहुल अभी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने 10 मैचों में 451 रन बनाये हैं जिसमें दो शतक और इतने ही अर्धशतक शामिल हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में छह रन की जीत में उन्होंने 77 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली थी। केकेआर के गेंदबाजों उमेश यादव, टिम साउदी, शिवम मावी और सुनील नारायण के लिये राहुल को रोकना बड़ी चुनौती होगी। लेकिन लखनऊ के अन्य बल्लेबाजों जैसे क्विंटन डिकॉक, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल पंड्या भी अधिक जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। इसके अलावा ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और जैसन होल्डर का प्रदर्शन भी काफी मायने रखेगा। पिछले मैच में चार विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज मोहसिन खान हर अगले मैच में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन दुष्मंथा चमीरा, होल्डर और पंड्या को दिल्ली के खिलाफ खराब प्रदर्शन को भुलाकर नये सिरे से शुरुआत करनी होगी। स्पिनर रवि बिश्नोई और के गौतम के चार-चार ओवर भी महत्वपूर्ण होंगे। इस बीच केकेआर के लिए सबसे बड़ी चिंता उसके सलामी बल्लेबाज हैं जो रन बनाने के लिये जूझ रहे हैं। केकेआर ने शीर्ष क्रम में विभिन्न संयोजन आजमाये लेकिन कोई भी कारगर साबित नहीं हुआ। अगर आरोन फिंच और बाबा इंद्रजीत फिर से पारी की शुरुआत करते हैं तो दोनों को आक्रामक बल्लेबाजी करनी होगी।

कप्तान श्रेयस अय्यर ने 10 मैचों में 324 रन बनाये हैं, जो उनकी प्रतिभा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने केवल दो अर्धशतक लगाये हैं। उन्हें आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा और बड़ी पारी खेलनी होगी। केकेआर के टीम प्रबंधन को हालांकि इस बात की खुशी होगी कि राजस्थान के खिलाफ उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों नीतीश राणा और रिंकू सिंह ने मैच विजेता पारियां खेली। आक्रामक आंद्रे रसेल के साथ यह जोड़ी लखनऊ के गेंदबाजी आक्रमण पर हावी हो सकती है। केकेआर स्पिनर अनुकुल रॉय को टीम में रख सकता है, जिन्होंने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। केकेआर ने राजस्थान रॉयल्स से यह मैच जीतकर लगातार पांच हार का सिलसिला तोड़ा था।

### टीम इस प्रकार हैं :

कोलकाता नाइट राइडर्सः आरोन फिंच, अभिजीत तोमर, अजिंक्य रहाणे, बाबा इंद्रजीत, नीतीश राणा, प्रथम सिंह, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, अशोक शर्मा, पैट कमिंस, रसिख डार, शिवम मावी, टिम साउदी, उमेश यादव, वरुण चक्रवर्ती, अमन खान, आंद्रे रसेल, अनुकुल रॉय, चमिका करुणारत्ने, मोहम्मद नबी, रमेश कुमार, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, सैम बिलिंग्स, शेल्डन जैक्सन।

लखनऊ सुपर जायंट्सः केएल राहुल (कप्तान), मनन वोहरा, एविन लुईस, मनीष पांडे, क्विंटन डिकॉक, रवि बिश्नोई, दुष्मंथा चमीरा, शाहबाज नदीम, मोहसिन खान, मयंक यादव, अंकित राजपूत, अवेश खान, एंड्रयू टाय, मार्कस स्टोइनिस। काइल मेयर्स, करण शर्मा, कृष्णप्पा गौतम, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा, क्रुणाल पंड्या, जैसन होल्डर।

## आईपीएल टीमों ने दिखाई दक्षिण अफ्रीका की नई टी20 लीग में टीम खरीदने में दिलचस्पी

एजेंसी

जोहानसबर्ग। दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स के अलावा केविन पीटरसन के स्वामित्व वाले एक समूह ने दक्षिण अफ्रीका की नई टी20 प्रतियोगिता में फ्रेंचाइजी खरीदने में रुचि व्यक्त की हैं। अगले साल जनवरी में शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में छह टीमें होंगी, जो दो बार प्रत्येक टीम का सामना करेगी। 30 लीग मैचों के बाद प्लेऑफ मुकाबले खेले जाएंगे। 2017 की ग्लोबल लीग टी20 और 2018 और 2019 में खेली गई मजांसी सुपर लीग के बाद टी20 प्रतियोगिता शुरू करने का यह क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) का तीसरा प्रयास है। सीएसए के सदस्यों की एक विशेष बैठक में साझा किए गए दस्तावेज के अनुसार सीएसए आईपीएल के बाद 'दुनिया की दूसरी सर्वश्रेष्ठ टी20 लीग' बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने स्वीकार किया हैं कि केवल आईपीएल को विश्व स्तर पर सफलता प्राप्त हुई है और आईपीएल और अन्य लीगों में ज़मीन-आसमान का अंतर है। इस नई लीग को सफल बनाने के लिए उन्होंने आईपीएल के पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुंदर रमन को अपने साथ जोड़ा हैं। रमन ने इस टूर्नामेंट में अल्पमत हिस्सेदारी हासिल की है। दस्तावेज के अनुसार रमन के पास 12.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। 57.5 फीसदी की हिस्सेदारी बोर्ड के पास होगी जबकि ब्रॉडकास्टर सुपरस्पोर्ट शेष 30 प्रतिशत का हिस्सेदार होगा। सीएसए का अनुमान है कि 10 वर्षों में लीग पर उन्हें 427 करोड़ रुपये का खर्च आएगा और इसी अवधि में वह 228 करोड़ रुपए कमाएंगे। हालांकि इसमें अगर सुपरस्पोर्ट की ओर से 679 करोड़ रुपए का भुगतान करने की प्रतिबद्धता को जोड़ा जाए तो इससे बोर्ड और टीमों को लाभ कमाने का अवसर मिलेगा। पिछली दोनों प्रतियोगिताओं में सीएसए को नुकसान झेलना पड़ा था। आईपीएल की सफलता को मद्देनजर रखते हुए सीएसए ने टी20 प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया है।

## स्काइस्पोर्ट और सूपरस्पोर्ट ने आईपीएल मीडिया अधिकारों में दिखाई दिलचस्पी

एजेंसी




नयी दिल्ली। ब्रिटेन के स्काइ स्पोर्ट्स और दक्षिण अफ्रीका के सूपरस्पोर्ट ने आईपीएल के मीडिया अधिकारों को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है, जिसके बाद अगले पांच साल में बोर्ड ऑफ क्रिकेट कंट्रोल इन इंडिया (बीसीसीआई) को आईपीएल मीडिया अधिकारों से 50,000 करोड़ रुपये की कमाई होने की उम्मीद है। बीसीसीआई सूत्रों ने स्काइ स्पोर्ट्स और सूपरस्पोर्ट द्वारा आईपीएल के बोली के दस्तावेज (आईटीटी) खरीदे जाने की पुष्टी की है। इसके अलावा अब तक वायकॉम 18, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया, अमेजन सेलर सर्विसेज, जी इंटरटेनमेंट, सोनी, ड्रीम्स इलेवन और स्टार (मौजूदा अधिकारधारी) ने भी 25 लाख के गैर-वापसी योग्य आईटीटी लिये हैं। बोली के दस्तावेज खरीदने की आखिरी तारीख 10 मई है और ई-नीलामी आईपीएल के बाद 12 जून को होगी। सूत्रों के अनुसार, नेटफ्लिक्स, फ़ेसबुक, ऐप्पल और एयरटेल ने भी आईपीएल मीडिया अधिकार खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टी नहीं हुई। बीसीसीआई अधिकारियों को विश्वास है कि इन मीडिया अधिकारों की बिक्री से रिकॉर्ड तोड़ कमाई होगी, हालांकि सोनी के एक अधिकारी ने इनकी उच्च कीमत पर चिंता जताई है। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने इस बार मीडिया अधिकारों को चार वर्गों में विभाजित किया है- भारतीय उपमहाद्वीप के लिये टीवी अधिकार, डिजिटल अधिकार, 18 मैचों (शुरूआती, सप्ताह के अंत में डबल हेडर, चार प्लेआफ) के अधिकार और शेष विश्व के लिये अधिकार। स्काइ स्पोर्ट्स और सूपरस्पोर्ट 'शेष विश्व के अधिकारों' के लिए बोली लगा सकते हैं।

## पंजाब के खिलाफ जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा राजस्थान

एजेंसी



मुंबई। राजस्थॉन रॉयल्स बल्लेबाजी की अपनी कमियों को दूर करके पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा। रॉयल्स की टीम एक समय शीर्ष स्थान के लिये गुजरात टाइटन्स को कड़ी टक्कर दे रही थी लेकिन हाल में उसका प्रदर्शन गड़बड़ा गया। वह कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियन्स से हार झेलने के बाद अब पंजाब का सामना करेगा। दूसरी तरफ पंजाब अंकतालिका में शीर्ष पर चल रहे गुजरात पर आठ विकेट की जीत से उत्साह से भरा है। मयंक अग्रवाल की अगुवाई वाली टीम प्लेऑफ की अपनी उम्मीदें बनाये रखने के लिये अपना विजय अभियान जारी रखना चाहेगी। राजस्थान अभी अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है और इसका मुख्य श्रेय जोस बटलर को जाता है जिन्होंने अब तक वर्तमान टूर्नामेंट में सर्वाधिक 588 रन बनाये हैं। मुंबई के खिलाफ अकेले उन्होंने ही जिम्मा संभाला था जबकि कोलकाता के खिलाफ वह नाकाम रहे। राजस्थान यह दोनों मैच हार गया था। शीर्ष क्रम के दो अन्य बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल और कप्तान संजू सैमसन टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाये हैं। इन दोनों को अधिक जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। टीम नंबर चार पर भिन्न खिलाड़ियों को आजमाती रही है और यदि शिमरोन हेटमायर को इस स्थान पर उतारा जाता है तो उसके चोटी के चार बल्लेबाज किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं। राजस्थान को पहले बल्लेबाजी करने की स्थिति में बड़ा स्कोर बनाने की जरूरत है क्योंकि उसे चार में से तीन हार तब मिली जब उसने पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर नहीं बनाया। राजस्थान का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है लेकिन पिछले दो मैचों में उसके गेंदबाज 158 और 152 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाये थे। यह निश्चित तौर पर कम स्कोर था क्योंकि अभी टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, कुलदीप सेन और प्रसिद्ध कृष्णा ने प्रभावशाली गेंदबाजी की है। पंजाब के बल्लेबाजों के लिये रॉयल्स की गेंदबाजी का सामना करना आसान नहीं होगा। पंजाब की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव है। शिखर धवन अभी टीम के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। लियाम लिविंगस्टोन और भानुका राजपक्षे ने भी बीच बीच में अच्छी बल्लेबाजी की है लेकिन उन्हें मिलकर अच्छा खेल दिखाना होगा। जॉनी बेयरस्टॉ अभी अपनी ख्याति के अनुरूप विस्फोटक बल्लेबाजी नहीं कर पाये हैं जबकि अग्रवाल का बल्ला भी नहीं चल पा रहा है जो टीम के लिये चिंता का विषय है। पिछले मैच में पंजाब के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करके गुजरात को 150 रन से कम स्कोर पर रोक दिया था। कैगिसो रबाडा ने पिछले दो मैचों में चार-चार विकेट लेकर फॉर्म में वापसी की।

## एलआईसी आईपीओः खुदरा हिस्से को पूरा अभिदान मिला

एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के खुदरा हिस्से को बोली के तीसरे दिन शुक्रवार को पहले ही घंटे में शत-प्रतिशत अभिदान मिल गया। शेयर बाजारों पर शुक्रवार सुबह 11 बजकर 36 मिनट तक के आंकड़ों के मुताबिक खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित 6.9 करोड़ शेयर की श्रेणी में 7.2 करोड़ से अधिक बोलियां मिलीं। इस तरह इस श्रेणी को पूरा अभिदान मिला है। वहीं, पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) और गैर-संस्थागत खरीदारों वाले हिस्से के लिए अबतक कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिली है। क्यूआईबी वाले हिस्से को 40 प्रतिशत और गैर-संस्थागत खरीदारों के हिस्से को 50 प्रतिशत अभिदान मिला। वहीं पॉलिसीधारकों वाले हिस्से को तीन गुना से अधिक अभिदान मिला, जबकि कर्मचारियों के लिए आरक्षित हिस्से को करीब ढाई गुना अभिदान प्राप्त हुआ। कुल मिलाकर आईपीओ के 16,20,78,067 निर्गम के लिये 17,98,42,980 बोलियां प्राप्त हुईं। कंपनी का आईपीओ बुधवार को खुदरा और संस्थागत निवेशकों के लिए खुला और यह नौ मई को बंद होगा। सरकार को एलआईसी के आईपीओ से 21,000 करोड़ रुपये जुटने की उम्मीद है। वह एलआईसी में अपनी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही है। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 902 से 949 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। यह आईपीओ बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में है और इसके जरिये सरकार 22.13 करोड़ शेयर बेचना चाहती है। कंपनी के शेयर 17 मई को सूचीबद्ध हो सकते हैं।

## केनरा बैंक का चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक बढ़कर 1,666 करोड़ रुपए पर

एजेंसी




नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने मार्च, 2022 में समाप्त हुई तिमाही में दोगुना से अधिक का शुद्ध लाभ कमाया। बैंक ने शुक्रवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,666.22 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। बैंक ने इससे पहले के वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,010.87 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। केनरा बैंक ने शेयर बाजारों को भेजी एक सूचना में कहा कि 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 22,323.11 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो 2020-21 की समान अवधि में 21,040.63 करोड़ रुपए थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) या फंसे कर्ज मार्च, 2022 के अंत में घटकर सकल अग्रिम का 7.51 प्रतिशत रह गए, जबकि मार्च 2021 के अंत में यह 8.93 प्रतिशत रहा था। मूल्य के लिहाज से सकल एनपीए 60,287.84 करोड़ रुपए से घटकर 55,651.58 करोड़ रुपए रह गया। समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध एनपीए भी घटकर 2.65 प्रतिशत या 18,668.02 करोड़ रुपए रह गया जो 3.82 प्रतिशत यानी 24,442.07 करोड़ रुपए था। बैंक का बीते पूरे वित्त वर्ष के लिए एकल शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक 5,678.42 करोड़ रुपए रहा जबकि इससे पहले के वित्त वर्ष में यह 2,557.58 करोड़ रुपए था। बैंक की कुल आय 84,204.78 करोड़ रुपए से बढ़कर 85,907.15 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। बैंक के निदेशक मंडल ने बीते वित्त वर्ष के लिए प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 6.50 रुपए का लाभांश देने की सिफारिश की है।

## फिर चमका सोना, चांदी के दाम में भी तेजी

एजेंसी



नई दिल्ली। बीते कारोबारी दिन गुरुवार को कीमती धातुओं में आई तेजी शुक्रवार को भी जारी रही। अगर आप सोने-चांदी के आभूषण खरीदने का मन बना रहे हैं तो आपके लिए इनकी ताजा कीमत जान लेना फायदेमंद रहेगा।। मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज पर सोने की कीमत 0.17 फीसदी बढ़ गई, वहीं दूसरी ओर चांदी के दाम में भी 0.26 फीसदी की तेजी आई है। इस बढ़ोतरी के बाद सोने का भाव बढ़कर 50,986 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी की कीमत 62,498 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है। आप अपने शहर सोने की कीमत मोबाइल पर भी चेक कर सकते हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक आप सिर्फ 8955664433 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर प्राइस चेक कर सकते हैं। आप जिस नंबर से मैसेज करते हैं उसी नंबर पर आपके मैसेज आ जाएगा। इस तरह आप घर बैठे सोने के लेटेस्ट रेट जान लेंगे।

## पेट्रोल-डीजल के दामों में 30वें दिन भी कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 डालर प्रति बैरल पार करने के बावजूद देश में तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को 30वें दिन भी पेट्रोन-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.32 प्रतिशत चढ़कर 111.26 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 108.65 डालर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने 40 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

## महंगाई की बड़ी मार, साबुन-शैम्पू समेत कई उत्पाद हुए महंगे

### एक साल में तीसरी बार बढ़ी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। महंगाई से त्रस्त आम आदमी की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। रोजाना इस्तेमाल होने वाला सामान बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर ने एक बार फिर कीमत बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने साबुन से लेकर शैंपू की कीमत में 15 फीसदी तक बढ़ोतरी कर दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक क्लीनिक प्लस शैंपू की कीमत में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी की गई है। इसके 100 मिली पैक के लिए ग्राहकों को अब 15 फीसदी ज्यादा कीमत चुकानी होगी। इसी तरह पीयर्स साबुन के 125 ग्राम की कीमत में 2.4 फीसदी बढ़ाई गई है जबकि मल्टीपैक की कीमत में 3.7 फीसदी बढ़ोतरी की गई है। लक्स साबुन के कुल मल्टीपैक वैरिएंट्स की कीमत में नौ फीसदी बढ़ोतरी की गई है। कंपनी ने साथ ही सनसिल्क शैंपू की कीमत आठ से 10 रुपए तक बढ़ा दी है।

हिंदुस्तान यूनिलीवर ने ग्लो एंड लवली की कीमत में छह से आठ फीसदी बढ़ोतरी की है। इसी तरह पॉन्ड्स टैलकम पाउडर के लिए ग्राहकों को अब पांच से सात फीसदी ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। कंपनी ने इस साल तीसरी बार अपने प्रॉडक्ट्स की कीमत बढ़ाई है। इससे पहले कंपनी ने हिंदुस्तान यूनिलीवर फरवरी और अप्रैल में भी अपने सामान की कीमतों में इजाफा किया था। कंपनी का कहना है कि कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी के कारण उसे ऐसा करना पड़ा है। कंपनी ने फरवरी में कई किस्तों में अपने प्रोडक्ट्स की कीमत बढ़ाई थी। तब कीमतों में तीन से 13 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। तब लक्स, लाइफबॉय, डव शैंपू, किसान जैम, हॉरलिक्स, पेप्सोडेंट, सर्फ एक्सल और विम बार की कीमतों में इजाफा किया गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने अप्रैल में भी अपने सामान की कीमत बढ़ाई थी। तब स्किन क्लीनजिंग से लेकर डिटरजेंट्स तक की कीमत में तीन से 20 फीसदी बढ़ोतरी की गई थी। तब सबसे ज्यादा बढ़ोतरी डव और पीयर्स साबुन में की गई थी। इनकी कीमत 20 फीसदी बढ़ाई गई थी। लाइफबॉय के चार साबुन वाले पैक की कीमत 124 रुपए से बढ़ाकर 136 रुपए की गई थी। व्हील डिजरजेंट की कीमत में मामूली बढ़ोतरी हुई थी जबकि विम लिक्विड के 500 मिली पाउच की कीमत 99 रुपए से बढ़ाकर 104 रुपए कर दी गई थी।

# बंगाल भाजयुमो कार्यकर्ता की हत्या की सीबीआई जांच की मांग

वार्ता

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गृह मंत्री अमित शाह की पश्चिम बंगाल यात्रा के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के एक कार्यकर्ता की हत्या की केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच कराये जाने की मांग की और कहा कि विपक्षी दल के शासन वाले राज्यों में इंसान की जान की कीमत उसका दल और धर्म देख कर तय की जाती है।

भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजयुमो के एक युवा एवं कर्मठ कार्यकर्ता 27 वर्षीय अर्जुन चौरसिया की हत्या कर दी गयी। यह संयोग नहीं, प्रयोग है। वह गृह मंत्री श्री शाह के स्वागत में एक मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व करने वाला था। इस युवक को पिछले साल राज्य विधानसभा चुनावों के बाद से तृणमूल कांग्रेस से धमकियां दी जा रहीं थीं। श्री भाटिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जो अराजकता एवं डर का माहौल है, उसके लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं क्योंकि वह ही राज्य की गृह मंत्री हैं। ऐसा लगता है कि दो मई और बंगाल में कानून व्यवस्था गई। चुनाव के बाद एक सिलसिला चालू हो गया कि भाजपा के नेताओं को घेरो और कार्यकर्ताओं की हत्या करो। महिलाओं का बलात्कार करो। उनके परिवार सरकार से न्याय की गुहार लगाते रहें लेकिन सरकार आरोपियों को संरक्षण दे। उन्होंने कहा कि इस भय, अराजकता का माहौल और इस रक्तरंजित राजनीति का अंत भाजपा ही करेगी। सुश्री ममता बनर्जी गुरूर में हैं। जनता सत्ता देना जानती है तो हटाना भी जानती है। भाजपा जनता के साथ मिलकर आप को सत्ता से हटाएगी। उन्होंने कहा कि अर्जुन चौरसिया की हत्या का संदेश यह है कि अगर कोई तृणमूल कांग्रेस का विरोध करेगा तो उसकी सजा मौत है। सबसे दुखद बात यह है कि पुलिस तृणमूल कांग्रेस का प्रकोष्ठ बन कर काम कर रही है। सबूतों को नष्ट कर रही है। आखिर ऐसा कब तक चलेगा।

# बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने को राज्य करें कार्रवाई : आरके सिंह

वार्ता



नयी दिल्ली। केंद्रीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा है कि मौजूदा बिजली और कोयला संकट की स्थिति में बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये राज्यों को कार्रवाई करनी चाहिए।

श्री सिंह ने बिजली घरों के लिये कोयले के आयात की स्थिति पर राज्यों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रेल-सह-सड़क मार्ग (आरसीआर) का इस्तेमाल किया जाये जिससे राज्यों में स्थित बिजलीसंयंत्रों में कोयले की कमी को पूरा किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी राज्य के आरसीआर कोयला नहीं उठाने की स्थिति में उसे अन्य राज्यों को आबंटित कर दिया जायेगा और ऐसे में उस राज्य में बिजली कटौती होगी तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

उन्होंने कहा कि बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिये घरेलू कोयला आपूर्ति की अड़चनों को ध्यान में रखते हुये ताप बिजली संयंत्रों के लिये कोयले के आयात की भी सलाह दी गयी है ताकि आयातित कोयले को घरेलू कोयले के साथ उपयोग किया जा सके। ऐसा करने से इसी महीने में ही बिजली संयंत्रों को अतिरिक्त कोयला मिल जायेगा। उन्होंने कहा कि कोयला कंपनियों द्वारा प्राप्त कोयले के अनुपातानुसार सभी बिजली कंपनियों को घरेलू कोयले की आपूर्ति की जायेगी।

उन्होंने बताया कि तमिलनाडु और महाराष्ट्र ने कोयले के आयात के लिये आर्डर दे दिया है, जबकि पंजाब और गुजरात अपनी संविदाओं को अंतिम रूप देने के चरण में हैं। राजस्थान और मध्यप्रदेश संविदायें जारी करने की प्रक्रिया में हैं, वहीं हरियाणा, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड ने न तो कोई संविदा जारी की है और न कोयले के आयात के लिये कोई अहम पहल की है। इन राज्यों को सलाह दी गई कि वे अपने बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक कार्रवाई करें। समीक्षा बैठक में बिजली सचिव आलोक कुमार, राज्य सरकारों और बिजली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# राशिफल




मेष : आज बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ़ खींचेंगे।

वृष : आज आप अपने मनमौजी बर्ताव पर क़ाबू रखें, क्योंकि यह आपकी दोस्ती को बर्बाद कर सकता है। अपनी पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाकर आप करिअर में नए दरवाज़े खोल सकते हैं।

मिथुन : आज सैर-सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताज़ा कर देगा।

कर्क : आज अगर आप अपने आकर्षण और होशियारी का इस्तेमाल करें, तो लोगों से मनचाहा व्यवहार लाभ पा सकते हैं।

सिंह : आज व्यवसायियों के लिए अच्छा दिन है, क्योंकि उन्हें अचानक बड़ा फ़ायदा हो सकता है।

कन्या : आज प्यार का बुख़ार आपके सर पर चढ़ने के लिए तैयार है। इसका अनुभव कीजिए। आप जीतोड़ मेहनत और धीरज के बल पर अपने उद्देश्य हासिल कर सकते हैं।

तुला : आज पिता का तल्ख़ बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है। लेकिन हालात को नियंत्रण में रखने के लिए शांत रहें। इससे आपको ही फ़ायदा होगा।

वृश्चिक : आज आप दफ़्तर में माहौल में बेहतरी और कामकाज के स्तर में सुधार को महसूस कर सकते हैं।

धनु : आज के दिन किसी के साथ मजाक करने से बचें। रचनात्मक कामों से जुड़े लोगों के लिए बेहतरीन दिन है।

मकर : आज आपका सामना कई नई आर्थिक योजनाओं से होगा- कोई भी फ़ैसला करने से पहले अच्छाईयों और कमियों पर सावधानी से ग़ौर फ़रमाएँ।

कुम्भ : आज आप शरारती मनोदशा में होंगे। अचानक आए ख़र्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं। आपके नज़दीकी लोग निजी जीवन में परेशानियाँ खड़ी कर सकते हैं।

मीन : आज बच्चों के साथ वाद-विवाद झुंझलाहट पैदा करेगा। एक प्यारी-सी मुस्कुराहट से अपने प्रेमी का दिन रोशन करें।

# ज्ञान, प्रतिभा के बेहतर उपयोग से कृषि को लाभकारी बनाया जा रहा है: तोमर

वार्ता

नयी दिल्ली/ झांसी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि देश की आधी से अधिक आबादी की आजीविका कृषि पर निर्भर है, ऐसे में कृषि क्षेत्र में ज्ञान और प्रतिभा का बेहतर उपयोग कर और गंभीरता से चर्चा कर कृषि को लाभकारी बनाया जा सकता है।

श्री तोमर ने शुक्रवार को यहां कहा कि इसके लिए केन्द्र सरकार डिजिटल एग्रीकल्चर, माइक्रो इरिगेशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सीड सेलेक्शन, एग्रो मार्केट, प्रोडक्शन सेंटर के साथ ही अन्य तकनीकों के प्रयोग के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने यहां स्थित भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान के ऑडीटोरियम में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कृषि सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए कहा कि ‌‌कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी-चुनौती एवं सम्भावनायें‌ विषय पर आयोजित इस सम्मेलन से निश्चित ही कुछ ऐसे सुझाव निकल कर आएंगे जिससे केंद्र सरकार कृषि सतत विकास के लिए नीतिगत निर्णय ले सकेगी। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि यह इस प्रकार का पहला ऐसा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है जिसे झांसी के सभी संस्थानों के साथ ही कई देश के महत्वपूर्ण संस्थान संयुक्त रूप से आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से 20 हज़ार करोड रुपए किसानों को वितरित किए गए है, जिससे देश के लगभग 86 प्रतिशत छोटे किसान सक्षम हो देश के विकास में सहयोग प्रदान कर सकेंगे। परंपरागत कृषि को व्यावसायिक कृषि में बदलने के लिए नई शिक्षा नीति में भी प्रावधान किए गए हैं जिससे छात्र पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त करें। कृषि संस्थान छात्रों की मदद से गांव को गोद लेकर कार्य करें, जिससे कृषि को उन्नत क्षेत्र बनाकर जीडीपी में वृद्धि की जा सके। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में कृषि को लेकर अपार संभावनाएं हैं। वैज्ञानिकों के नवाचार एवं छात्रों की गतिविधियों से इस क्षेत्र को लाभ मिला है लेकिन लक्ष्य अभी दूर है, सतत सामूहिक प्रयास से कृषि आयाम यहां की आर्थिक स्थिति बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर अरविंद कुमार ने कहा कि सरकार के नीतिगत प्रयास के फलस्वरूप खाद्यान्न उत्पादन में भारत आत्मनिर्भर बना है एवं कई फसलों का निर्यात कर रहा है।

## देश में कोरोना के 3,545 नये मामले

नयी दिल्ली। देश में कोरोना महामारी ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है और पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 3,545 नये मामले दर्ज हुए हैं, जिससे कुल मामलों की संख्या चार करोड़ 30 लाख 94 हजार 938 तक पहुंच गई है। देश में पिछले 24 घंटे में 27 लोगों की मौत हुई है, जिन्हें शामिल करते हुए अब तक कोरोना से जंग में हार चुके मरीजों की संख्या पांच लाख 24 हजार 02 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि देश में एक अरब 89 करोड़ 81 लाख 52 हजार 695 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। इस समय देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की दर 0.05 प्रतिशत, रिकवरी रेट 98.74 फीसदी तथा मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। देश में गुरुवार को 3,549 लोग कोरोना से ठीक हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख 51 हजार 248 मरीज कोविड से उबर चुके हैं। राजधानी में सक्रिय मामले 107 और घटकर 5,746 रह गए। वहीं 1,472 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 18,57,846 पर पहुंच गया।

# केजरीवाल के औजार के रूप में काम कर रही है पंजाब पुलिस : भाजपा

वार्ता

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पार्टी के नेता तेजिंदरपाल सिंह बग्गा को पंजाब पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये जाने को लेकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए आज कहा कि पंजाब पुलिस आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के औज़ार के रूप में काम कर रही है और भाजपा इससे डरने वाली नहीं है।

भाजपा के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आर पी सिंह एवं पार्टी नेता मनजिंदरजीत सिंह सिरसा ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप लगाया। उन्होंने पंजाब पुलिस द्वारा श्री बग्गा का अपहरण किये जाने का आरोप लगाया और कहा कि पंजाब पुलिस नियमों को ताक पर रख कर गैरकानूनी तरीके से सुबह श्री बग्गा को बलपूर्वक पकड़ कर ले गयी और उन्हें पगड़ी तक नहीं पहने दी। उन्होंने कहा कि श्री बग्गा ने पंजाब चुनाव के पहले श्री केजरीवाल से राजनीतिक सवाल पूछे थे। उसी वजह से ये कार्रवाई हुई है। उन्होंने सवाल किया कि क्या किसी मुख्यमंत्री से सवाल पूछना गुनाह होता है। यदि ऐसे तानाशाह के अधिकार में दिल्ली पुलिस होती तो ना जाने क्या हाल होता। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल कहते थे कि वह राजनीति बदलने के लिए राजनीति में आये हैं लेकिन राजनीति ने उन्हें बदल दिया है। श्री गुप्ता ने कहा कि श्री केजरीवाल पंजाब पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं और पंजाब पुलिस श्री केजरीवाल के हथियार के रूप में काम कर रही है। उन्होंने पंजाब पुलिस द्वारा श्री बग्गा के पिता के साथ किये गये दुर्व्यवहार की निंदा की और कहा कि भाजपा इससे डरने वाली नहीं है। भाजपा ने आपातकाल को झेला है। उन्होंने कहा कि हम श्री केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से सवाल पूछते रहेंगे और उनकी गुंडागर्दी का सड़क जवाब देते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री केजरीवाल को कथित तौर पर धमकी देने के आरोप में पंजाब पुलिस के दस से अधिक कर्मियों की एक टीम ने शुक्रवार सुबह भाजपा नेता श्री बग्गा को पश्चिमी दिल्ली स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया और वे पंजाब के लिए निकल गये। घटना की खबर फैलते ही मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया। बताया गया है कि पंजाब पुलिस की यह कार्रवाई नियम विरुद्ध है क्योंकि उन्होंने दिल्ली पुलिस को सूचित करने एवं आवश्यक प्रक्रिया के बिना की है। इस कारण से दिल्ली पुलिस ने श्री बग्गा को गिरफ्तार कर ले जाने वाले पंजाब पुलिस की टीम पर दिल्ली के जनकपुरी थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में होगा योग

नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में शनिवार को सांसद, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति ऐतिहासिक कांस्टिट्यूशन क्लब में योग करेंगे। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि शनिवार को सुबह आठ बजे श्री यादव क्लब के मैदान में योगाभ्यास का नेतृत्व करेंगे। इस योगाभ्यास में कई सांसदों और वरिष्ठ अधिकारियों के भाग लेने की संभावना है। आयुष मंत्रालय ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से 75 दिन पहले प्रतिदिन विशेष योगाभ्यास आयोजन करने की योजना बनायी है। इस योजना के अनुसार प्रतिदिन किसी भी ऐतिहासिक एवं प्रतिष्ठित स्थान पर योगभ्यास किया जाना तय किया गया है। इसके योजना के अंतर्गत विदेशों में कई स्थानों पर योगाभ्यास सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों का उद्देश्य योग के प्रति जागरुकता पैदा करना और उसके फायदों के बारे में बताना है।

## कांग्रेस ने धामी के खिलाफ निर्मला को चुनाव में उतारा

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने उत्तराखंड की चम्पावत विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए पार्टी नेता निर्मला गहतोड़ी को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस के चुनाव प्रभारी महासचिव मुकुल वासनिक ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी की चुनाव समिति ने श्रीमती निर्मला गहतोड़ी की उम्मीदवारी को मंजूरी दी है। श्रीमती गहतोड़ी का चंपावत विधानसभा सीट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुकाबला होगा। श्रीमती गहतोड़ी चंपावत कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष हैं। यह सीट भारतीय जनता पार्टी के कैलाश गहतोड़ी ने मुख्यमंत्री के लिए छोड़ी है और इस सीट पर चुनाव के लिए श्री धामी नौ मई को नामांकन दाखिल करेंगे। श्री धामी विधानसभा चुनाव खटीमा से हार गये थे। गौरतलब है कि इस सीट के लिए उप चुनाव 31 मई को होने हैं। मतगणना तीन जून को होगी।

## उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जोत सिंह आप में शामिल

नयी दिल्ली/देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हाल में हुये विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे जोत सिंह बिष्ट ने शुक्रवार कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया। साथ ही, नयी दिल्ली में उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) की सदस्यता ग्रहण कर ली। श्री बिष्ट का त्यागपत्र कांग्रेस को बड़ा झटका समझा जा रहा है। आज सुबह नई दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और धनौल्टी से कांग्रेस के उम्मीदवार रहे जोत सिंह बिष्ट और उनके पुत्र हिम्मत सिंह भी आप में शामिल हो गये। दोनों को आप के शीर्ष नेता और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके बाद, आप के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बाली ने बयान जारी करते हुए कहा कि श्री जोत सिंह बिष्ट द्वारा आप पार्टी का दामन थामने से जहां एक ओर आप पार्टी मजबूत होगी, वहीं उनके सालों के तर्जुबे से पार्टी को नई ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है, जिसपर सवार होना डूबने के समान है। उन्होंने कहा कि श्री बिष्ट एक सुलझे नेता हैं, जिनका प्रदेश के प्रति एक गहरा विजन है और उन्होंने आप पार्टी का दामन थामकर प्रदेश के लिए अपनी सोच उजागर की है।

# पेज एक का शेष

## अयोध्या की मलिन बस्ती...

बसंती की छोटी बेटी शीलम ने कहा कि योगी बाबा के लिए हम जो सादा भोजन करते हैं वहीं बनाया भी था। उनके लिए लौकी व तोरई सहित आलू मटर की सब्जी बनाई थी। दाल, चावल व रोटी भी बनाई। पता चला कि महाराज जी को रायता व खीर भी पसंद है तो उनके लिए रायता व देशी गाय के दूध की खीर भी बनाई। मनीराम ने बताया मुख्यमंत्री के लिए नई थाली की व्यवस्था की गई थी। कुछ बर्तन घर पर थे, कुछ किराए पर भी लाए हैं। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यो को क्वालिटी के साथ समय से पूरा करें तथा डीपीआर बनाते समय इसकी आवश्यकता एवं फिजूल खर्च से भी बचे। अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने के बाद तथा आज भी हजारों दर्शक प्रतिदिन आ रहे है इसके लिए आगामी विकास में तीन प्रमुख पथ निर्धारित किये गये है। पहला पथ राम पथ-सहादतगंज से नयाघाट, दूसरा पथ श्रीराम जन्मभूमि पथ-सुग्रीव किला मार्ग से राम जन्मभूमि मंदिर, तीसरा पथ-भक्ति पथ-श्रृंगार हाट से रामजन्मभूमि मंदिर, इन तीनों के लिए जो डीपीआर बनाया गया है वह पूर्ण रूप से अव्यवहारिक है इसके अधिकारियों द्वारा कोई विशेष रूचि नही ली गयी है इसलिए मुख्यमंत्री ने चेतावनी देते हुये कहा कि इसके लिए विकास प्राधिकरण एवं लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभाग के अधिकारी शीघ्र बैठकर इन मार्गो को चैड़ीकरण के साथ-साथ उनके मार्गो पर प्रापर डेझनेज सिस्टम यूटीलिटी/उपयोगी सेवाएं एवं फुटपाथ आदि की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में पेयजल की व्यवस्था को घर-घर जाकर नल कनेक्शन की व्यवस्था को बेहतर बनाने, अयोध्या में विद्युत आपूर्ति की समस्या को बेहतर करने, विद्युत से सम्बंधित ओबर बिल को ठीक करने तथा समय से बिल को प्रेषित करने तथा इसकी नियमित समीक्षा करने हेतु निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पुष्टाहार वितरण की स्थिति की समीक्षा करने हेतु मंत्री समूह के अध्यक्ष ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा से विशेष अनुरोध किया गया। अयोध्या के निर्माण कार्यो में इसके सांस्कृतिक धरोहरों इको सिस्टम पर्यावरण एवं पौधारोपण आदि को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रमों को बनाने हेतु निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा बैठक में जनप्रतिनिधियों से, जिसमें सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्द्र यादव, डा0 अमित सिंह चैहान, अवधेश प्रसाद, अभय सिंह एवं विधान परिषद हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह, मेयर ऋषिकेश उपाध्याय आदि से अयोध्या के विकास पर सुझाव मांगे गये, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने गो-आश्रय, प्रधानमंत्री आवास, जलापूर्ति, चिकित्सा, विद्युत आपूर्ति सम्बंधी आदि बिन्दुओं पर सुझाव दिये। ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एवं अयोध्या मण्डल के प्रभारी मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अयोध्या को एक मॉडल सिटी के रूप में विकास करने हेतु पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। जिले में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ऐसी सुनिश्चित करें कि कोई भी अधिकारी कोई कमीशनखोरी करता है उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही किया जाय तथा इस पर सजग नजर रखे। मुख्यमंत्री ने अयोध्या विजन 2047 के अन्तर्गत 8 कुंडों का कायाकल्प तथा संरक्षण, संचालन और रखरखाव, अयोध्या में चयनित ऐतिहासिक स्थानों पर सरफ़ेस सुधार, भित्ति चित्र और कलाकृति के माध्यम से पुनरूद्धार एवं संरक्षण का कार्य, रामायण सर्किट थीम के अन्तर्गत अयोध्या में विकास कार्य, अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय और आर्ट गैलरी, अयोध्या जिले में 4 समग्र विद्यालयों का निर्माण तथा 49 विद्यालयों का पुर्नभरण सहित अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। इसी क्रम में अयोध्या मण्डल के विकास कार्यो व कानून व्यवस्था की समीक्षा के अन्तर्गत मिशन शक्ति का क्रियान्वयन, महिला सम्बंधी अपराधों/पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत मामलों, अपराधीत्र/माफियाओं के विरूद्व कार्यवाही, धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर हटाने एवं आवाज कम करने के सम्बंध में कार्यवाही, इंटीग्रेटेड कोविड कमाण्ड एवं कन्ट्रोल सेंटर, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अस्थायी/स्थायी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों, डीबीटी के माध्यम से यूनीफार्म जूते, मोजे आदि के वितरण, आपरेशन कायाकल्प आदि की समीक्षा किया गया और इसका प्रस्तुतीकरण मण्डलायुक्त श्री नवदीप रिणवा द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर शासन के राजस्व, पीडब्लूडी, नगर विकास, स्वास्थ्य, आवास आदि विभागों के अधिकारी के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश शासन के लोकप्रिय मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री अगले चरण में मोहबरा चैराहा पर उपरिगामी सेतु आर0ओ0बी0 के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया गया। यह आर0ओ0बी0 लगभग 9 किमी0 की बन रही है तथा यह मोहबरा चैराहे से बाईपास तक जायेगी तथा इसकी कुल लागत रू0 12220.79 लाख है जिस पर राज्य सरकार के सेतु निगम द्वारा रू0 10300.79 खर्च किया जायेगा तथा रेलवे द्वारा रू0 1920 लाख खर्च किया जायेगा तथा यह ओवरब्रिज दिसम्बर 2023 तक पूरा हो जायेगा। इस ओवरब्रिज के बनने से अयोध्या के यातायात में बेहतर सुधार होगा तथा यातायात की सुगम सुविधा होगी। मुख्यमंत्री द्वारा अगले चरण में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण किये जा रहे बहुउद्देशीय मल्टी पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया। यह मल्टीलेबल पार्किंग इस साल के अंत तक पूरा होने की संभावना है तथा इसमें लगभग 221 दुकानें भी बनायी जा रही है जो आम लोगों के लिए नियमानुसार आवंटित की जायेगी।

## धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर...

संवेदनशील जिले सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, कानपुर, लखनऊ और कई जिलों में स्थानीय जांच एजेंसी की रिपोर्ट थी कि लाउडस्पीकर को हटाये जाने को लेकर अप्रिय घटना हो सकती है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की सूझबूझ और धार्मिक गुरुओं की सहमति के बाद इस कार्य को अंजाम दिया गया, जिसकी वजह यह रही कि कहीं पर भी हिंसा की घटना देखने को नहीं मिली। महाराष्ट्र में धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर को उतारे जाने को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने इस मामले में कार्रवाई के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की थी। उत्तर प्रदेश में मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना फिरंगी महली ने सरकार के इस कार्य की सराहना की थी। मौलाना ने जिम्मेदारों से अपील की है कि जरूरत से ज्यादा लाउडस्पीकर का इस्तेमाल न किया जाए। यह मानव, जीव-जन्तु सभी के लिए फायदेमंद हैं, क्योंकि ध्वनि प्रदूषण नहीं होगी। साथ ही उन्होंने इस पर पूरी तरीके से अमल करने की गुजारिश की थी।

## वाराणसी में ज्ञानवापी...

में पहुंचे ज्ञानवापी क्रासिंग पर विरोध में मुस्लिम पक्ष के युवाओं ने हंगामा के साथ बीच सड़क पर अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाने शुरू कर दिये। जबाब में हर–हर महादेव का नारा लगता देख वहां तनाव की स्थिति हो गई। आसपास की दुकानें भी बंद हो गईं। यह देख पुलिस अफसरों ने फोर्स के साथ नारेबाजी कर रहे युवकों को गलियों में भगा दिया। इस दौरान मुस्लिम पक्ष के प्रबुद्ध लोग पहुंचे और तत्काल विरोध कर रहे युवकों को वहां समझा कर हटाया। इस मामले में विरोधी पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के सचिव ने पहले ही कार्यवाही का विरोध करने का ऐलान किया था। ज्ञानवापी मस्जिद में कमीशन कार्यवाही के पहले जुमे की नमाज अदा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुट गई। यह देख आसपास के लोग माहौल बिगड़ने की आशंका जताने लगे। लोगों का कहना था कि ईद के नमाज में भी इतनी भीड़ नही जुटी थी। ज्ञानवापी मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए चौक चित्रा सिनेमा के पास से नमाजी कड़ी धूप में कतारबद्ध रहे। इस बीच एक मुस्लिम महिला ने काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर 4 के समीप नमाज पढ़ना शुरू किया तो हड़कम्प मच गया। पुलिस कर्मियों ने महिला को वहां से किसी तरह हटाया। बाद में पता चला कि महिला मानसिक रूप से बीमार थी। नमाज अदाकर ज्ञानवापी मस्जिद से लोग शान्तिपूर्वक लौटने लगे तो प्रशासन के साथ लोगों ने भी राहत की सांस ली। बताते चले, ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सिविल जज सीनियर डिवीजन अदालत से नियुक्त कोर्ट कमिश्नर वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार मिश्र मौके पर पक्ष व विपक्ष से 36 सदस्य के साथ सर्वे की कार्यवाही में शामिल हुए। दिल्ली की राखी सिंह सहित पांच अन्य की तरफ से सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की अदालत में वाद दाखिल कर श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन-पूजन व 1991 से पूर्व की स्थिति बहाल करते हुए आदि विश्वेश्वर परिवार के सभी विग्रहों को यथास्थिति में रखने की मांग की गई है। अदालत में सुनवाई के क्रम में आठ अप्रैल 2022 को अदालत ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया। कोर्ट कमिश्नर ने 19 अप्रैल को सर्वे करने की तिथि से अदालत को अवगत कराया। इससे एक दिन पहले 18 अप्रैल को जिला प्रशासन ने शासकीय अधिवक्ता के जरिए याचिका दाखिल कर वीडियोग्राफी व फोटोग्राफ पर रोक लगाने की मांग की। 19 अप्रैल को दूसरा पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने भी हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रोकने की गुहार लगायी। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा। 20 अप्रैल को निचली अदालत ने भी सुनवाई पूरी की। 26 अप्रैल को निचली अदालत ने ईद के बाद सर्वे की कार्यवाही छह व सात मई को शुरू करने का आदेश दिया था। कमीशन की कार्रवाई के दौरान निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की टीम और वादी पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन, पंकज गुप्ता व शिवम गौड़ भी मौजूद रहे। सर्वे और वीडियोग्राफी साक्ष्य आदि के संबंध में सुरक्षित स्थान अधिवक्ता आयुक्त को पुलिस ने उपलब्ध कराया। खुद पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली थी। काशी विश्वनाथ धाम परिक्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। खुफिया तंत्र ने भी पूरा जाल बिछा दिया था। खास बात यह है कि वाद में प्रदेश सरकार के अलावा जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त, अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी और काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पक्षकार बनाया गया है। न्यायालय के निर्देश पर सर्वे के पूरे काम को गोपनीयता के साथ कराया जा रहा है। सर्वेक्षण स्थल पर आम जनता और मीडिया को प्रवेश की अनुमति नहीं है। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को इस पूरे सर्वे का खर्च उठाने का आदेश दिया है।

## यूपी के 23 पीसीएस...

आधार पर विचार किया जाएगा। ये चार नाम भीष्म लाल, हरिश्चंद्र, प्रभुनाथ और श्रीप्रकाश गुप्ता हैं। इन चारों अफसरों की किसी न किसी मामले में जांच चल रही है। इसके आधार पर 19 अफसरों की पदोन्नति होना तय माना जा रहा है। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग रिक्तियों के आधार पर पदोन्नति का प्रस्ताव तैयार करते हुए संघ लोक सेवा आयोग से विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक कराने का समय मांगेगा। वहां से तिथि तय होने के बाद पदोन्नति संबंधी प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग के समक्ष रखा जाएगा। इसके आधार पर पदोन्नति पाने वाले अफसरों के नामों पर मुहर लगेगी।

## 80 नए विद्युत...

उपकेंद्र हो जाएंगे। इसका लाभ लगभग 30 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा। एटी एंड सी(एग्रीगेट टेक्निकल एंड कामर्शियल) हानियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक 16.38 फीसदी करने का लक्ष्य है। सरकार अगले पांच सालों में 266.88 लाख प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगावाएगी। ये मीटर की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक 1,17,073 किमी एलटीएबी केबिल बिछाने का लक्ष्य है। बिजली वितरण के लिए 33/11 केवी के 593 उपकेंद्र बनाए जाएंगे। प्रदेश सरकार निर्बाध आपूर्ति के लिए कटिबद्ध है।गौरतलब है कि सरकार ने बिजली की सुचारु आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर की समय पर मरम्मत, बदलने, लोड बैलेंस के लिए सुदृढ़ व्यवस्था की है। साथ ही शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

## दुनिया अब भारत...

उत्पादों पर बल दें। वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आगे बढ़ते हुए आप सभी एक्सपोर्ट के लिए नए डेस्टिनेशन भी तलाशें और अपने क्षेत्र के स्थानीय उद्यमियों को उनके प्रति जागरूक भी करें। स्थानीय उत्पादों की क्वालिटी और पर्यावरण पर उसके कम से कम प्रभाव के लिए हमें काम करना है। उन्होंने एक भारतीय जीवन के आये विदेशी उत्पादों की गणना करने की अपील करते हुये कहा कि उसके स्थान पर हिंदुस्तान उत्पाद के उपयोग पर विचार किये। उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि यदि आपके जीवन 1500 विदेशी वस्तुयें हैं तो हमसे इस महीने में 500 तो विदेशी चीजें बंद करने पर विचार करना होगा। अगले महीने और 200 करेंगे, फिर 100 करेंगे। 20, 25, 50 ऐसी चीजें होंगी, विदेशी चीजें बंद करेंगे। अगले महीने और 200 करेंगे, फिर 100 करेंगे। 20, 25, 50 ऐसी चीजें होंगी। इसलिए बार-बार वोकल फार लोकल से देश के लोगों को रोजगार मिलेगा, देश के लोगों को अवसर मिलेगा। उन्होंने जिटो के युवा सदस्यों से आगे आने और स्टार्टअप शुरू करने की अपील करते हुये कहा कि देश में हर जिले में मेडिकल कॉलेज जैसी व्यवस्थाओं के लिए बहुत बड़ा काम सरकार आज कर रही है। आयुष के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट को प्रमोट करने के लिए भी जिटो के योगदान की अपेक्षा है।

## अमेरिका में सिख स्वतंत्रता घोषणापत्र पर मचा बवाल

# भारतीय संगठनों ने कनेक्टिकट स्टेट एसेंबली पर निकाली भड़ास

एजेंसी

वाशिंगटन। पिछले महीने 26 अप्रैल को अमरीका में कनेक्टिकट स्टेट असेंबली द्वारा खालिस्तान का समर्थन करने वाले ऑर्गेनाइजेशन 'वर्ल्ड सिख पार्लियामेंट' को उसके 'सिख स्वतंत्रता घोषणापत्र' की 36 वीं वर्षगांठ पर बधाई देने के मामले में अब विवाद खड़ा हो गया है। इसी क्रम में प्रभावशाली भारतीय-अमरीकी समूहों ने कनेक्टिकट स्टेट असेंबली को उसके उस आधिकारिक पत्र को रद्द करने का अनुरोध किया है, जिसमें तथाकथित सिख स्वतंत्रता घोषणा पत्र की वर्षगांठ पर एक अलगाववादी सिख निकाय को बधाई दी थी। भारत-अमेरिका संबंधों को कमजोर करने



का प्रयास रिपोर्ट के मुताबिक कई भारतीय-अमेरिकी समूहों और समुदाय के नेताओं ने कनेक्टिकट आम सभा के सदस्यों और उसके नेतृत्व को इस कदम के खिलाफ पत्र लिखे हैं। उनका कहना है कि इस तरह का पत्र भारत की भूभागीय अखंडता पर सवाल उठाता है और बढ़ते भारत-अमेरिका संबंधों को कमजोर करता है। 'मिलान कल्चरल एसोसिएशन ऑफ कनेक्टिकट' ने कहा है कि यह पत्र हमारे कनेक्टिकट के हित में नहीं है। इसलिए आपसे इसे रद्द करने का आग्रह किया जाता है। पत्र असली मुद्दों से अनभिज्ञता का परिचायक है। कनेक्टिकट में भारतीय-अमेरिकी समुदाय से वार्ता और परामर्श किए बिना एक अवांछित क्षेत्र में दखल दिया गया है। एफआईए ने बताया गैर जिम्मेदाराना कदम ओहियो में फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) ने कहा कि कनेक्टिकट आम सभा का पत्र जारी करने का निर्णय गैर जिम्मेदाराना कदम है। न्यू इंग्लैंड में एफआईए ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राजनीतिक रूप से प्रेरित विध्वंसक हितों के लिए समुदाय के भीतर तनाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से संकीर्ण, नापाक और निंदनीय एजेंडे के तहत कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गलत सूचना के आधार पर पत्र जारी किया गया है। न्यू जर्सी और कनेक्टिकट के एफआईए ने कनेक्टिकट की आम सभा के निर्वाचित सदस्यों से इस दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण कदम को जल्द से जल्द निपटने का आग्रह किया है। न्यूयॉर्क में द एसोसिएशन ऑफ इंडियन्स इन अमेरिका ने कहा कि यह अपमानजनक पत्र भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का अपमान करता है। हम आम सभा के सदस्यों से इसे वापस लेने का आग्रह करते हैं। वहीं अमरीकन इंडियन पब्लिक अफ़ेयर्स कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सेवहानी ने कहा कि यह पत्र बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।

# पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में गठित परिसीमन आयोग की रिपोर्ट खारिज की

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी को तलब किया और उन्हें जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत द्वारा गठित परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को स्पष्ट रूप से अस्वीकार किए जाने की जानकारी दी। भारत सरकार ने परिसीमन आयोग को जम्मू-कश्मरीर के विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने का काम सौंपा है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग ने बृहस्पतिवार को केंद्र-शासित प्रदेश की विधानसभा सीटों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने से जुड़ी अपनी अंतिम रिपोर्ट पर दस्तखत किए। जम्मू-कश्मीर में परिसीमन आयोग का गठन मार्च 2020 में किया गया था। आयोग ने बृहस्पतिवार को अधिसूचित अपनी अंतिम रिपोर्ट में जम्मू क्षेत्र को छह, जबकि कश्मीर

**■ परिसीमन आयोग का मकसद जम्मू-कश्मीर की मुस्लिम बहुसंख्यक आबादी को बेदखल करना और कमजोर बनाना है : पाक**

घाटी को एक अतिरिक्त विधानसभा सीट दी है। इसके बाद 90 सदस्यीय विधानसभा में जम्मू संभाग की 43 और कश्मीर की 47 सीटें होंगी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भारतीय दूतावास के अधिकारी को तलब किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि भारतीय राजनयिक से कहा गया कि परिसीमन आयोग का मकसद जम्मू-कश्मीर की मुस्लिम बहुसंख्यक आबादी को ''बेदखल करना और कमजोर बनाना'' है। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर पर बने तथाकथित परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को खारिज करता है। बयान के अनुसार, भारतीय पक्ष से कहा गया कि यह पूरी कवायद हास्यास्पद थी और जम्मू-कश्मीर में सभी राजनीतिक दलों ने इसे पहले ही खारिज कर दिया था, क्योंकि इस कदम के जरिये भारत केवल पांच अगस्त 2019 के अपने अवैध कृत्य को ''वैध'' बनाना चाहता था। गौरतलब है कि भारत ने अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर दिया था, जिसका पाकिस्तान ने कड़ा विरोध किया था। उसने इस्लामाबाद में तैनात भारतीय उच्चायुक्त को भी निष्कासित कर दिया था, जिसके बाद से ही दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध तनावपूर्ण हैं। वहीं, भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्पष्ट रूप से कहा है कि देश की संसद द्वारा 2019 में अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करना उसका आंतरिक मामला है।

# अमेरिका में अब सभी को नहीं लग सकेगा 'जॉनसन एंड जॉनसन' का कोविड टीका

वाशिंगटन। अमेरिका के दवा नियामक ने खून के थक्के जमने के गंभीर जोखिम के मद्देनजर जॉनसन एंड जॉनसन (जेएंडजे) के कोविड-19 रोधी टीके के इस्तेमाल को लेकर कुछ प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने कहा है कि अब इस टीके की खुराक केवल उन वयस्कों को दी जा सकेगी, जो कोई अन्य वैक्सीन नहीं ले सकते या फिर खासतौर पर 'जेएंडजे' का टीका लगवाने का अनुरोध करते हैं। अमेरिकी अधिकारी कई महीनों से सिफारिश कर रहे हैं कि अमेरिका के लोग 'जेएंडजे' टीके के बजाय 'फाइजर' या 'मॉडर्ना' की वैक्सीन ही लगवाएं। एफडीए के टीके से जुड़े मामलों के प्रमुख डॉ. पीटर मार्क्स ने बताया कि एजेंसी खून के थक्के जमने के जोखिम से संबंधित आंकड़ों पर एक बार फिर गौर करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि 'जेएंडजे' की वैक्सीन का इस्तेमाल सीमित किया जाना चाहिए। मार्क्स के मुताबिक, कोविड-19 से निपटने के लिए कई अन्य विकल्प मौजूद हैं, जो उतने ही प्रभावशाली हैं और लोगों को इनकी तरफ रुख करना चाहिए। उन्होंने कहा कि टीका लगवाने के शुरुआती दो हफ्तों में खून के थक्के जमने की शिकायत उत्पन्न हो सकती है, ऐसे में अगर आपने छह महीने पहले टीका लगवाया था तो आपके लिए चिंता की कोई बात नहीं है। एफडीए ने फरवरी 2021 में 18 साल और उससे अधिक उम्र के वयस्कों में 'जेएंडजे' के कोविड-19 रोधी टीके के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। शुरुआत में इस टीके को वैश्विक महामारी से निपटने के एक महत्वपूर्ण हथियार के रूप में देखा जा रहा था, क्योंकि किसी को भी इसकी केवल एक ही खुराक लेने की जरूरत पड़ती है। हालांकि, बाद में एकल खुराक का विकल्प 'फाइजर' और 'मॉडर्ना' के टीकों के मुकाबले कम प्रभावशाली साबित हुआ। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने दिसंबर 2021 में 'जेएंडजे' के टीके से जुड़े सुरक्षा मुद्दों के कारण 'मॉडर्ना' और 'फाइजर' के टीकों को तरजीह देने की सिफारिश की थी।

## आईटी मंत्रालय के आदेश के बाद नॉर्ड वीपीएन का बड़ा फैसला

# भारत से हटा सकता है अपने सर्वर

एजेंसी

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े वीपीएन प्रदाताओं में से एक, नॉर्ड वीपीएन जल्द ही भारत से अपने सर्वर को हटा सकता है। दरअसल पिछले हफ्ते भारत सरकार के आदेश के बाद नॉर्ड वीपीएन ने भारत से हटने का फैसला किया है। नॉर्ड वीपीएन के पैरेंट नॉर्ड सिक्योरिटी के एक प्रवक्ता, पेट्रीसिजा सेर्नियसकाइट ने कहा कि





उपयोगकर्ता डेटा को बनाए रखने के लिए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क हमारी प्राथमिकता है। हम अपने ग्राहकों की गोपनीयता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं, इसलिए यदि कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है, तो हम अपने सर्वर को भारत से हटा सकते हैं। पिछले हफ्ते इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आदेश दिया था कि वीपीएन कंपनियां, क्रिप्टोकुरेंसी एक्सचेंजों के साथ उपयोगकर्ताओं के रिकॉर्ड को पांच साल तक सुरक्षित रखें। वीपीएन का उपयोग एक अलग नेटवर्क के माध्यम से उपयोगकर्ताओं के इंटरनेट कनेक्शन को फिर से करने के लिए किया जाता है, इसका उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, जैसे कार्यालय नेटवर्क से जुड़ना जो सामान्य इंटरनेट से अन्यथा पहुंच योग्य नहीं है, या अन्य देशों में सर्वर का उपयोग करके अवरुद्ध वेबसाइटों तक पहुंचने के लिए। नॉर्ड जैसे वीपीएन प्रदाता आमतौर पर बिक्री बिंदु के रूप में अपने यूजर्स को लेकर गोपनीयता रखता है और किसी अन्य से उनकी जानकारी शेयर नहीं करता, लेकिन ऋ्ह मंत्रालय के आदेश के मुताबिक अब कंपनी को जानकारी शेयर करनी होगी जो कंपनी के सर्वरों के लिए इस नीति का उल्लंघन होगा। नॉर्ड ने कहा कि हालांकि भारत में उसके जो यूजर्स हैं वो अन्य देशों में नॉर्ड सर्वर से जुड़ सकते हैं।

# एलजीबीटी समुदाय की अश्वेत महिला व्हाइट हाउस की अगली प्रेस सचिव नामित

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कैरीन जीन-पियरे को व्हाइट हाउस की अगली प्रेस सचिव के रूप में नामित किया है। वह इस पद पर काबिज होने वाली पहली अश्वेत महिला और एलजीबीटीक्यू समुदाय की पहली सदस्य बन जाएंगी। जीन-पियरे व्हाइट हाउस की मौजूदा प्रेस सचिव जेन साकी की जगह लेंगी, जो अगले हफ्ते सेवानिवृत्त हो रही हैं। वह ऐसे समय में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगी, जब प्रशासन मुद्रास्फीति और अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर अमेरिकियों की चिंताएं दूर करने में लगातार मशक्कत कर रहा है। वहीं, राष्ट्रपति बाइडन यूक्रेन में रूसी आक्रमण और उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु परीक्षण कार्यक्रम सहित विदेश नीति से जुड़ी अन्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। बाइडन इस माह दक्षिण कोरिया और जापान जाएंगे। वह जून में यूरोप की यात्रा करेंगे। बाइडन डेमोक्रेटिक रणनीतिकार अनीता डन को भी अपना वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त करने जा रहे हैं। उनके राष्ट्रपति बनने के बाद डन ने पिछले साल कई महीनों तक व्हाइट हाउस में अपनी सेवाएं दी थीं।

बाइडन ने बृहस्पतिवार को एक बयान जारी कर जीन-पियरे की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कैरीन जीन-पियरे के पास इस कठिन काम को करने का न केवल आवश्यक अनुभव, बल्कि काबिलियत भी है। वह बाइडन-हैरिस प्रशासन के कार्यों के बारे में जानकारी देना जारी रखेंगी। कमला हैरिस अमेरिका की उप राष्ट्रपति हैं। बाइडन के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद से जीन-पियरे प्रमुख उप-प्रेस सचिव के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। जेन साकी 13 मई को व्हाइट हाउस को अलविदा कहेंगी। उन्होंने अपनी उत्तराधिकारी की तारीफ की। साथ ही इतिहास में जीन-पियरे की नियुक्ति के महत्व को रेखांकित किया।

# विद्युत ने फिर बढ़ाया देश का मान, दुनिया के शीर्ष 10 मार्शल कलाकारों में हुए शामिल

एजेंसी

मुंबई। फिटनेस क्रांति का नेतृत्व करने एवं कलारीपयट्टू को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रसिद्ध भारत के एक्शन सुपरस्टार विद्युत जामवाल ने एक बार फिर देश का मान बढ़ाया है और लगातार दूसरे वर्षों में दुनियाभर के शीर्ष 10 मार्शल कलाकारों की सूची में नाम दर्ज कराया है।

इस सूची में अभिनेता जैकी चैन, ब्रूस ली, जेट ली, डोनी येन, टोनी जा, जीन-क्लाउड वैन डेम, चक नॉरिस, वेस्ले स्निप्स और जॉनी ट्री गुयेन के साथ जामवाल का भी नाम दर्ज है। सूची में सबसे कम उम्र के मार्शल कलाकार के रूप में भारत को गौरवान्वित करने जामवाल के प्रशंसक उनके इस उपब्धि का जश्न मना रहे हैं। 'खुदा हाफिज' के अभिनेता कलारीपयट्टू को उसके पूर्व



गौरव को दिलाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और डिज्नी इंडिया के अल्टीमेट वॉरियर शो में एक संरक्षक के रूप में दर्शकों का दिल जीतने में कामयाबी हासिल की है। जामवाल देश में एकमात्र ऐसे बॉलीवुड स्टार है, जिसने प्राचीन अनुशासन को पेश करने की पहल की है और इसे बहुत ही तत्परता से कर रहे हैं। उन्होंने दुनिया के शीर्ष एक्शन सितारों में से एक के रूप में पहचान हासिल की है, जो न केवल अपने स्टंट करते हैं, बल्कि उन्हें कोरियोग्राफ भी करते हैं। उन्होंने द रिचेस्ट द्वारा '10 पीपल यू डोंट वांट मेस विद' में प्रदर्शित होने वाले एकमात्र भारतीय अभिनेता होने का गौरव अर्जित किया। बात वर्क फ्रंट की करें, तो विद्युत के पास खुदा हाफिज चैप्टर ऋ्रअग्नि परीक्षा रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके साथ ही उनके बास आईबी 71 और शेर सिंह राणा जैसी रोमांचक फिल्में हैं।

## जयेशभाई जोरदार का टायटल ट्रैक रिलीज

रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'जयेशभाई जोरदार' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।अभिनेता अपनी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। इसी बीच फिल्म जयेशभाई जोरदार का टाइटल ट्रैक 'भाई तो एक दम जोरदार छे' शुक्रवार को मेकर्स ने रिलीज कर दिया



है। जयेशभाई जोरदार के टाइटल ट्रैक को विशाल ददलानी और कीर्ति सगथिया द्वारा गाया गया। वहीं जयदीप साहनी ने इसके बोल लिखे हैं। जबकि विशाल और शेखर की जोड़ी ने गाने को म्यूजिक दिया। फिल्म के इस टायटल ट्रैक का लिंक रणवीर सिंह ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। रणवीर के किरदार के बारे में बताने के साथ ही साथ फिल्म की एक छोटी सी झलक भी दिखाई गई हैं। जो बता रही है कि जयेशभाई एक सीधा-सादा सा गुजराती लड़का है और अपने पिता का एक आज्ञाकारी बेटा भी है। इसके साथ ही अच्छा पति बनने की भी पूरी कोशिश करता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। फिल्म की कहानी कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक मुद्दे पर है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म के लेखक-निर्देशक दिव्यांग ठक्कर हैं। फिल्म को आदित्य चोपड़ा और मनीष शर्मा प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 13 मई, 2022 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## ज्यादातर रूसी बलों ने मारियुपोल छोड़ा : पेंटागन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि यूक्रेन के बंदरगाह शहर मारियुपोल के इर्द-गिर्द मौजूद ज्यादातर रूसी बल क्षेत्र छोड़कर उत्तर की तरफ बढ़ गए हैं। पेंटागन ने दावा किया कि मारियुपोल और उसके आसपास अब दो सामरिक टुकड़ियों के बराबर या लगभग 2,000 रूसी सैनिक ही रह गए हैं। पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बृहस्पतिवार को बताया कि मारियुपोल पर रूस के हवाई हमले अब भी जारी हैं, लेकिन रूसी बलों को क्षेत्र पर नियंत्रण हासिल करने में कोई खास सफलता नहीं मिली है और मुख्य लड़ाई पूर्वी डोनबास इलाके में केंद्रित है। किर्बी ने कहा कि नौ मई का दिन करीब आने के बावजूद उन्हें रूस की कार्रवाई और गति में कोई अंतर नजर नहीं आया है। रूस नौ मई यानी द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर तत्कालीन सोविय संघ की जीत की तारीख को विजय दिवस के रूप में मनाता है। बताया जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नौ मई को लाल चौक पर पारंपरिक सैन्य परेड में अपने संबोधन से पहले यूक्रेन में कोई बड़ी कामयाबी दर्ज करना चाहते हैं। किर्बी ने बताया कि अमेरिका का अब भी यही आकलन है कि रूसी सेना निर्धारित लक्ष्य से पीछे है और डोनबास में अपनी उम्मीद के हिसाब से प्रगति नहीं कर पा रही है।

## रूस के कब्जे वाले इलाकों में दवाओं की भारी कमी : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार रात राष्ट्र के नाम दिए अपने वीडियो संबोधन में देश के उन हिस्सों में दवाओं और चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी का जिक्र किया, जो रूस के नियंत्रण में हैं। जेलेंस्की ने कहा कि उन इलाकों में कैंसर से जूझ रहे मरीजों के लिए इलाज की सुविधा लगभग पूरी तरह से नदारद है, जबकि मधुमेह के मरीजों के लिए 'इंसुलिन' या तो उपलब्ध नहीं है या फिर उसे हासिल करना बेहद मुश्किल है। उन्होंने 'एंटीबायोटिक्स' की आपूर्ति में भी भारी कमी का दावा किया। जेलेंस्की ने बताया कि युद्ध के दौरान रूसी सेना यूक्रेन पर अब तक 2,014 मिसाइलें दाग चुकी है।

# देशभक्ति गीत लिखने में माहिर थे प्रेम धवन

एजेंसी

## पुण्यतिथि पर विशेष

मुंबई। बॉलीवुड में प्रेम धवन को एक ऐसे गीतकार के तौर पर याद किया जाता है जिनके देशभक्ति से परिपूर्ण गीतों की सुमधुर ध्वनि कान में पड़ते ही आज भी आम भारतीय राष्ट्र प्रेम की भावना से सराबोर हुये बगैर नहीं रहता ।

प्रेम धवन का जन्म 13 जून 1923 को पंजाब के अंबाला में हुआ था। उन्होंने अपनी स्नातक की पढ़ाई लाहौर के मशहूर एफ.सी.कॉलेज से पूरी की। प्रेम धवन ने संगीत की शिक्षा पंडित रवि शंकर से हासिल की । उन्होंने उदय शंकर से नृत्य की भी शिक्षा ली ।प्रेम धवन ने अपने सिने करियर की शुरूआत संगीतकार खुर्शीद अनवर के सहायक के तौर पर वर्ष 1946 में प्रदर्शित फिल्म पगडंडी से की।बतौर गीतकार उन्हें वर्ष 1948 में बांबे टॉकीज निर्मित फिल्म ..जिद्दी..में गीत लिखने का मौका मिला लेकिन फिल्म की असफलता से वह कुछ ख़ास पहचान नहीं बना पाये । पार्श्वगायक किशोर कुमार ने भी फिल्म ..जिद्दी ..से ही अपने सिने कैरियर की शुरूआत की थी । अपने वजूद को तलाशते प्रेम धवन को बतौर गीतकार पहचान बनाने के लिये लगभग सात वर्ष तक फिल्म इंडस्ट्री मे संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान उन्होंने जीत, आरजू, बड़ी बहू, अदा, मोती महल, आसमान, ठोकर और डाक बाबू जैसी कई बी और सी ग्रेड की फिल्मे भी की लेकिन इन फिल्मों से उन्हें कुछ खास फायदा नहीं हुआ। वर्ष 1955 में प्रदर्शित फिल्म वचन की कामयाबी के बाद प्रेम धवन बतौर गीतकार कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने मे सफल हो गये। फिल्म वचन का यह गीत चंदा मामा दूर के श्रोताओं में आज भी लोकप्रिय है। इसके बाद वर्ष 1956 में प्रेम धवन को फिल्म जागते रहो के लिये जागो मोहन प्यारे गीत लिखा जो हिट हुआ। वर्ष 1961 में संगीत निर्देशक सलिल चौधरी के संगीत निर्देशन मे फिल्म..काबुली वाला की सफलता के बाद प्रेम धवन शोहरत की बुंलदियो पर जा पहुंचे । फिल्म काबुली वाला में पार्श्वगायक मन्ना डे की आवाज में प्रेम धवन का यह गीत ए मेरे प्यारे वतन ऐ मेरे बिछड़े चमन आज भी श्रोताओं की आंखो को नम कर देता है। इन सबके साथ वर्ष 1961 में प्रेम धवन की एक और सुपरहिट फिल्म ..हम हिंदुस्तानी .. प्रदर्शित हुयी जिसका गीत ..छोड़ो कल की बाते कल की बात



पुरानी ..सुपरहिट हुआ। वर्ष 1965 प्रेम धवन के सिने कैरियर का अहम वर्ष साबित हुआ । अभिनेता मनोज कुमार के कहने पर प्रेम धवन ने फिल्म शहीद के लिये संगीत निर्देशन किया ।यूं तो फिल्म शहीद के सभी गीत सुपरहिट हुये लेकिन ..ऐ वतन ऐ वतन ..और मेरा रंग दे बंसती चोला.. आज भी श्रोताओं में बहुत लोकप्रिय है । फिल्म शहीद के बाद प्रेम धवन ने कई फिल्मों के लिये संगीत दिया ।बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रेम धवन ने नृत्य निर्देशक के तौर पर भी काम किया । वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म ..नया दौर .. के गीत उड़े जब जब जुल्फ़े तेरी ..का नृत्य निर्देशन प्रेम धवन ने किया।इसके अलावा दो बीघा जमीन.सहारा और धूल का फूल में भी प्रेम धवन ने नृत्य निर्देशन किया। प्रेम धवन अपने सिने करियर के दौरान इप्टाः इंडियन पीपुल्स थियेटरः के सक्रिय सदस्य बने रहे ।त्रिवेणी पिक्चर्स के बैनर तले प्रेम धवन ने कई फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया ।इन फिल्मों के जरिये प्रेम धवन ने परिवार नियोजन.राष्ट्रीयता और सामाजिक मुद्दे को दर्शकों के सामने पेश किया।देश भक्ति की भावना से परिपूर्ण प्रेम धवन ने सैनिकों के मनोरंजन के लिये लद्दाख और नाथुला में सुनील दत्त तथा नरगिस दत्त के साथ दौरा करके अपने गीत-संगीत से सैनिकों का मनोरंजन किया। वर्ष 1970 में फिल्म जगत में उनके योगदान को देखते हुये भारत सरकार ने उन्हें पदमश्री से सम्मानित किया ।प्रेम धवन ने अपने सिने करियर में लगभग 300 फिल्मों के लिये गीत लिखे ।अपने गीतों से लगभग चार दर्शक तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले गीतकार प्रेम धवन 07 मई 2001 को इस दुनिया को अलविदा कह गये।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान सह सम्पादक* - धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063